R.N.I. No. MPHIN/2021/82530

# दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

खबरे बेबाक, बेखौफ बेझिझक

समूह सम्पादक : रविन्द्र सिंह पवैया

ग्वालियर, भोपाल, मध्यप्रदेश से प्रकाशित एवं छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, से एक साथ प्रसारित

वर्ष 03 : अंक -251 | ग्वालियर, रविवार 21 अप्रैल 2024 | पेज- 8 मूल्य - 2 रूपए

## भारत सिंह कुशवाहा ने किया जगह-जगह सघन जनसंपर्क

# आपके क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहूंगा- श्री भारत सिंह कुशवाहा








दैनिक केसरीया हिंदुस्तान

ग्वालियर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में गरीब कल्याण योजनाओं के साथ गरीबों महिला और किसानों के लिए कई योजनाएं संचालित हो रही है इनका लाभ हर गरीब को मिल रहा है चाहे वह कोई समाज का हो। उक्त बात शनिवार को पार्टी प्रत्याशी श्री भारत सिंह कुशवाहा ने ग्वालियर दक्षिण विधानसभा में नया बाजार तिराहा, कंपू से प्रारंभ कर माधव चौराहा माधवगंज थाना होते हुए मामा का बाजार, बड़की चौकी तक जनसंपर्क करते हुए कही।

श्री कुशवाहा ने कहा कि मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि आपका आशीर्वाद मुझे मिला तो मैं आपके क्षेत्र के विकास के लिए हमेशा आपके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहूंगा। मेरा आप सभी से आग्रह है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में एक बार फिर से केंद्र में भाजपा की सरकार बने, इसके लिए 7 मई को होने वाले मतदान में अपने-अपने बूथों पर भाजपा के पक्ष में मतदान करें।

जनसंपर्क में भारत सिंह जी के साथ में जिलाध्यक्ष श्री अभय चौधरी, सभापति मनोज तोमर, विधानसभा संयोजक श्री विवेक जोशी, विधानसभा प्रभारी श्री सुसेंद्र परिहार, पूर्व सभापति श्री राकेश माहौर, पूर्व महापौर श्रीमती समीक्षा गुप्ता, जिला महामंत्री विनोद शर्मा, विनय जैन, राजू पलैया, सुधीर गुप्ता, जिला मंत्री धर्मेंद्र सिंह कुशवाहा, नवीन परांडे, जिला मीडिया प्रभारी नवीन चौधरी, महेंद्र सोलंकी शुगर सिंह पवैया आशुतोष महेश्वरी, मुन्नेश जादौन, मुन्ना सिंह कुशवाहा, कौशल बाजपेई, उमेश मित्तल, आकाश भदौरिया, अमित



बंसल, महेंद्र श्रीवास्तव, गौरव बाजपेई, शिवराज तोमर, विनय शर्मा, पार्षद अनिल सांखला, जितेंद्र मुद्गल, भगवान सिंह कुशवाहा, यामिनी परांडे, पूर्व पार्षद श्री सतीश वोहरे, पूर्व पार्षद श्रीमती खुशबू गुप्ता, पूर्व सभापति लालजी यादव, आनंद शर्मा, महेश खत्री, बॉबी गर्ग, ज्ञानेंद्र भार्गव, लखनपाल विद्या थोरात, प्रीति थोरात, रजनी पाल, सुशीला कुशवाह, सुनील भदौरिया, प्रिंस मझवार, श्री राहुल राजपूत, श्री सुनील श्रीवास्तव, श्री प्रमोद बारिया, श्रीमती गिरिजा गर्ग, श्री किशोर राठौड़, श्री प्रदीप गर्ग, श्री दीपक जोशी, श्री हेमंत चोपड़ा, श्री योगेश मिश्रा, श्री नरेंद्र चौहान, श्री अंकित राजपूत, श्री देव शरण श्रीवास्तव, श्री भूषण नारले, अमित गुप्ता, श्री विशाल शर्मा, श्री नारायण प्रजापति, श्रीमती सीमा शर्मा, श्री राजेश वाधवानी, श्री नरसिंह राठौर, श्री प्रमोद खंडेलवाल, श्री निर्दोष शर्मा, श्री हेमंत चोपड़ा, श्री राजकुमार गुप्ता सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### आपका दिया हुआ एक-एक वोट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ताकत को मजबूती करेगा-श्री भारत सिंह कुशवाह

ग्वालियर 20/04/2024। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में विकसित संकल्प के साथ भारत को विश्व गुरु एवं गरीब कल्याणकारी योजनाओं को नीचे तक पहुंचाने के लिए लाभार्थी योजनाओं का लाभ जनता को मिल रहा है। अगर आपका आशीर्वाद मुझे मिलेगा तो केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की डबल इंजन की सरकार आपके क्षेत्र के विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ेगी। उक्त बात शनिवार को पार्टी प्रत्याशी श्री भारत सिंह कुशवाह ने नाका चंद्रवदनी स्थित वार्ड 59 में आयोजित कार्यकर्ता एवं मतदाताओं की बैठक में कही।

उन्होंने कहा कांग्रेस लालच देकर जनता को झूठा भ्रमित करने का प्रयास कर रही है, उनके पास विकास की कोई नीति नहीं है, ना संगठन है, ना कोई नेतृत्व है। उन्होंने कहा कि आपका दिया हुआ एक-एक वोट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ताकत को मजबूती करेगा। मेरा आप सभी से आग्रह है कि अधिक से अधिक संख्या में मतदान कर नरेंद्र मोदी की ताकत को मजबूती प्रदान करें। ग्वालियर पूर्व विधानसभा से कमल का फूल खिले उसके लिए आप सभी 7 मई को भाजपा के पक्ष में शत प्रतिशत मतदान करें।

जिलाध्यक्ष श्री अभय चौधरी ने कहा कि यह चुनाव भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए हो रहा है। प्रत्येक बूथ पर श्री प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी चुनाव लड़ रहे हैं ऐसा भाव हम सब मन में जागृत करें और सुबह-सुबह आप अपने परिवार सहित मतदान केंद्रों पर पहुंचकर कमल के फूल वाले बटन को दबाकर श्री भारत सिंह कुशवाह को भारी मतों से जिताकर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की ताकत को बढ़ाएं। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि श्री भारत सिंह कुशवाह सांसद बनकर हमेशा आपके बीच रहेंगे। मैं आपसे वादा करता हूं आप सभी लोग अपने-अपने मतदान केंद्र पर प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा को विजय श्री दिलाने में अपनी अहम भूमिका निभाई और उन्हें अपना आशीर्वाद प्रदान करें।

कार्यक्रम का संयोजन डॉ करुणा स्वतंत्र सक्सेना ने किया। कार्यक्रम का संचालन श्री विवेक भार्गव एवं आभार श्री अजय महेंद्रू ने किया।

इस अवसर पर जिला महामंत्री श्री विनय जैन, श्री विनोद शर्मा, श्री जयप्रकाश मिश्रा, श्री उपेंद्र बेस, श्री सुसेंद्र परिहार, श्री कनवर मंगलानी, श्रीमती विनती शर्मा, श्रीमती अपर्णा पाटील, श्री राजेश्वर राव, श्री अनिल शर्मा बिल्ला सहित अनेक कार्यकर्ता बंधु एवं बहनें उपस्थित रहीं।



## प्रदेश में ग्वालियर की रात सबसे गर्म, दिन का पारा 39 डिग्री के पार

**ग्वालियर।** गर्मी अब चरम पर पहुंचती दिख रही है। बीते शुक्रवार को दिन का तापमान 41 डिग्री सेल्सियस के पास चला गया था। हालांकि शनिवार को यह 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे ठहर गया। मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि फिलहाल दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास ही टिका रहेगा।

पिछले कुछ दिनों से मौसम शुष्क है। जिससे धूप काफी तेज निकल रही है। साथ ही राजस्थान की ओर से यानी उत्तर पश्चिम से शुष्क व गर्म हवाएं भी आ रही हैं। हवाओं में नमी भी काफी कम हो गई है। इसी कारण गर्मी का प्रकोप बढ़ रहा है। हालांकि मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान में उत्तरी पाकिस्तान और उससे सटे जम्मू-कश्मीर में पश्चिमी विक्षोभ और हरियाणा में चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय मौजूद है लेकिन इन मौसम प्रणालियों का प्रभाव ग्वालियर-चंबल संभाग में नहीं है इसलिए यहां तापमान में गिरावट और गर्मी में कमी आने की संभावना नहीं है। फिलहाल यहां दिन के साथ-साथ रात भी गर्म रहने की संभावना है।

स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के अनुसार पिछले दिन की तुलना में शनिवार को अधिकतम तापमान 1.3 डिग्री डिग्री सेल्सियस गिरावट के साथ 39.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो औसत से 0.4 डिग्री सेल्सियस अधिक है जबकि न्यूनतम तापमान 4.0 डिग्री सेल्सियस वृद्धि के साथ 28.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो औसत से 5.5 डिग्री सेल्सियस अधिक है। आज सुबह हवा में नमी 34 प्रतिशत दर्ज की गई जो औसत से 04 प्रतिशत कम है जबकि शाम को हवा में नमी 20 प्रतिशत दर्ज की गई। यह भी औसत से 04 प्रतिशत कम है।

## नंदनी मौर्य ने हाई स्कूल में यूपी की टॉप टेन लिस्ट में अपना नाम रोशन किया

रामपुर मथुरा सीतापुर यूपी परीक्षा बोर्ड में विकासखंड रामपुर मथुरा के के पंडित संतोषी लाल शुक्ल इंटर कॉलेज चांदपुर बाजार की नंदनी मौर्य ने हाई स्कूल में यूपी की टॉप टेन लिस्ट में अपना नाम रोशन किया है जिसको 96.83 परसेंट मार्क्स मिले हैं जो कॉलेज का नाम रोशन करके क्षेत्र को गौरवान्वित किया है।

वही छोटेलाल मिश्र बालिका इंटर कॉलेज रामपुर मथुरा की आयुषी वर्मा को इंटरमीडिएट में 94.8 परसेंट मार्क्स मिले हैं तथा इंटरमीडिएट का छात्र अरुणांशु वर्मा को 94.3 परसेंट। तथा हाई स्कूल में राजू को 94 परसेंट मार्क्स प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

रानी सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज रामपुर



मथुरा की हाई स्कूल की छात्रा शिवानी देवी को 88 परसेंट तथा निधि सिंह को 87 पॉइंट 5 परसेंट तथा इंटरमीडिएट के शिवम मौर्य को 86.2 तथा सावित्री देवी को 83.8 परसेंटनंबर मिलकर विद्यालय का नाम रोशन किया है। राम जानकी विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की हाई स्कूल के छात्र महक वर्मा को 90.6 परसेंट तथा शिवम प्रजापति को 90.6 परसेंट मार्क मिलकर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

वही बाबा बालक राम इंटर कॉलेज गोंडा देवरिया के हाई स्कूल की छात्रा रोशनी को 95.83 परसेंट तथा उत्कर्ष मौर्य को 95 पॉइंट 83 परसेंट तथा इंटर के छात्र प्रांचल तिवारी को 90.2त्न तथा सुमन देवी को 90त्न अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

## इलेक्शन सर्वे को फाइनेंस करती है भाजपा, भरोसा करने की जरूरत नहीं : ममता



कोलकाता, 20 अप्रैल (हि.स.)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शनिवार को कहा कि जनमत सर्वेक्षण भाजपा द्वारा प्रायोजित होते हैं। उन्होंने लोगों से इन सर्वेक्षणों पर विश्वास न करने को कहा। मुख्यमंत्री ने शनिवार को मालदा में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी चुनाव सर्वेक्षण पर विश्वास न करें। ये सभी भाजपा द्वारा प्रायोजित हैं। विधानसभा चुनाव में उन्होंने दावा किया था कि भाजपा 200 से अधिक सीटों पर जीत हासिल करेगी, पर ऐसा नहीं हुआ। इस बार भी भाजपा पश्चिम बंगाल में सफल नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस का इंडी ब्लॉक के साथ कोई गठबंधन नहीं है। उन्होंने कहा कि मैंने इंडी ब्लॉक के निर्माण में मुख्य भूमिका निभाई। लेकिन पश्चिम बंगाल में, मैंने भाजपा, कांग्रेस और माकपा को हाथ मिलाते देखा। आपको यहां उनमें से किसी को वोट नहीं देना चाहिए। उन्होंने सात चरण के लंबे चुनाव को एक विशेष राजनीतिक दल (भाजपा) को लाभ पहुंचाने की साजिश करार दिया।

## कमलनाथ का छिंदवाड़ा मॉडल खोखला, पहले चरण का परिणाम नया इतिहास बनाएगाः सीएम डॉ यादव

भोपाल। भाजपा प्रदेश कार्यालय में शनिवार को शिवपुरी के पूर्व कांग्रेस विधायक हरिवल्लभ शुक्ला समेत कई कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने भाजपा में शामिल होने वाले सदस्यों का स्वागत करते हुए कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने प्रदेश कार्यालय में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि संविधान लागू करने के समय, राजनीति में सबके लिए अवसर की बात लोकतंत्र में कही गयी है। लेकिन दुर्भाग्य कहे कि संविधान की बातों के आधार पर लोग बात कहते है कि हम संविधान बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं, लेकिन संविधान एक तरफ रख कर उन्होंने एक परिवार को लागू करने की पद्धति लगाई है। उन्होंने कहा कि यह वास्तव में



अगर मोदी जी और भाजपा नहीं हो तो आप कल्पना कर सकते है कि कौन से दौर में भारत पहुँच गया। कौनसी पार्टी छोड़ रहे है जिसके अंदर उनको अपने परिवार के भतीजे, भतीजी, बेटे अपने परिवार के अलावा कोई नहीं दिख रहा है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि इस चुनाव के दौरान जिनकी जैसी जुबान है, वो वैसी बात करेंगे। उनकी जुबान पर हमें नहीं जाना। भाजपा में शामिल हो रहे नए सदस्यों को लेकर उन्होंने कहा कि हमारे परिवार में हमने खुले मन से आपको जोड़ा है। जैसे दूध में शक्कर मिलती है, इस नाते से हमने आपका स्वागत किया है। हम एक जान होकर काम करेंगे। आपके मन में किसी प्रकार की बात आती है, तो आप सुझाव भी दे सकते हैं। समय-समय पर आप अपने जिले, विधानसभा, लोकसभा में अपनी भूमिका निभाएं।

**पहले चरण का रिजल्ट इतिहास बनाएगा** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के पहले चरण में मप्र की छह सीटों पर हुई वोटिंग पर कहा कि पहले चरण का जो रिजल्ट आ रहा है, उसमें एक नया इतिहास बन रहा है। रिजल्ट तो वैसे 4 तारीख को आएगा, लेकिन सच्चे अर्थों में जो बूथ पर कार्यकर्ता काम करते हैं। वोट डालते समय मतदाताओं के भाव बता देते हैं कि वो किधर हैं। चारों तरफ से अनुकूल रुझान आ रहे हैं। प्रचंड बहुमत से भाजपा की सरकार बनने जा रही है। फिर एक बार मोदी सरकार बनने जा रही है। छिंदवाड़ा सहित हम प्रदेश की सभी 29 सीटें जितने की तरफ बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पहली बार बड़े महाराज अपने घर से निकलते नहीं थे, वो अपने मतदाताओं के बीच हाथ जोड़कर वोट मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि जो लोग दुनिया को छिंदवाड़ा मॉडल बताते थे। उनका मॉडल कितना खोखला है, सब ने देखा। मैं उम्मीद करता हूं, आपके साथ में ये विजय का क्रम जारी रहेगा।

# भारी जनसमर्थन के साथ सरोज पांडेय ने भरा नामांकन फार्म, प्रदेश के सीएम डिप्टी सीएम सहित मंत्री व दिग्गज भाजपाई जुटे



**देबाशीष गांगुली (संभागीय प्रमुख सरगुजा । दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)**

कोरबा। आम चुनाव को लेकर छत्तीसगढ़ में राजनीति सरगर्मी लगातार तेज होती जा रही है। सियासी बयानबाजी के बीच चुनावी रण में किस्मत आजमा रहे प्रत्याशी अपना नामांकन फार्म भरने के साथ ही शक्ति प्रदर्शन कर अपने पक्ष में माहौल बना रहे है। सूबे की हाई प्रोफाइल सीटों में शामिल कोरबा लोकसभा में बीजेपी और कांग्रेस के बीच सीधी लड़ाई है। 16 अप्रैल को महाअष्टमी के शुभ मुहुर्त में कांग्रेस प्रत्याशी ज्योत्सना महंत ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल के साथ अपना नामांकन दाखिल किया था।

इसी दिन बीजेपी प्रत्याशी सरोज पांडे ने भी अपना पहला नामांकन फार्म शुभ मुहुर्त में जमा किया था। इसके बाद अब गुरूवार को बीजेपी ने शक्ति प्रदर्शन करते हुए नामांकन का दूसरा सेट जिला निर्वाचन अधिकारी के पास जमा किया। इस दौरान उनके साथ सीएम विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव, स्वास्थ मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, कृषि मंत्री रामविचार नेताम और कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल साथ थे।


नामांकन रैली के जरिये बीजेपी ने शक्ति प्रदर्शन किया, वहीं आमसभा के जरिये मुख्यमंत्री साय, डिप्टी सीएम अरुण साव और कैबिनेट मंत्रियों ने आम जनता को संबोधित किया।

Chhattisgarh मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की मौजूदगी में घंटाघर ओपन आडिटोरियम में विशाल जनसभा को संबोधित करने के बाद बीजेपी शक्ति प्रदर्शन करते हुए कोसाबाड़ी चौक तक पहुंची। यहां से कैबिनेट मंत्रियों के साथ सरोज पांडे ने अपना दूसरा नामांकन फार्म जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष जमा किया। सीएम विष्णुदेव साय ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा का यह चुनाव अत्यंत महत्वपूर्ण है। नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार सबका साथ सबका विकास संकल्प को लेकर काम कर रही है। पूरी दुनिया में 140 करोड़ भारतवासी का मान हो रहा है और आज भारत का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। भारत देश को विकसित भारत के रूप में खड़ा करने के लिए मोदी जी अथक मेहनत कर रहे हैं।

आने वाला 2029 तक विश्व की बड़ी शक्ति के रूप में भारत का नाम होगा। उन्होंने कहा कि साल कांग्रेस की सरकार ने छत्तीसगढ़ की जनता को धोखा देने का काम किया। कांग्रेस ने जन घोषणा पत्र में 36 घोषणाएं की थी लेकिन एक भी वादा पूरा नहीं किया। 5 सालों में छत्तीसगढ़ को अपराध का गढ़ बना दिया , भ्रष्टाचार का घर बना दिया गया। क्या-क्या चीजों में भ्रष्टाचार नहीं किया गया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री अरुण साव, स्वास्थ मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, वित्त मंत्री ओपी चौधरी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व वरिष्ठ विधायक धरमलाल कौशिक, विधायक अमर अग्रवाल, विधायक अनुज शर्मा, विधायक रेणुका सिंह, विधायक भैयालाल राजवाड़े, विधायक प्रणव मरपच्ची, भाजपा के प्रदेश मंत्री विकास महतो, कोरबा लोकसभा क्षेत्र के चारो जिलाध्यक्ष डॉ राजीव सिंह, कृष्ण बिहारी जायसवाल, अनिल केशरवानी, कन्हैया सिंह राठौर समेत पार्टी के अन्य पदाधिकारी व आला पदाधिकारी शामिल रहे।

# आरोपियों के चचेरे भाई ने उपरोक्त मामले में उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की मांग की है वहीं पुलिस ने 10 लोगों को गैर कानूनी कार्रवाई करने का लगाया आरोप

**ब्यूरो रमेश रैकवार चित्रकूट**



चित्रकूट/रैपुरा - बीते दिनो भौंरी गांव में हुई घटना के मामले में आरोपियों के सगे चचेरे भाई मुन्ना लाल राजपूत मौजूदा ग्राम प्रधान ने विपक्षियों पर आरोप लगाते हुए कहा की गांव के विपक्षियों से मेरी भाई की चुनावी रंजिश के चलते किसी न किसी तरीके से झूठे मुकदमे में फसाने का कुचल रचते रहते है तथा गांव के व जाति के बालकृष्ण पुत्र बकलू मेरे भतीचे अखिल पुत्र मुन्ना लाल राजपूत से अपनी लडकी रूबी राजपूत से शादी करने की बात चलाई थी और दोनो पक्ष ये रिश्ता करने के लिए इच्छुक थे परंतु अखिल के खराब स्वास्थ्य एवम प्राथमिक उपचार के चलते तथा कुछ पारिवारिक असमंजस एवम शादी में होने वाली रश्मो को लेकर कुछ मद भेद और बाल कृष्ण राजपूत की शादी में गड़बड़ी होने की आशंका पर अपनी बेटी के माध्यम से मेरे भतीजे अखिल राजपूत के विरुद्ध बलात्कार का झूठा आरोप लगाकर सिविल कोर्ट में 156 (3) दहेज प्रथा सं.कर दिया गया, जिसमे आख्या थाने से आहुति की और जांच अधिकारी क्षेत्राधिकारी द्वारा जॉच कारवाई गई, जिसमे कथिक बलात्कार का कोई अपराध नही पाया गया तथा पीड़िता द्वारा उल्लेख कराया गया था की आरोपी अखिल द्वारा अपने मोबाइल से फोन करके करके मुझे एक खेत पर बुलाकर उसके साथ बलात्कार किया गया परंतु क्षेत्राधिकारी महोदय द्वारा दोनो मोबाइल नंबरों की सी डी आर निकलवाकर यह प्रमाणित पाया गया की कथित घटना दिनांक में दोनो मोबाइल नंबरों पर कोई वार्ता नही हुई, यह की उपरोक्त कम मजि. द्वारा सम्बन्धित प्रकरण को परिवाद के रूप में चलाए जानें का आदेश किया और उक्त परिवाद पत्र पीड़िता की साक्ष्य हेतु नियत चल रहा था की दिनांक 9 अप्रैल को लगभग 4 बजे शाम पीड़िता ने अपने घर के अंदर ही उसके परिजनों द्वारा हत्या कर दी गई और पर्याप्त बिलंब से विरोधियों के षडयंत्र से मेरे चचेरे भाई मुन्ना लाल प्रधान व उसके 10 अन्य परिवारजनों जिनमे महिलाए व एक अवयस्क बालक को भी शामिल कर आत्महत्या की दुष्यप्रेरणा दहेज की मांग व बलात्कार संबंधित अपराध धाराओं का झूठा प्रकरण पंजीकृत करवा दिया गया तथा यह कि विरोधियों के षडयंत्र से स्थानीय पुलिस भी सत्य असत्य का अन्वेषण न करते हुए सर्वथा धारा पक्ष्यपात पूर्ण तरीके से कार्रवाई करते हुए शव के पोस्टमार्टम की वीडियो ग्राफी नहीं करवाई गई और डॉक्टर को प्रभावित करके हत्या के मामलों को आत्महत्या की पोस्ट मार्डम रिपोर्ट बनवाई है तथा यह की घटना स्थल जहां पर मृतका को आत्महत्या करना दिखाया गया है वहां की स्थिति से स्पष्ट प्रकट होता है की मृतका उस स्थान पर हत्या कर ही नहीं सकती थी और प्राथमिकी में दहेज में 25 लख रुपए मांगने एवं शादी से मना कर देने का आरोप लगाने के पक्षपात मेरी जान जाने की बात कही गई परंतु धारा 156 (3) दहेज प्रथा सं.आवेदन पत्र में दहेज़ की मांग किए जाने का उल्लेख नहीं किया गया या की प्राथमिकी में मेरे चचेरे भाई मुन्नालाल व अन्य के विरुद्ध यह अक्षेप भी की मृतका/पीड़िता को बंधक बनाने में उसके साथ बलात्कार किए जाने में साजिश थी सर्वथा बनावटी है क्योंकि धारा 156 (3) में कोई साक्ष्य संकलन नही स्पष्ट नही पाया गया, इसलिए पुलिस महा निदेशक से लेकर यूपी के मुखिया को पत्र लिखकर स्पष्ट जॉच कराए जानें की मांग की है।



## नोनार गांव में हजारों बीघा खड़ी गेहूं की फसल पर लगी भीषण आग फसल जलकर हुई खाक

**ब्यूरो रमेश रैकवार चित्रकूट**

चित्रकूट पहाड़ी थाना अंतर्गत नोनार गांव में आज दोपहर अचानक हाई टेंशन तार की चिंगारी के चलते खड़ी गेहूं की फसल पर आग लग गई आग तुरंत विकराल रूप धारण कर ली थोड़ी देर में आग की ऊंची ऊंची लपटे उठने लगी जब ग्रामीणों ने उठता धुवा व आग देखा तब हड़कंप मच गया लोहदा नोनार सालिकपुर गांव के ग्रामीण आग बुझाने के लिए अपने-अपने घरों से बर्तनलेकर पहुंचे लेकिन काबू नहीं हो सकी जिससे लोगों ने फायर ब्रिगेड व पहाड़ी थाना को सूचना दी लेकिन अधिकारीगण समय से फोन नहीं उठाया फिर कई घण्टे बाद कुछ पुलिस वाले व एक फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंचे अब आग पर काबू पा लिया गया है। गरीब किसानों का रो-रोकर बुरा हाल है किसानों का कहना है कि हमारे साल भर खाने का यही एक राशन था वह भी जलकर राख हो गया है अब हम क्या करें वही आग बुझाने में सोनू साहू सेक्टर संयोजक राजेश राजपूत मथुरा राजपूत राज नारायण यादव राजकरण यादव विष्णु राजपूत छुट्टन राजपूत सहित भारी मात्रा में लोग रहे उपस्थित।

## गर्भावस्था के रोगियो के लिए अमृतसर की फुलकारी महिलाओं ने ग्रीन कॉरिडोर का किया समर्थन

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान कुलदीप कुमार ब्यूरो अमृतसर पंजाब**

अमृतसर, पंजाब- आज, एक समर्पित परोपकारी संगठन, अमृतसर की फुलकारी महिलाओं ने ब्लॉक नौशेरा माझा सिंह में ग्रीन कॉरिडोर कार्यक्रम के शुभारंभ का समर्थन करने के लिए गुरदासपुर में स्वास्थ्य



अधिकारियों के साथ हाथ मिलाया और इस कार्यक्रम का समर्थन करने की शपथ लिया। माननीय सिविल सर्जन गुरदासपुर, डॉ. हरभजन मंडी के सम्मानित मार्गदर्शन और जिला परिवार नियोजन अधिकारी गुरदासपुर, डॉ. तजिंदर कौर के कुशल नेतृत्व में, डॉ. रश्मि विज, एसएमओ, सीएचसी नौशेरा माझा सिंह के साथ, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था के रोगियों के लिए बेहतर देखभाल और अनुवर्ती सुनिश्चित करने के महान उद्देश्य के साथ ग्रीन कॉरिडोर कार्यक्रम शुरू किया गया। कार्यक्रम के दौरान, हमारे सम्मानित सदस्य, डॉ. अमृता राणा, नेहा शरमन, राधिका अरोड़ा और डॉ. गुनीत कौर, एसएमओ ने बहुमूल्य जानकारी और समर्थन प्रदान किया। अनुभवी वरिष्ठ रेडियोलॉजिस्ट डॉ. राणा ने गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर, इसके लक्षणों और रोकथाम के उपायों पर प्रकाश डाला, तथा उपस्थित लोगों को महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण जानकारी दी। डॉ. रश्मि विज, एसएमओ और इस पहल में शामिल सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं। हम सभी मिलकर उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था के रोगियों की सुगम यात्रा सुनिश्चित करने, मातृ मृत्यु दर को कम करने और हमारे समुदायों में समग्र कल्याण को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# केएम में हो रहे है जोड़ प्रत्यारोपण के सफल ऑपरेशन

## केएम हॉस्पिटल बन गया है जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी का उत्कृष्ट केन्द्र

मथुरा। जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी ऐसी विधि है जिसके चलते खराब घुटना या कूल्हा बदलकर कृत्रिम कूल्हा या घुटना डाला जाता है। यह एक चुनौतीपूर्ण व जटिल सर्जरी है, जो कि जयपुर, दिल्ली के अस्पतालों में ही हो पा रहा था, किन्तु मथुरा सौंख रोड स्थित केएम विश्वविद्यालय का हॉस्पिटल ब्रज क्षेत्र में अनेक सफल जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी कर एक उत्कृष्ट केन्द्र बन गया है।

गोल्ड मेडलिस्ट जोड़ प्रत्यारोपण सर्जन डा. हर्षित जैन ने बताया कि जोड़ प्रत्यारोपण एक जटिल किन्तु ऐसी विस्मयकारी सर्जरी है जो कि मरीजों के लिए वरदान स्वरूप है। पहले जो लोग घुटने व कूल्हें खराब होने के चलते चल नहीं पाते थे या दैनिक क्रिया नहीं कर पाते थे, वह अब बिना किसी दर्द के न केवल अपनी दैनिक क्रिया जाना, अपितु सभी काम आसानी से कर पाते है। जो मरीज पहले दो तीन कदम नहीं चल सकते थे, वह अब कई मीटर बिना किसी मदद के चल पाते है।

अस‍िटेंट प्रोफेसर डा. आनंद गुप्ता ने बताया कि विगत



सप्ताह के दिनों में केएम सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल में 53 वर्षीय आशा, 63 वर्षीय यदुवीर, 70 वर्षीय कमला देवी, 61 वर्षीय कलावती का सफल घुटना व कूल्हा प्रत्यारोपण किया गया है। सभी मरीज पूर्णतः स्वस्थ है व केएम हॉस्पिटल के आर्थोपेडिक टीम का साधुवाद कर रहे हैं। इन सर्जरी में डा. हर्षित जैन, डा. आनंद गुप्ता, डा. हरिबाबू मीना, डा. पंकज त्यागी व डा. शिवम गुप्ता का योगदान रहा है। निश्चेतना विभाग से डा. संतोष गुप्ता, डा. अंचल जैन, डा. आशीष मौजूद रहे। ओटी टैक्नीक से नवीन उपाध्याय, राहुल ठाकुर व सोनू वर्मा प्रत्यारोपण के समय मौजूद रहे। डा. हर्षित जैन ने बताया कि विगत वर्षों में केएम हॉस्पिटल में लगभग 150 से अधिक सफल जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी हुई है इसमें न केवल उत्कृष्ट हड्डी रोग विभाग अपितु निश्चेतना व मेडीसन विभाग के डाक्टरों व केएम हॉस्पिटल के मैनेजमेंट का भी योगदान रहा है। मेडीकल डायरेक्टर डा. शरद अग्रवाल ने डा. हर्षित जैन व डा. आनंद गुप्ता की टीम का आभार प्रकट किया है व केएम हॉस्पिटल को जोड़ प्रत्यारोपण का उत्कृष्ट केन्द्र बनाए रखने का आव्हान भी किया है।

केएमयू के चांसलर कुलाधिपति किशन चौधरी ने प्रत्यारोपण मरीजों से मुलाकात करते हुए बताया कि केएम में विश्वस्तरीय डाक्टर व सुविधा मौजूद है जिसके चलते जोड़ प्रत्यारोपण जैसी सर्जरी नियमित रूप से सफलतापूर्वक हो रही है उन्होंने ब्रजवासियों से अब दिल्ली या जयपुर न जाकर अपने ब्रज में ही ऐसी सुविधाएं लेने की अपील की है। इस दौरान कुलाधिपति के साथ वाइस कुलपति डा. डीडी गुप्ता, प्रो. वाइस कुलपति डा. शरद अग्रवाल, एडीशनल मेडीकल सुपरिडेंट डा. आरपी गुप्ता, मेडीकल प्राचार्य डा. पीएन भिसे मौजूद रहे।

**मथुरा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जनसभा को किया सम्बोधित**

# मुंह में चांदी का चम्मच लेकर पैदा हुए राहुल गांधी, मथुरा में विपक्ष पर बरसे अमित शाह

**दैनिक केसरीया हिंदुस्तान**

मथुरा। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को वृंदावन के प्रियकांत जू मंदिर मैदान पर मथुरा लोकसभा प्रत्याशी हेमा मालिनी के समर्थन में विशाल जनसभा को संबोधित किया। रैली को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि एक तरफ आपके पास एक गरीब परिवार का बेटा नरेंद्र मोदी है, तो दूसरी तरफ आपके पास राहुल गांधी हैं जो मुंह में चांदी का चम्मच लेकर पैदा हुए। एक तरफ 12 लाख करोड़ रुपये के घोटाले करने वाली कांग्रेस पार्टी और समाजवादी पार्टी है, तो दूसरी तरफ नरेंद्र मोदी हैं जो 23 साल तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहे, लेकिन उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के एक भी आरोप नहीं लगे। एक तरफ गर्मी का मौसम शुरू होते ही देश छोड़कर थाईलैंड में एक निजी द्वीप पर छुट्टियां मनाने वाले राहुल गांधी हैं, तो दूसरी तरफ आपके पास नरेंद्र हैं, जो दिवाली में भी छुट्टी नहीं लेते।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि 2014 में पश्चिमी यूपी में बड़े पैमाने पर पलायन हो रहा था। एसपी के गुंडे आम लोगों को परेशान कर रहे थे। अच्छे लोग राज्य छोड़ रहे थे। जब



आपने 2017 में भाजपा को सत्ता में भेजा, तो योगी आदित्यनाथ ने राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति बदल दी, और अब आम लोगों के बजाय गुंडे राज्य से बाहर जा रहे हैं।

मथुरा लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार हेमा मालिनी ने रैली को संबोधित करते हुए कहा, पीएम नरेंद्र मोदी दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा रहे हैं। वह 'न्यू इंडिया' का निर्माण कर रहे हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह देश की सुरक्षा और अखंडता सुनिश्चित कर रहे हैं। हेमा मालिनी ने कहा कि एक बार संसद में मैंने अमित शाह के लिए कहा था, 'अमित शाह जो कहते हैं वो करते हैं, लेकिन जो नहीं कहते वो जरूर करते हैं। भाजपा महानगर अध्यक्ष घनश्याम लोधी ने द्वारा आभार व्यक्त किया गया। जनसभा में मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बृज क्षेत्र प्रभारी संतोष सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष रालोद जयंत चौधरी, मथुरा जिला प्रभारी अशोक कटारिया, सांसद प्रत्याशी हेमा मालिनी, राज्यसभा सांसद तेजवीर सिंह, कैबिनेट मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण, जिलाध्यक्ष निर्भय पांडे, लोकसभा प्रभारी श्याम भदौरिया, विधायक श्रीकांत शर्मा, राजेश चौधरी, मेघश्याम सिंह, पूरन प्रकाश, महापौर विनोद अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष किशन सिंह, भुवन भूषण कमल, क्षेत्रीय महामंत्री नगेंद्र सिकरवार, डॉ देवेंद्र शर्मा, मुकेश खंडेलवाल, रविकांत गर्ग, योगेश नौहवार, रालोद जिलाध्यक्ष राजपाल भरंगर, वीरपाल मलिक, निरंजन धनगर, सुल्तान तरकर, पंकज गुप्ता, मुकेश आर्यबंधु, पूजा चौधरी, मनीषा गुप्ता, संजय गोविल, जनार्दन शर्मा, प्रदीप गोस्वामी, श्याम सिंघल, कुंजबिहारी चतुर्वेदी, अनुराग चतुर्वेदी, यशराज चतुर्वेदी, मीडिया प्रभारी दीपांकर भाटिया आदि मौजूद रहे। संचालन महामंत्री सुनील चतुर्वेदी एवं देवेश पाठक ने किया।



## गुन्नेर विधानसभा के अमानत मै भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी को बिजय बनाने की अपील

केसरीया हिंदुस्तान

दमोह प्रदेश के पशुपालन मंत्री लखन पटेल खजुराहो पहुंचे जहां खजुराहो लोकसभा के अंतर्गत आने वाले गुन्नेर विधानसभा के अमानत मै भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी को बिजय बनाने की अपील की इस अवसर पर इन के साथ भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बी डी शर्मा, गुन्नेर बिनायक राजकुमार बर्मा खजुराहो लोकसभा के संयोजक सतान्द गौतम भाजपा के जिला अध्यक्ष बृजेंद्र मिश्रा के बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही जिन्होंने गुन्नेर के ,झागर, जिजगाब, रामपुर, पगरा ,मोहरा, मे जनसंपर्क किया और भाजपा के पझ में बोट करने फी अपील की।

# राज्यसभा सदस्य बनाने वाले भूपेश बघेल प्रदेश को बताएँ, इनकी सांसद निधि का पैसा कहाँ-कहाँ खर्च हुआ है? या यह पैसा भी अपने आकाओं की सेवा में लगा दिया - कृष्ण बिहारी जायसवाल

## छत्तीसगढ़ में प्रथम चरण का मतदान हुआ संपन्न, नदारद रहे कांग्रेस के राज्यसभा सांसद

*देबाशीष गांगुली (संभागीय प्रमुख सरगुजा । दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान)*

*कोरिया।* भारतीय जनता पार्टी के कोरिया जिला अध्यक्ष कृष्ण बिहारी जायसवाल ने कहा है कि छत्तीसगढ़ियावाद का ढोल पीटने वाले पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ से कांग्रेस के कोटे से दीगर प्रदेशों के नेताओं को राज्यसभा में भेजकर जो छल छत्तीसगढ़ के जमीनी कार्यकर्ताओं के साथ किया था, उस करनी का फल आज छत्तीसगढ़ में कांग्रेस भोग रही है। श्री जायसवाल ने कहा कि शनिवार को भाजपा छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के कोटे से चुने हुए राज्यसभा सदस्यों को खोजने के लिए पोस्टर जारी कर पूछ रही है कि आखिर प्रथम चरण का



चुनाव संपन्न हो गया, लेकिन अभी तक ये सांसद दिखाई क्यों नहीं दिए? जिला अध्यक्ष ने कहा कि तीनों कांग्रेस नेता के.टी.एस. तुलसी, राजीव शुक्ला और रंजीता रंजन छत्तीसगढ़ के कोटे से नहीं, भूपेश बघेल के आका के कोटे से छत्तीसगढ़वासियों का हक छीनकर राज्यसभा सदस्य बने हैं और अब इन्हें छत्तीसगढ़ से कोई लेना-देना नहीं रह गया है। भूपेश बघेल, जिन्होंने अपने आकाओं को खुश करने के लिए इनको राज्यसभा सदस्य बनवाया, वे छत्तीसगढ़वासियों को स्पष्ट करें कि उनकी सांसद निधि का पैसा छत्तीसगढ़ में कहाँ-कहाँ खर्च हुआ है? या फिर, क्या यह पैसा भी उनके %आकाओं की सेवा% में लग गया है? श्री जायसवाल ने पत्रकारों से कहा कि कांग्रेस के राज्यसभा सांसद लगातार छत्तीसगढ़वासियों का अपमान कर रहे हैं। रंजीता रंजन ने कहा था कि सभी नक्सली बुरे नहीं होते। यह सीधा-सीधा नक्सली घटनाओं में शहीद हुए सैनिकों का अपमान है।

जिसका कटाक्ष करते हुए कहा कि आज छत्तीसगढ़ में अनिच्छुक, उपेक्षित,थके लोकसभा प्रत्याशियों को कांग्रेस ने भी उनके हाल पर छोड़ दिया है। शुक्रवार को रायपुर लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी विकास उपाध्याय की नामांकन रैली में न तो पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल मौजूद थे और न ही कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज उपस्थित थे। ऐसे हालात देखकर यह साफ-साफ नजर आ रहा है कि कांग्रेस में अंतर्कलह से उपजी हताशा पूरी तरह व्याप्त हो चुकी है।

# संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी में 56.50 प्रतिशत हुआ मतदान

## 56.83 प्रतिशत पुरुष तथा 56.16 प्रतिशत महिला मतदाताओं ने किया मतदान

सीधी । कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी स्वरोचिष सोमवंशी ने बताया कि लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी में 56.50 प्रतिशत मतदान हुआ है। पुरुष मतदाताओं का मतदान प्रतिशत 56.83 तथा महिला मतदाताओं का मतदान प्रतिशत 56.16 रहा।

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 76-चुरहट में कुल 49.66 प्रतिशत मतदान हुआ है जिसमें से 49.58 प्रतिशत महिला मतदाताओं तथा 49.74 प्रतिशत पुरूष मतदाताओं ने मतदान किया है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल दर्ज 266120 मतदाताओं में से 132167 मतदाताओं ने मतदान किया है। 138264 दर्ज पुरूष मतदाताओं में से 68779 मतदाताओं ने तथा 127854 महिला मतदाताओं में से 63388 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया है।

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 77-सीधी में कुल 49.55 प्रतिशत मतदान हुआ है जिसमें से 49.05 प्रतिशत महिला मतदाताओं तथा 50.02 प्रतिशत पुरूष मतदाताओं ने मतदान किया है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल दर्ज 259206 मतदाताओं में से 128439 मतदाताओं ने मतदान किया है। 133991 दर्ज पुरूष मतदाताओं में से 67020 मतदाताओं ने तथा 125212 महिला मतदाताओं में से 61418 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया है।

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 78-सिहावल में कुल 52.44 प्रतिशत मतदान हुआ है जिसमें से 53.63 प्रतिशत महिला मतदाताओं तथा 51.35 प्रतिशत पुरूष मतदाताओं ने मतदान किया है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल दर्ज 255306 मतदाताओं में से 133871 मतदाताओं ने मतदान किया है। 133839 दर्ज पुरूष मतदाताओं में से 68733 मतदाताओं ने तथा 121466 महिला मतदाताओं में से 65138 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया है।

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 82-धौहनी में कुल 60.41 प्रतिशत मतदान हुआ है जिसमें से 61.65 प्रतिशत महिला मतदाताओं तथा 59.24 प्रतिशत पुरूष मतदाताओं ने मतदान किया है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल दर्ज 254871 मतदाताओं में से 153974 मतदाताओं ने मतदान किया है। 130923 दर्ज पुरूष मतदाताओं में से 77557 मतदाताओं ने तथा 123948 महिला मतदाताओं में से 76417 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया है।

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 79-चितरंगी में कुल 56.59 प्रतिशत मतदान हुआ है जिसमें से 55.72 प्रतिशत महिला मतदाताओं तथा 57.41 प्रतिशत पुरूष मतदाताओं ने मतदान किया है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल दर्ज 252224 मतदाताओं में से 142739 मतदाताओं ने मतदान किया है। 130482 दर्ज पुरूष मतदाताओं में से 74910 मतदाताओं ने तथा 121742 महिला मतदाताओं में से 67829 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया है।

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 80-सिंगरौली में कुल 59.54 प्रतिशत मतदान हुआ है जिसमें से 56.42 प्रतिशत महिला मतदाताओं तथा 62.34 प्रतिशत पुरूष मतदाताओं ने मतदान किया है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल दर्ज 218469 मतदाताओं में से 130066 मतदाताओं ने मतदान किया है। 114968 दर्ज पुरूष मतदाताओं में से 71669 मतदाताओं ने तथा 103496 महिला मतदाताओं में से 58397 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया है।

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 81-देवसर में कुल 61.99 प्रतिशत मतदान हुआ है जिसमें से 58.51 प्रतिशत महिला मतदाताओं तथा 65.26 प्रतिशत पुरूष मतदाताओं ने मतदान किया है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल दर्ज 242616 मतदाताओं में से 150397 मतदाताओं ने मतदान किया है। 124992 दर्ज पुरूष मतदाताओं में से 81572 मतदाताओं ने तथा 117622 महिला मतदाताओं में से 68825 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया है।

विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 83-ब्यौहारी में कुल 62.40 प्रतिशत मतदान हुआ है जिसमें से 64.32 प्रतिशत महिला मतदाताओं तथा 60.60 प्रतिशत पुरूष मतदाताओं ने मतदान किया है। विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल दर्ज 279639 मतदाताओं में से 174497 मतदाताओं ने मतदान किया है। 144136 दर्ज पुरूष मतदाताओं में से 87346 मतदाताओं ने तथा 135502 महिला मतदाताओं में से 87150 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया है।



## सामान्य प्रेक्षक की उपस्थिति में महत्वपूर्ण दस्तावेजों तथा प्रपत्रों की स्क्रूटनी की गयी

सीधी। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तारतम्य में मतदान के उपरांत जमा किये गये महत्वपूर्ण कागजात व प्रपत्रों की भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अभिषेक कृष्णा (आईएएस) की उपस्थिति में स्क्रूटनी की गयी। शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी में संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी में सम्मिलित सभी विधानसभा क्षेत्रों के प्रपत्रों व अन्य आवश्यक दस्तावेजों की सामान्य प्रेक्षक अभिषेक कृष्णा (आईएएस) ने अभ्यर्थियों व उनके प्रतिनिधियों के समक्ष विधानसभावार स्क्रूटनी की तथा मतदान के दौरान भरे गये कागजात के विषय में जानकारी दी। इस दौरान कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर स्वरोचिष सोमवंशी, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश शाही, संबंधित सहायक रिटर्निंग ऑफिसर तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## शांतिपूर्ण निर्वाचन सम्पन्न कराने जिला निर्वाचन अधिकारी ने जताया आभार

सीधी। लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 11-सीधी के तहत जिले के सभी चार विधानसभा क्षेत्रों में शांतिपूर्वक मतदान सम्पन्न कराने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी ने अधिकारियों तथा कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होनें कहा कि सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों की कड़ी मेहनत एवं सौंपे गये उत्तर दायित्व के ठीक से निर्वाहन के कारण मतदान निर्विघ्न संपन्न हुआ। किसी क्षेत्र से अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली। सभी मतदान केन्द्रों में सुगमता के साथ मतदान संपन्न हुआ। कलेक्टर ने मतदान के दौरान कानून और व्यवस्था बनाये रखने के लिए तैनात सभी पुलिस अधिकारियों तथा सुरक्षा बलों के प्रति भी आभार व्यक्त किया है। उन्होंने सभी सेक्टर आफीसरों, पीठासीन अधिकारियों, मतदान अधिकारियों तथा मतदान से जुड़े सभी अधिकारियों-कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### ईवीएम मशीनें स्ट्रांग रूम में रखी गयीं

***सामान्य प्रेक्षक व अभ्यर्थियों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम सील***

सीधी। लोकसभा निर्वाचन 2024 के सिलसिले में गत दिवस 19 अप्रैल 2024 को हुये मतदान के उपरांत सीधी जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में उपयोग में लायी गयी ईवीएम मशीनों को शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी में बनाये गये स्ट्रांग रूम में रखवा दिया गया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अभिषेक कृष्णा (आईएएस) तथा अभ्यर्थियों व उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशन में संबंधित सहायक रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा स्ट्रांग रूम को सील भी कर दिया गया। मतदान उपरांत विधानसभा क्षेत्रों से ईवीएम मशीनों को लेकर मतदान दल के सदस्य 19 अप्रैल की रात्रि में जिला मुख्यालय स्थिति स्ट्रांग रूम आना शुरू हो गये थे। देर रात तक इन सभी मशीनों को जमा करने के उपरांत विधानसभावार बनाये गये स्ट्रांग रूम को सील कर दिया गया। कलेक्टर एवं रिटर्निंग ऑफिसर स्वरोचिष सोमवंशी ने बताया कि केंद्रीय सशस्त्र बल के हथियारधारी जवान चौबीसों घण्टे स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिये तैनात किये गये हैं। मतगणना दिवस 04 जून 2024 को स्ट्रांग रूम खोला जायेगा।

# निष्पक्ष छवि और बेदाग नेता है सिंधिया, आपके क्षेत्र में नेता नही परिवार का सदस्य बनकर देखा जाता है: अन्नू चौबे

राजीव राय दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

मुंगावली। नगर में शनिवार को खुरई के पूर्व विधायक और भाजपा के कद्दावर नेता अरुणोदय चौबे अन्नू भैया नगर में पहुचे जहाँ उनके द्वारा भाजपा प्रत्याशी ज्योतिरादित्य सिंधिया के समर्थन में समाज जनों के घर घर पहुंच कर लोगो से मुलाकात की साथ ही अंतरराष्ट्रीय ब्राह्मण महा संस्था इकाई मुंगावली के बैनर तले ब्राह्मण समाज की एक बैठक मैं शामिल हुए ।

बैठक स्टेशन रोड़ स्थित जयेश्वर महादेव मंदिर में आयोजित की गई जिसमें खुरई विधायक अन्नु चौबे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए वही इस अवसर पर समाज के प्रबुद्ध जनों दीपक पालीवाल, हरिओम पांडे , अवधेश तिवारी ने समाज को संबोधित किया जिसके उपरांत मुख्य अतिथि अरुणोदय चौबे अन्नू भैया द्वारा बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस में आजादी के बाद 18 ब्राह्मण मुख्यमंत्री होते थे,धीरे धीरे कांग्रेस ने ब्राह्मण को छोड़ दिया, आज कांग्रेस पतन के रास्ते पर पहुँच गई, ओर उनका पतन निश्चित है, ब्राह्मण को भी चाहिए समाज के उत्थान और धर्म संस्कृति की रक्षा व देश निर्माण के लिए भाजपा को वोट दे,आपका प्रत्याशी सिंधिया आपके परिवार का ही सदस्य है जो एक ईमानदार छवि के साथ साथ योग्य




नेता भी है।

सिंधिया ने अपने परिवार की जनता के हित के लिए अपने सिद्धांतों और अपने ईमान को देश की सुरक्षा ,विकास और मर्यादाओ को बनाये रखने के लिए कांग्रेस छोड़ दी थी, ऐसे प्रत्याशी को अपना अमूल्य मत देकर आपका और आपके क्षेत्र के साथ देश के विकास में सहयोग प्रदान करें, आज भाजपा के राज में आप और हम हमारी बहु बेटिया की सुरक्षा को लेकर आश्वस्त है,कांग्रेस के समय मे हम अपनी महिलाओं को बाहर निकालने में कतराते थे आज भाजपा के राज में गुंडा राज खत्म हो चुका और प्रधानमंत्री मोदी ने आम जन के उत्थान के लिए कई योजनाए दी है जो कांग्रेस ने 70 सालो में भी नही दी, प्रधानमंत्री मोदी के 10 साल के कार्यकाल में कई परिवर्तन हुए है जिसमे 370 धारा, सीएए कानून , मुस्लिम महिलाओं के लिए तीन तलाक कानून लाये इसके अलावा सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा राम मंदिर का , कांग्रेस के राज में हमारे बुजुर्ग मंदिर निर्माण की आस लगाते हुए स्वर्गवासी हो गए मगर मोदी जी ने राम मंदिर का काम महज 10 साल की सरकार में कर दिया वो भी बिलकुल निर्विवाद , सिंधिया परिवार से मेरे बहुत ही मधुर सम्बंध है समाज के लोगो से विशेष आग्रह है कि किसी की बातो में या प्रलोभन में ना आकर भाजपा सरकार को मतदान करें प्रधानमंत्री मोदी के अबकी बार 400 पार के सपने को साकार करें बैठक का संचालन मनोज शर्मा ने किया वही आभार अतुल बापट ने माना। इस बैठक में रामनारायण तिवारी, धूरी महाराज, डॉक्टर पचौरी, हरिनारायण पांडे,दीपक पालीवाल, राधा मोहन तिवारी, मनीष दुबे, अवधेश तिवारी, राजेंद्र कांकर,रामबाबू दुबे, मयंक चौबे, विपिन चौबे, जितेंद्र भार्गव, राहुल सरवेया, अंकित सरवेया,अमित समाधिया,अवदेश चौबे, अवदेश शर्मा, सुरेश सुडेले,गोविंद तिवारी,जयेश तिवारी सहित एक सैकड़ा की संख्या में मौजूद रहे।



## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से युवकों ने नगर में चलाया मतदाता जागरूक अभियान, तिराहे व चौराहे पर पहुंचकर बताया देश के विकास के लिए सभी का मतदान करना जरूरी

सबलगढ़ संपूर्ण भारत में लोकसभा चुनाव सात चरणों में हो रहे हैं। जिनमें तीसरे चरण के चुनाव 07 मई को मध्य प्रदेश के मुरैना श्योपुर क्षेत्र क्रमांक 1 में सबलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ही मतदाताओं को जागरूक करने का युवकों ने नुक्कड़ नाटक अभियान चलाया गया। देश के विकास में मतदान करना प्रत्येक व्यक्ति का सार्वभौमिक अधिकार है। इसलिए सारे काम छोड़कर सभी मतदाता 07 मई को अपना अमूल्य वोट बिना किसी के बहकावे में आकर स्वेच्छिक रुप से जरूर डालना है। जिससे आपके अमूल्य मत से नई सरकार चुनी जा सके। शुक्रवार को सुबह 10:00 बजे सिविल हॉस्पिटल तिराहे पर युवकों ने नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जिसमें इस लोकसभा क्षेत्र के चुनाव 07 मई को होने वाले मतदान में प्रत्येक मतदाता को अपना अमूल्य वोट डालने के लिए प्रेरित किया गया। युवकों ने नुक्कड़ नाटक कर समझाया गया। जिसके कारण एक सैकड़ा से अधिक लोग एकत्रित हो गए । सभी ने मिलकर इस नुक्कड़ नाटक को युवकों के मुख से ध्यानपूर्वक सुना गया। सभी ने अपने हाथ उठाकर 07 मई को मतदान कर निशान उंगली पर दिखाने का वचन लिया। इसी तरह का आयोजन नगर में कई प्रमुख स्थानों पर किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक पटेल ने बताया भारत निर्वाचन आयोग की मंशा के अनुसार देश के सभी नागरिकों का मतदान करने का अधिकार है ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग मतदान करें जिससे देश का विकास संभव हो सके।

# जिला जेल में विशेष स्वास्थ्य परीक्षण सह विधिक सहायता एवं जागरूकता शिविर आयोजित




सीधी। मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार चिकित्सा विभाग, जेल प्रशासन के सहयोग एवं प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी श्री संजीव कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में जिला जेल सीधी में बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराये जाने के उद्देश्य से शनिवार दिनांक 20.04.2024 को विशेष स्वास्थ्य परीक्षण सह विधिक सहायता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन एवं जिला जेल सीधी का निरीक्षण किया गया।

शिविर का शुभारंभ श्रीमती रमा जयंत मित्तल विशेष न्यायाधीश, श्री वीरेन्द्र जोशी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, श्री सिद्धार्थ शुक्ला जिला विधिक सहायता अधिकारी, जिला चिकित्सालय के चिकित्सकीय विशेषज्ञों तथा जेल अधीक्षक श्री रविशंकर सिंह, उप जेल अधीक्षक श्री कृष्ण कुमार तिवारी, चीफलीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री देवेन्द्र प्रसाद मिश्रा, डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री विनोद कुमार श्रीवास्तव, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री सत्यप्रकाश पाण्डेय, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री देवेन्द्र प्रसाद द्विवेदी, असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल श्री ऋषभ सिंह पैनल लॉयर श्रीमती चन्द्रकृपा अवधिया, श्री अरविंद शुक्ला, श्री बाबूलाल पटेल, पैरालीगल वॉलेंटियर्स श्री अरविंद कुमार पटेल, श्रीमती आशा शुक्ला, श्री अजीत कुमार वर्मा, श्री प्रवीण शुक्ला, श्री राकेश गुप्ता, श्री श्यामसुंदर द्विवेदी, सहायक ग्रेड-3 जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री रूपेन्द्र कुमार मिश्रा, जेल में पदस्थ पी.एल.वी. श्री विवेक शुक्ला, एवं श्री शिवरतन यादव तथा जेल स्टाफ की उपस्थिति में किया गया। जागरूकता शिविर में बंदियों को विधिक सहायता, उनके अधिकार, अपीलीय अधिकार, जमानत के अधिकार, प्ली वार्गेनिंग तथा सालसा की योजना की जानकारी दी गई। बंदियों से अधिवक्ता, जेल में भोजन की गुणवत्ता चिकित्सकीय मेल-मिलाप तथा अन्य समस्याओं के संबंध में पूछताछ की गई।

उक्त विशेष चिकित्सकीय परीक्षण शिविर में महिला एवं पुरूष बंदियों का एच.आई.वी., कैंसर, टी.वी. तथा अन्य बीमारी के संबंध में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जॉच की जाकर बंदियों को दवा उपलब्ध कराई गई। चिकित्सकीय परीक्षण शिविर में 15 विचाराधीन महिला बंदी, 190 पुरूष विचाराधीन बंदी कुल 205 का चिकित्सकीय परीक्षण किया गया।









# लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान के तहत वाल्मीकि सामाजिक समाज का सम्मेलन आयोजित

**भाजपा सरकार की हर योजना का लाभ समाज के अंतिम छोर पर खड़े वंचित व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है-सुमित्रा वाल्मीकि**

**मोदी सरकार ने दलित एवं पिछड़े वर्ग को सशक्त बनाने का कार्य किया है- श्री भारत सिंह कुशवाह**

दैनिक केसरीया हिंदुस्तान

ग्वालियर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के सबका साथ सबका विकास दृष्टिकोण ने प्रत्येक देशवासी विशेष रूप से अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को सशक्त बनाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के अटूट प्रयासों की बदौलत हाशिए के समुदाय अब मुख्यधारा के समाज में शामिल होने के अभूतपूर्व स्तर का अनुभव कर रहे हैं। प्रधानमंत्री




नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में हर योजना का लाभ समाज के अंतिम छोर पर खड़े वंचित व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास कर रही है। उक्त बात शनिवार को राज्यसभा सांसद माननीय सुमित्रा वाल्मीकि ने कंपू स्थित रॉयल गार्डन में आयोजित वाल्मीकि समाज के सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही।

पार्टी प्रत्याशी श्री भारत सिंह कुशवाह ने कहा कि आदरणीय मोदी जी ने गरीबों के लिए खाद्यान्न योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, रेडी-फेरी वालों को सहयोग समेत अनेक योजनाओं के माध्यम से भाजपा की मोदी सरकार ने दलित एवं पिछड़े वर्ग को सशक्त बनाने का कार्य किया है। उन्होंने सम्मेलन में उपस्थित लोगों से लोकसभा चुनाव में भाजपा पार्टी को अपना अमूल्य समर्थन और वोट करने की अपील की ।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष श्री अभय चौधरी, महामंत्री श्री राजू पलैया, श्री अशोक वाल्मीकि, श्री पप्पू बड़ौरी, श्री महेंद्र बाली, श्री अनु करोसिया, श्री सनी बोहरे, मंजू करोसिया श्री राजेंद्र मौर्य, श्री विशन पारछे, श्री देव कुमार बिल्लोस्कर, श्री दिलीप मास्टर, श्री रामगोपाल सीहोते समस्त वाल्मीक समाज उपस्थित हुए।

# आज की युवा पीढ़ी को बाबा साहब को पढ़ने की आवश्यकता है

**समाज में समरसता लाने आगे आएं युवा**

*केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता, राकेश लोधी पिछोर,9589655424*

आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई पिछोर द्वारा शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय पिछोर में डॉ. बाबा साहब अम्बेडकर जी की जयंती के उपलक्ष्य में बाबा साहब एक विचार विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया प्रांत सहमंत्री देशराज नारौलिया ने संबोधित करते हुए कहा कि आभाव में रहकर सर्व समाज के उत्थान के लिए प्रयास करने वाले बाबा साहब को अपना प्रेरणा स्थान बनाना होगा उनके जीवन से बहुत कुछ सीखा जा सकता है, पर उनमें दो गुण ऐसे हैं, जो हर भारतीय में आ जाए तो समाज का उत्थान हो ही जायेगा बाबा साहब समाज में समानता के प्रति प्रतिबद्ध थे, हर भारतीय में समानता के प्रति आग्रह आज



बहुत जरूरी है दूसरा यह है कि बाबा साहब पढ़ते बहुत थे, उनमें ज्ञान की आकांक्षा बहुत थी यह एक ऐसा गुण है, जिसकी कमी को आज भारतीय समाज में भी सबसे ज्यादा महसूस किया जा रहा है एक अच्छे लोकतंत्र के लिए ज्ञान की आकांक्षा हर किसी में होनी ही चाहिए, साथियों आज के दिन हमारा दायित्व है कि हम उनके विचारों का प्रचार प्रसार करने का संकल्प लें, उनके कहे कथनों को मानें और अपने जीवन में उतारें, युवा पीढ़ी को चाहिए कि समाज में समरसता लाने ले लिए प्रयास करें आपसी कटुता को त्याग सभी राष्ट्र की उन्नति के लिए कदम से कदम मिलाकर चलें तभी सच्चे अर्थों में बाबा साहब को हमारी श्रद्धांजलि होगी

## लहार पुलिस ने चोरी गया ऐसी बरामद कर दो चोरों को किया गिरफतार

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान/रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान

लहार.. पुलिस अधीक्षक डॉ. श्री असित यादव,अति. पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक के निर्देशन एवं एसडीओपी प्रवीण त्रिपाठी जी के मार्गदर्शन मे थाना लहार पुलिस द्वारा दो चोरों को गिरफ्तार कर चोरी गया एसी बरामद करने मे सफलता प्राप्त की,जानकारी के अनुसार फरियादि निशांत पुत्र स्व. बादाम सिंह प्रभाकर नि. वार्ड क्र 15 बिजली घर के पास लहार के द्वारा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट करायी गयी थी कि वह अपने किराये के मकान मे ताला लगा कर अपने मूल निवास करैरा जिला शिवपुरी चला गया था वापस आया तो उसे अपने मकान का ताला टूटा हुआ मिला और अलमारी का सामान फैला हुआ मिला घर के अंदर रखी पैक एसी को अज्ञात चोर चुरा कर ले गये। जिस पर थाना लहार में अज्ञात चोरों के विरूद्ध अप.क्र. 79/2024 धारा 457,380 भादवि का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया,उक्त अपराध के आरोपीगणों की गिरफ्तारी हेतु उनि ध्यानेन्द्र सिंह, आर. 48 जयकुमार, आर. 1352 अमित पटेल, आर. 128 श्याम गुर्जर की एक टीम बनायी गयी। उक्त टीम द्वारा कड़ी मेहनत से घटना स्थल के आसपास के वीडियों फुटेजों के आधार तथा तकनीकि मदद से आज दिनाँक 20.04.2024 की रात्री बस स्टैण्ड लहार से दो चोरों को गिरफ्तार किया गया । उक्त चोरों से पूछताछ पर चार अन्य लोगो के साथ मिल कर चोरी करना स्वीकार किया आरोपियों की निशान देही पर ग्वालियर स्थित आरोपियों के घर से चोरी गया एससी कीमती 48000 रूपये बरामद किया गया,आरोपियों ने पूछताछ पर बताया कि वह लगभग डेढ़ वर्ष से लहार मे रह कर स्टील फैब्रीकेशन का काम कर रहा था तथा अपने साथियों के साथ मिल कर लहार सेंवढ़ा, इंदरगढ़ मे चोरियाँ कारित करता था चोरी करने के पश्चात सामान को अपने कमरे मे छुपा लेते थे पकड़े गए चोरो के नाम आर्यन खान, मुन्ना खान वताये जा रहें हैं




## रोड निर्माण की मांग को लेकर नाराज ग्रामीण कर सकते हैं चुनाव बहिष्कार

*आर एस एस के विद्याभारती शाखा के जिला अध्यक्ष ने भिंड दतिया लोकसभा प्रत्याशी संध्या राय पर लगाया गम्भीर आरोप*

रिपोर्टर संतोष सिंह चौहान

लहार विधानसभा के राहवली वेहड पंचायत में आने वाले ग्राम सिंहपुरा में गांव के अन्दर के रास्ते में दल-दल और जल भराव की समस्या से लोग इतने परैशान है की हो सकता है की ग्राम

वासी लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय ले-ले ऐसी जानकारी सुत्रो द्वारा प्राप्त हो रही है दुसरी ओर आर एस एस के आजीवन समर्पित स्वयंसेवक और एवं विद्याभारती शाखा के भिंड जिला अध्यक्ष कोक सिंह चौहान ने भाजपा से भिंड दतिया लोकसभा प्रत्याशी संध्या राय की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि संध्या राय की अंनदेखी के चलते हमारे गांव सिंहपुरा में रोड का निर्माण आज तक नहीं करवाया गया



कोक सिंह चौहान ने ग्राम सिंहपुरा में रोड़ निर्माण न करवायें जाने के मामले में पुर्ण रुप से श्रीमती संध्या राय को जिम्मेदार ठहराते हुए अपनी शिकायत जाहिर की साथ ही उन्होंने कहा की हमारा गांव सदैव भाजपा और संघ के लिए समर्पित रहा है इसी के चलते कांग्रेस के पूर्व विधायक ने हमारे गांव की समस्याओं की तरफ ध्यान नहीं दिया अब भाजपा की सरकार और भाजपा का विधायक होने के वाद भी हमरे गांव के निवासी गहरे दल-दल और गन्दे पानी में घुसकर निकलने को मजबुर है,भाजपा के जनप्रतिनिधि ग्रामवासियों की समस्या को नजर अंदाज कर रहे हैं

## आज बड़े ही उत्साह के साथ मनाई जाएगी महावीर जयंती

अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट

सुबह 6 बजे प्रभात फेरी 9 बजे रथ यात्रा

अम्बाह। श्री1008 भगवान महावीर स्वामी जन्म कल्याणक महोत्सव 21 अप्रैल को अम्बाह में विराजमान आर्यिका श्री श्री 105 विश्रेय श्री माताजी के सानिध्य में दिन रविवार को बड़े ही उत्साह के साथ मनाई जाएगी। रथ यात्रा सुबह 9.10 से आदिनाथ दिगम्बर छोटा जैन मंदिर से प्रारंभ होकर पुराने बाजार होते नगर पालिका होते हुए पीपल चौराहे होते हुए सदर बाजार परेड चौराहे होते हुए जैन बगिची पहुंचेगी वहा पर भगवान महावीर स्वामी जी का पांडुशिला पर अभिषेक किया जाएगा। कार्यक्रम के पश्चात सभी के स्वल्पाहार की व्यवस्था रखी गई है।



*महावीर जयंती पर होंगे अनेक कार्यक्रम*

प्रातः 6 बजे प्रभात फेरी आदिनाथ जिनालय से प्रारंभ होकर नगर में भ्रमण करती हुई बड़ा जैन मंदिर में पहुंचेगी

प्रातः 8 बजे सिविल अस्पताल में फल वितरण

प्रातः 9.10 रथ यात्रा प्रारंभ

प्रातः 11 बजे पांडुशिला पर जलाभिषेक

मंदिर कमेटी अध्यक्ष जिनेश जैन ने रथयात्रा में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है

# इस संसार में गुरु से बड़ा कोई नहीं है गुरु ही रास्ता दिखाता है गुरु ही जीवन से नैया पार लगता है आचार्य पंडित कुंडल कृष्ण शास्त्री




पोरसा। भगवान श्री कृष्ण जी ने मल्ल युद्ध के दौरान दो-दो पहलवान आने पर बलराम जी अखाड़े में आए तब श्री कृष्ण जी ने राजा कंस को सिंहासन पर ही मारा उसके बाद सांदीपनि आश्रम में गुरु महाराज से शिक्षा ग्रहण की शिक्षा ग्रहण करने के बाद गुरु दक्षिणा में गुरु पुत्र को भगवान श्री कृष्णा जी ने जिंदा यमराज जी से वापस लाकर दिया आचार्य पंडित कुंडल कृष्ण शास्त्री,,,,,

श्रीनागाजी सरोवर परिसर में श्रीमती मंजू उमाशंकर गुप्ता के द्वारा आयोजित संगीत मय श्रीमद् भागवत कथा, में आज आचार्य पंडित कुंडल कृष्ण शास्त्री ने कंस वध वह संदीपनी आश्रम में गुरु शिक्षा तथा गुरु दक्षिणा में यमराज जी से गुरु पुत्र को जिन्दा वापस लाने तथा 64 कलाओं की शिक्षा सीखने के बारे में विस्तार से समझाया गया श्री शास्त्री ने बताया कि इस संसार में गुरु से बड़ा कोई नहीं है जो शिक्षा देता है उसे जीवन की नैया पार लग जाती है गुरु ही अपने शिष्य को इस प्रकार की शिक्षा देता है कि वह जीवन में खुशहाल जिंदगी जी के स्वर्ग जाता है आज प्रायः देखने को मिल रहा है कि गुरु लोग अपने शिष्य को उचित शिक्षा नहीं दे रहे हैं जो गुरु के लिए गलत है लोगों को अपने घर पर पुराण पढ़कर शिक्षा लेनी चाहिए जिससे सद मार्ग पर चलने की रास्ता प्रशस्त हो जाए सत मार्ग पर चलने वाले व्यक्ति की संतान भी सद मार्ग पर चलती है

श्री शास्त्री जी ने आगे बताया कि झगड़ालू प्रवृत्ति के व्यक्ति की आयु बहुत कम होती है, क्रोध वह हिंसा व्यक्ति को नर्क में ले जाती है ,तथा वृक्ष के ऊपर बोलते हुए श्री शास्त्री ने बताया प्रति वर्ष प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम 10 वृक्ष लगाना चाहिए वृक्ष से छाया वह फल दोनों ही चीज प्राप्त होती हैं कोरोना कल ने हमें यह सिखाया था क्योंकि कोरोना की समय ऑक्सीजन की बेहद कमी महसूस की गई थी ,इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को वृक्षारोपण करना चाहिए श्री शास्त्री ने आगे बताया काम क्रोध मोह लोभ अहंकार पर विजय पाने के लिए गृहस्त जीवन अपनाना चाहिए और काम क्रोध मोह लोभ अहंकार को त्यागना चाहिए तब ही आदमी की जीवन सफल होता है,,

,श्री शास्त्री जी ने आगे बताया कि भगवान की ईश्वरीय व्यवस्था को कोई भी व्यक्ति रिश्वत देकर गलत साबित नहीं कर सकता श्री शास्त्री,,,,,,

ईश्वरी व्यवस्था भगवान ने बड़ी सुंदर सुंदर तरीके से बनाई है, भारत सरकार को आप धोखा दे सकते हैं परंतु ईश्वर की सरकार को धोखा नहीं दे सकते, यदि एक मकान छोड़कर कहीं चले जाओ तो भारत सरकार के कर्मचारी तुम्हें ढूंढ नहीं सकते, परंतु क्या कभी आप मृत्यु को धोखा दे सकते हैं,जिससे वह आपको ढूंढ ना सके, ऐसा कदापि नहीं हो सकता ,,क्या मृत्यु भी किसी से पूछेगी,कि अमुक व्यक्ति यहां रहता था कहां चला गया, ईश्वरी सरकार को सब का समय पता है ,ईश्वर की सरकार के कर्मचारियों को आप रिश्वत देकर कोई भी कार्य नहीं करवा सकते, ईश्वर के सीआईडी बड़े चतुर हैं, पांच तत्व ईश्वर के गुप्तचर हैं जो यमराज की अदालत में गवाह के रूप में प्रस्तुत होते हैं, ईश्वर के गुप्तचर पृथ्वी, हवा, जल , सूर्य,यह सभी पांचों तत्व भगवान के सीआईडी जो पल-पल की खबर रखते हैं आप कोई भी कार्य करते हैं उन सब का गवाह सभी तत्व होते हैं, आचार्य पंडित कुंडल कृष्ण शास्त्री,,, ,,,,,,,,,

श्रीनागाजी सरोवर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में आज पंडित आचार्य कुंडल कृष्ण शास्त्री जी ने ईश्वरी सरकार की व्यवस्था का सुंदर चित्रण किया,,, भागवत कथा में मूल पाठ पंडित राधेश्याम शास्त्री कर रहे हैं ,गीता का पाठ पंडित बबलू शर्मा जी कर रहे हैं, गोपाल सहस्त्रनाम का पाठ प्रवीण शर्मा कर रहे हैं ,विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ भोलू दुबे जी कर रहे हैं ,तथा माल से जाप पंडित शिवम शर्मा कर रहे हैं ,वही यज्ञ आचार्य पंडित शम्भू दयाल शास्त्री जी हैं,,,,आज कथा सुनने के लिए क्षेत्र के महामंडलेश्वर महंत बालक दास महाराज, व वृन्दावन धाम के प्रियाशरण महाराज व गोवर्धन के महंत रामेश्वरानंद महाराज तथा नागाजी सरकार के महामंडलेश्वर महंत राम लखन दास महाराज भी कथा सुनने के लिए पधारे कथा की व्यवस्थाएं शकुंतला देवी गुप्ता ,प्रवेश गुप्ता ,रानू गुप्ता, पूनम गुप्ता ,कांति देवी गुप्ता ,उषा देवी गुप्ता ,कमलेश गुप्ता, विमलेश गुप्ता ,पुष्पा गुप्ता ,राधा गुप्ता, पिंकी गुप्ता, सानू गुप्ता, रुचि गुप्ता ,एकता गुप्ता, नेहा गुप्ता, वर्षा गुप्ता, श्रुति गुप्ता, राखी गुप्ता ,वंदना गुप्ता ,स्वाति गुप्ता, सरिता गुप्ता, निम्मी गुप्ता, रानी गुप्ता, साक्षी गुप्ता, सुमन गुप्ता, लक्ष्मी गुप्ता, आदि महिला भक्तो ने देखी,,,,,, संतों के लिए प्रतिदिन भण्डारा प्रसादी चल रही है,,,जिसकी व्यवस्थाएं हरीशंकर गुप्ता,अजीत गुप्ता, शिवशंकर गुप्ता, विश्वनाथ गुप्ता, हरेन्द्र गुप्ता आदर्श गुप्ता अतुल गुप्ता,गोलू गुप्ता, रामप्रकाश गुप्ता, विनोद गुप्ता, सचिन गुप्ता, राकेश गुप्ता उर्फ नागाजी, बृजेश गुप्ता, सतीश गुप्ता,प्रवीण गुप्ता, रूद्र गुप्ता,राधव गुप्ता उमेश गुप्ता,सभी भक्तों ने देखी,,,



## संपूर्ण संसार को अहिंसा का पाठ और सीख देने वाले भगवान महावीर की जयंती पर आज निकलेगा भव्य चल समारोह, शांतिधारा और अभिषेक के साथ मंदिरों में होगी पूजापाठ

राजीव राय दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

मुंगावली। प्रति बर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े ही धूमधाम नगर में अहिंसा के रक्षक महावीर की जयंती मनाई जाएगी, इस अवसर पर नगर में चल समारोह निकाला जाएगा जो सुबह 8 बजे पुराना बाजार से शुरू होगा।

यह चल समारोह नगर के प्रमुख मार्गो जैसे नया बाजार, पोस्ट ऑफिस चौराहा, बस स्टैंड, पुराने पुलिस थाना, टॉकीज चौराहा, विद्यार्थी चौराहा, श्री चन्द्र प्रभु जिनालय, तालाब रोड, मल्हारगढ़ रोड, होता हुआ बापिस पुराना बाजार पहुंचेगा यहां इस चल समारोह का समापन किया जाएगा। महावीर जयंती के शुभ अवसर पर नगर के सभी मंदिरों में सुबह से श्रादलुओ द्वारा भगवान का अभिषेक, शांतिधारा, ओर पूजन की जाएगी इसके लिए जैन समाज द्वारा तैयारियां पूरी कर ली गई है इस चल समारोह में दिगंबर जैन महिला महासमिति, महिला परिषद, विद्यांशी का बालिका मंडल, पाठशाला, जैन सोशल ग्रुप अरिहंत, नगर जैन मिलन, आदिनाथ बाल मंडल, बाहुबली मंडल, आनंद सेना एवं नगर में संचालित अन्य सभी समितियां अपने-अपने ड्रेस कोड में शामिल रहेंगी।

**भगवान महावीर अंतिम तीर्थंकर हुए**

महावीर भगवान जैन धर्म के संस्थापक और अंतिम तीर्थंकर थे, उनका जन्म 599 ईसा पूर्व में भारत के बिहार के वैशाली जिले के एक गाँव कुंडलपुर में हुआ था।

भगवान महावीर का जन्म एक शाही परिवार में हुआ था और उन्होंने मुनि बनने के लिए कम उम्र में ही संसार की भोग बिलासिता को त्याग दिया था। उन्होंने 30 वर्षों तक उपदेश दिया और दिवाली की रात को ज्ञान प्राप्त किया,भगवान महावीर जैन धर्म के अंतिम तीर्थांकर माने जाते हैं इनके पिता वज्जि गणराज्य के राजा थे जिनका नाम सिदार्थ थे और इनकी माता त्रिशला देवी थी ग्रंथो और जानकारों के मुताबिक भगवान महावीर जैन का संबंध भगवान राम से भी माना जाता है क्योंकि महावीर जैन का जन्म उसी कुल में हुआ था जिस कुल में भगवान राम का जन्म हुआ था।

# वर्तमान को वर्द्धमान महावीर की आवश्यकता है : सौरभ जैन

अम्बाह से पंकज जैन की रिपोर्ट

अंबाह। हम महावीर को केवल पूजते हैं, जीवन में धारण नहीं कर पाते। हम केवल कर्मकांड और पूजा विधि में ही लगे रहते हैं और जो मूल शिक्षाएं हैं, उन्हें जीवन में नहीं उतार पाते। आज मनुष्य जिन समस्याओं से घिरा है, उन सबका समाधान महावीर के दर्शन और सिद्धांतों में समाहित है। सदियों पहले महावीर जन्मे। वे जन्म से महावीर नहीं थे। अनगिनत संघर्षों को झेला, कष्ट सहे, दुख में से सुख खोजा और तब कठिन तप एवं साधना के बल पर सत्य तक पहुंचे। उन्होंने समझ दी कि महानता कभी भौतिक पदार्थों, सुख-सुविधाओं, संकीर्ण सोच और स्वार्थी मनोवृत्ति से नहीं प्राप्त की जा सकती। उसके लिए सचाई को बटोरना होता है, नैतिकता के पथ पर चलना होता है और अहिंसा की जीवन शैली अपनानी होती है।जरूरी है कि हम में से हर व्यक्ति महावीर बनने की तैयारी करे, तभी समस्याओं से मुक्ति पाई जा सकती है। महावीर वही व्यक्ति बन सकता है, जो लक्ष्य के प्रति पूर्ण समर्पित हो, जिसमें कष्टों को सहने की क्षमता हो। जो प्रतिकूल परिस्थितियों में भी संतुलन बनाए रख सके। जिसके मन में सभी प्राणियों के लिए सहअस्तित्व की भावना हो। जो पुरुषार्थ के द्वारा अपना भाग्य बदलना जानता हो।



भगवान महावीर की मूल शिक्षा अहिंसा और क्षमा है। हिंसा तो पांचो इंद्रियों द्वारा होती है यदि वाणी से किसी को कटु शब्द कहे गए हो तो यह भी हिंसा है। अलग-अलग इंद्रियों से जो काम हमसे होते हैं उनसे हिंसा हो सकती है। मन से भी हिंसा हो सकती है और यहां तक की धार्मिक, राजनीतिक और सामाजिक तीनों तरह की हिंसाएं भी हो सकती हैं।आज जब लोग इस शिक्षा का अर्थ निकालते हैं तो उसका सरलीकरण कर देते हैं, उसे ज़रूरत से ज़्यादा साधारण बना देते हैं। उन्हें लगता है कि इस शिक्षा का अर्थ मात्र यह है कि 'हमें दूसरों के जीवन में दखलअंदाजी नहीं करनी चाहिए।' सिर्फ इतना करके उन्हें लगता है कि वे महावीर की शिक्षा का अनुकरण कर रहे हैं। जबकि यह तो इस शिक्षा का सबसे सीमित अर्थ है। लेकिन यदि लोग वास्तव में सिर्फ इस सीमित अर्थ को भी पूरी तरह अपने जीवन में उतारकर इसका अनुकरण करें तो संसार में चल रहे सारे युद्ध बंद हो जाएँगे।

भगवान महावीर स्वामी ने कहा कि मैं सभी से क्षमा याचना करता हूं। मुझे सभी क्षमा करें। मेरे लिए सभी प्राणी मित्रवत हैं। मेरा किसी से भी वैर नहीं है। व्यावहारिक जीवन में यह आवश्यक है कि हम अहंकार को मिटाकर शुद्ध हृदय से बार-बार ऐसी क्षमा प्रदान करें।

भगवान महावीर श्रावक को उपदेश देते हैं कि धर्म का सही अर्थ समझो। धर्म तुम्हें सुख, शांति, समृद्धि, समाधि -यह सब आज देता है या बाद में -इसका मूल्य नहीं है। मूल्य इस बात का है कि धर्म तुम्हें समता, पवित्रता, नैतिकता और अहिंसा की अनुभूति कराता है या नहीं। महावीर का जीवन हमारे लिए इसलिए महत्वपूर्ण है कि उसमें धर्म के सूत्र निहित हैं। आज महावीर के पुनर्जन्म की नहीं, बल्कि उनके द्वारा जीये गए मूल्यों के पुनर्जन्म की अपेक्षा है। जरूरत है हम बदलें, हमारा स्वभाव बदले और हम हर क्षण महावीर बनने की तैयारी में जुटें, तभी हम महावीर बनने की कोशिश कर सकते है।

# एसडीएम द्वारा पोस्टल बैलेट एवं ईडीसी मतपत्र के संबंध में बैठक ली



**केसरिया हिंदुस्तान संवाददाता राकेश लोधी पिछोर,9589655424**

पिछोर (शिवपुरी) पिछोर सहायक निर्वाचन रिटर्निंग अधिकारी तथा अनुविभागीय दंडाधिकारी राजस्व जेपी गुप्ता द्वारा मतदान दलों के द्वितीय प्रशिक्षण में पोस्टल बैलेट के माध्यम से कर्मचारियों के वोट डलवाए जाने तथा ईडीसी जारी करने के संबंध में बैठक ली गई।

बैठक में एसडीएम द्वारा बताया गया जिन मतदाताओं को ईडीसी जारी किया जा चुका है अब वह केवल ईडीसी से ही मतदान करेंगे, उन्होंने कहा है कि ईडीसी धारक मतदाता अपने मूल मतदान केंद्र को छोड़कर निर्वाचन क्षेत्र के किसी भी अन्य मतदान केंद्र पर ईडीसी देकर मतदान कर सकते हैं।साथ ही जो कर्मचारी रिजर्व स्टाफ के रूप में ड्यूटी पर लगा हुआ है बह अपने रुकने के स्थान के नजदीकी मतदान केंद्र पर पहले ही मतदान कर दे, क्योंकि उन कर्मचारियों को किसी भी मतदान केंद्र पर भेजा जा सकता है ।एसडीएम द्वारा बताया गया कि डाक मत पत्र का आकलन कर उनके फार्म 12 तैयार कर उनकी सूची तैयार करें, ताकि जिला निर्वाचन कार्यालय को भेजी जा सके इसके साथ ही मतदान दल के द्वितीय प्रशिक्षण के दौरान ही सभी मतदान कर्मियों का मतदान संपन्न कराना है।साथ ही ट्रैनिंग सेंटर में स्थापित किए जाने वाले फेशिलिटेशन सेंटर के माध्यम से मतदान दलकर्मियों एवं आवश्यक सेवा में लगे कर्मचारियों को पोस्टल बैलेट द्वारा मतदान कराना है, तथा मतदान करने वाले कर्मचारियों की प्रतिदिन की रिपोर्ट तैयार कर जिला निर्वाचन को भी भेजी जानी है। एसडीएम ने बताया की जिन कर्मचारियों की ड्यूटी गुना शिवपुरी संसदीय क्षेत्र में है और बह विधानसभा क्षेत्र 25,26 तथा 27 के कर्मचारी है तो ऐसे कर्मचारियों के लिए ईडीसी द्वारा वोट डालने होंगे तथा उन्हें ईडीसी जारी किया जाएगा। तथा जिन कर्मचारियों की ड्यूटी लोकसभा ग्वालियर संसदीय क्षेत्र के विधानसभा क्षेत्र 23 एवं 24 में लगी हुई है ऐसे कर्मचारियों के लिए पोस्टल बैलेट द्वारा वोट डालने होंगे।तथा डाक मत पत्र जारी किए जायेंगे। उन्होंने कहा की कर्मचारी अपनी भाग संख्या, सरल क्रमांक आदि किस तरह से देख सकते है इसके लिए कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा कुछ चैनल सुझाव गय जिनमे कर्मचारियों को देखने में आसानी हो सके। बैठक के दौरान तहसीलदार शिवशंकर सिंह गुर्जर,पिछोर सीईओ श्रीमति सृष्टि भदोरिया,खनियाधाना सीईओ मोगराज मीना, नायब तहसीलदार निशिकांत जैन, मास्टर ट्रेनर प्रदीप पाठक, विकास भार्गव , पंचायत इंस्पेक्टर रामकिशन टेंगर,विकास गोयल उपस्थित थे।

# हमीरपुर जिला में पट्टा झांसी जिला में खनिज अधिकारी की सरपरस्ती में जमकर लाल सोने की लूट

## दबंग खनन माफिया दे रहे शासन प्रशासन को खुली चुनौती

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान झांसी से ब्यूरो गिरवर सिंह की रिपोर्ट**



झांसी के तहसील गरौठा का का मामला है जहां बालू माफियाओं द्वारा धसान नदी से वैध खनन की आड़ में लगातार अवैध खनन किया जा रहा है।बताते चले कि हमीरपुर जिला के टोला खंगारन घाट पर खंड नंबर 5 में सागर परैक्षा के नाम से बालू घाट का पट्टा आवंटित है जिसे जावेद हबीब एवं नोसाद के द्वारा चलाया जा रहा है बालू माफियाओं द्वारा एनजीटी के नियमों के विपरीत बड़ी बड़ी प्रतिबंधित मशीनों से अवैध खनन बदस्तूर जारी है। घाट संचालक के गुर्गों द्वारा दवंगई के दम पर निर्धारित सीमा से अधिक सीमा तक अवैध रूप से बालू का उठान किया जा रहा है। पट्टा का आवंटन हमीरपुर जिले में होने के बावजूद बालू माफिया झांसी जिले की सीमा में घुसकर लगातार अवैध खनन कर रहे है। झाँसी का प्रशासन और खनिज विभाग मूकदर्शक बना बैठा है ! तस्वीरों में साफ तौर पर देख सकते है की किस प्रकार एनजीटी के नियमों के विपरीत बड़ी- बड़ी पॉकलेंड मशीनों से नदी का सीना चीरकर खनन माफिया अवैध खनन करने में लगे है ! नदी की जलधारा को रोककर बना डाला रास्ता है।बालू माफियायों द्वारा नदी के बीच में कई जगह रास्ता बनाकर नदी का धारा को मोड़कर बीच जलधारा से बालू निकालकर बड़े बड़े गड्ढे कर दिए हैं जिसके कारण कभी भी कोई अप्रिय घटना हो सकती हैं ! ग्राम खरवांच के ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद भी कोई ठोस कार्यवाही नहीं होती है इसलिए खनन माफियाओं के हौसले बुलन्द है अब देखना है की प्रशासन इन खनन माफियाओं पर कब और क्या कार्यवाही करता है या नतमस्तक रहता है !

# नोनार गांव में हजारों बीघा खड़ी गेहूं की फसल पर लगी भीषण आग फसल जलकर हुई खाक



**ब्यूरो रमेश रैकवार चित्रकूट**

चित्रकूट पहाड़ी थाना अंतर्गत

नोनार गांव में आज दोपहर अचानक हाई टेंशन तार की चिंगारी के चलते खड़ी गेहूं की फसल पर आग लग गई

आग तुरंत विकराल रूप धारण कर ली थोड़ी देर में आग की ऊंची ऊंची लपटे उठने लगी

जब ग्रामीणों ने उठता धुवा व आग देखा तब हड़कंप मच गया

लोहदा नोनार सालिकपुर गांव के ग्रामीण आग बुझाने के लिए अपने-अपने घरों से बर्तनलेकर पहुंचे लेकिन काबू नहीं हो सकी

जिससे लोगों ने फायर ब्रिगेड व पहाड़ी थाना को सूचना दी लेकिन अधिकारीगण समय से फोन नहीं उठाया फिर कई घण्टे बाद कुछ पुलिस वाले व एक फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंचे अब आग पर काबू पा लिया गया है। गरीब किसानों का रो-रोकर बुरा हाल है किसानों का कहना है कि हमारे साल भर खाने का यही एक राशन था वह भी जलकर राख हो गया है अब हम क्या करें

वही आग बुझाने में सोनू साहू सेक्टर संयोजक राजेश राजपूत मथुरा राजपूत राज नारायण यादव राजकरण यादव विष्णु राजपूत छुट्टन राजपूत सहित भारी मात्रा में लोग रहे उपस्थित।

# सामूहिक विवाह सम्मेलन में पच्चीस जोड़ो ने लिए अग्नि के सात फेरे



**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान झांसी से ब्यूरो गिरवर सिंह की रिपोर्ट**


झांसी के मऊरानीपुर क्षेत्र के अंतर्गत श्री सिद्धेश्वर धाम वीर पहाड़ी सिजारी बुजुर्ग में सर्वजाति सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें पच्चीस जोड़े विवाह बंधन में बंधे। कार्यक्रम में भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप पटेल सर जी, नगर पालिका अध्यक्ष मऊ प्रतिनिधि आयुष श्रीवास अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान जिला महामंत्री पदीप पटेल सर जी ने आयोजनों को समाज की सोच में बदलाव के लिए काफी अहम बताया। उन्होंने कहा सामूहिक विवाह सिर्फ एक विवाह का आयोजन भर नहीं है, अपितु इसके प्रभाव और समाज हित में लाभ बड़े दूरगामी हैं। किसी कमजोर, जरूरतमंद या असहाय परिवार की कन्या का विवाह कराने से बढ़कर कोई पुण्य नहीं है। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह का बढ़ता प्रचलन समाज के भले के लिए काफी महत्वपूर्ण है। इससे समय की बर्बादी, दान-दहेज और फिजूलखर्ची जैसी कुरीतियों से भी समाज को मुक्ति मिल सकती है। आगे मेला के अवसर पर हम अपने ग्राम से मेला में सामूहिक विवाह कार्यक्रम शुरू करेंगे । इसक्रम में आयुष श्रीवास ने पढ़े-लिखे नौजवानों से अपील करते हुए कहा कि दहेज प्रथा के खिलाफ अभियान में योगदान दें।

हमें इस पहल का अनुसरण करने की जरूरत है। तभी बेटियों को बराबरी का अधिकार मिल पाएगा। इस मौके पर चंचल कंथारिया, दिनेश गौतम, हसन, पवन पटेल लारौनी, पंडित मनोज शास्त्री, आकाश नामदेव, आशीष सागर कार्यक्रम अध्यक्ष, हरिश्चंद्र श्रीवास , सुनील चौधरी धवाकर, सोनू श्रीवास रेवन, मोहित , प्रिंस, रोहित तिलेरा, रवेंद्र कुमार रब्बू सत्तवारा,राजकुमार, वीरेंद्र ,गौरव, सागर, जीत, अशोक, दिनेश, सुनील, माते पाल ,राजेश, अजय, लक्ष्मण कालीचरण, प्रमोद खदरका आशीष सिजारी एवं सब मस्त क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# आरोपियों के चचेरे भाई ने उपरोक्त मामले में उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की मांग की है वहीं पुलिस ने 10 लोगों को गैर कानूनी कार्रवाई करने का लगाया आरोप

चित्रकूट/रैपुरा - बीते दिनो भौंरी गांव में हुई घटना के मामले में आरोपियों के सगे चचेरे भाई मुन्ना लाल राजपूत मौजूदा ग्राम प्रधान ने विपक्षियों पर आरोप लगाते हुए कहा की गांव के विपक्षियों से मेरी भाई की चुनावी रंजिश के चलते किसी न किसी तरीके से झूठे मुकदमे में फसाने का कुचल रचते रहते है तथा गांव के व जाति के बालकृष्ण पुत्र बकलू मेरे भतीचे अखिल पुत्र मुन्ना लाल राजपूत से अपनी लडकी रूबी राजपूत से शादी करने की बात चलाई थी और दोनो पक्ष ये रिश्ता करने के लिए इच्छुक थे परंतु अखिल के खराब स्वास्थ्य एवम प्राथमिक उपचार के चलते तथा कुछ पारिवारिक असमंजस एवम शादी में होने वाली रश्मो को लेकर कुछ मद भेद और बाल कृष्ण राजपूत की शादी में गड़बड़ी होने की आशंका पर अपनी बेटी के माध्यम से मेरे भतीजे अखिल राजपूत के विरुद्ध बलात्कार का झूठा आरोप लगाकर सिविल कोर्ट में 156 (3) दहेज प्रथा सं.कर दिया गया, जिसमे आख्या थाने से आहुति की और जांच अधिकारी क्षेत्राधिकारी द्वारा जॉच कारवाई गई, जिसमे कथिक बलात्कार का कोई अपराध नही पाया गया तथा पीड़िता द्वारा उल्लेख कराया गया था की आरोपी अखिल द्वारा अपने



मोबाइल से फोन करके करके मुझे एक खेत पर बुलाकर उसके साथ बलात्कार किया गया परंतु क्षेत्राधिकारी महोदय द्वारा दोनो मोबाइल नंबरों की सी डी आर निकलवाकर यह प्रमाणित पाया गया की कथित घटना दिनांक में दोनो मोबाइल नंबरों पर कोई वार्ता नही हुई, यह की उपरोक्त कम मजि. द्वारा सम्बन्धित प्रकरण को परिवाद के रूप में चलाए जानें का आदेश किया और उक्त परिवाद पत्र पीड़िता की साक्ष्य हेतु नियत चल रहा था की दिनांक 9 अप्रैल को लगभग 4 बजे शाम पीड़िता ने अपने घर के अंदर ही उसके परिजनों द्वारा हत्या कर दी गई और पर्याप्त बिलंब से विरोधियों के षडयंत्र से मेरे चचेरे भाई मुन्ना लाल प्रधान व उसके 10 अन्य परिवारजनों जिनमे महिलाए व एक अवयस्क बालक को भी शामिल कर आत्महत्या की दुष्प्रेरणा दहेज की मांग व बलात्कार संबंधित अपराध धाराओं का झूठा प्रकरण पंजीकृत करवा दिया गया तथा यह कि विरोधियों के षडयंत्र से स्थानीय पुलिस भी सत्य असत्य का अन्वेषण न करते हुए सर्वथा धारा पक्ष्यपात पूर्ण तरीके से कार्रवाई करते हुए शव के पोस्टमार्टम की वीडियो ग्राफी नहीं करवाई गई और डॉक्टर को प्रभावित करके हत्या के मामलों को आत्महत्या की पोस्ट मार्डम रिपोर्ट बनवाई है तथा यह की घटना स्थल जहां पर मृतका को आत्महत्या करना दिखाया गया है वहां की स्थिति से स्पष्ट प्रकट होता है की मृतका उस स्थान पर हत्या कर ही नहीं सकती थी और प्राथमिकी में दहेज में 25 लख रुपए मांगने एवं शादी से मना कर देने का आरोप लगाने के पक्षपात मेरी जान जाने की बात कही गई परंतु धारा 156 (3) दहेज प्रथा सं.आवेदन पत्र में दहेज़ की मांग किए जाने का उल्लेख नहीं किया गया या की प्राथमिकी में मेरे चचेरे भाई मुन्नालाल व अन्य के विरुद्ध यह अक्षेप भी की मृतका/पीड़िता को बंधक बनाने में उसके साथ बलात्कार किए जाने में साजिश थी सर्वथा बनावटी है क्योंकि धारा 156 (3) में कोई साक्ष्य संकलन नही स्पष्ट नही पाया गया, इसलिए पुलिस महा निदेशक से लेकर यूपी के मुखिया को पत्र लिखकर स्पष्ट जॉच कराए जानें की मांग की है,।।

# सोलर पंप हेतु कृषकों के चयन एवं टोकन कंफर्म करने की ऑनलाइन व्यवस्था है जो पूरी तरह से पारदर्शी है

औरैया 20 अप्रैल।उप कृषि निदेशक प्रदीप कुमार ने अवगत कराया है कि जनपद में प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पी0एम0-कुसुम) योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024- 25 हेतु विभिन्न प्रकार के सोलर पम्पो हेतु पहले आओ - पहले पाओ के सिद्धांत पर ऑनलाइन बुकिंग के माध्यम से आवेदन दिनांक 27 फरवरी 2024 से प्राप्त किये जा रहे हैं। आवेदन के लिए विभागीय पोर्टल ह्वश्चड्डद्दद्धड्ढद्यह्लह्लद्ग.ह्वश्च.द्द1.द्बठ्ठ लक्ष्य की समाप्ति तक खुला रहेगा। बुकिंग कंफर्म होने पर एक ऑनलाइन बैंक चालान जनरेट होगा। चालान में इंडियन बैंक का खाता संख्या 7137069445 के नामित नोडल अधिकारी (पी0एम0 कुसुम) एवं वरिष्ठि वित्त एवं लेखा अधिकारी (प्रसार) बैंक में जमा कर सकते हैं। इच्छुक कृषक भाई सोलर पम्पों के लक्ष्यों की सीमा तक आवेदन कर सकते हैं।

उक्त के साथ यह भी अवगत कराया गया है कि जनपद में कृषकों जिनके द्वारा सोलर पंप हेतु आवेदन किया गया है, के पास किसी मोबाइल नंबर से सोलर पम्प का पैसा जमा करने हेतु फोन किया जा रहा है अथवा कृषि विभाग के संदेश के समतुल्य संदेश भेजा जा रहा है, कि आपको अधिकतम सब्सिडी की सुविधा दी जा रही है आपसे कृषक अंश कम लिया जा रहा है जो कि फ्रॉड है अवगत कराना है कि सोलर पंप हेतु कृषकों के चयन एवं टोकन कंफर्म करने की ऑनलाइन व्यवस्था है जो पूरी तरह से पारदर्शी या टोकन कंफर्म करने के पश्चात कृषि विभाग के पोर्टल पर कृषक के पंजीकरण मोबाइल नंबर पर मैसेज कृषि विभाग की तरफ से आता है। अतः कृषक भाइयों से अनुरोध है कि किसी भी धोखाधड़ी से बचें तथा किसी के बहकावे में न आए यदि आपके पास इस तरह की कोई कॉल एवं संदेश आता है तो तुरंत अवगत कराये तथा किसी भी जानकारी के लिए कृषि विभाग से संपर्क करें।

# अमनदीप कॉलेज ऑफ नर्सिंग ने रोगी की सुरक्षा बढ़ाने के लिए नर्सिंग क्षमता को बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान कुलदीप कुमार अमृतसर पंजाब**

अमनदीप कॉलेज ऑफ नर्सिंग ने अमनदीप हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से रोगी सुरक्षा में सुधार के लिए नर्सों की पूरी क्षमता का उपयोग करने पर केंद्रित एक राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया है। यह कार्यक्रम 18 अप्रैल को शुरू हुआ और इसमें देश भर के प्रमुख स्वास्थ्य सेवा पेशेवरों ने महत्वपूर्ण मुद्दों और नर्सिंग देखभाल की गुणवत्ता में सुधार के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं पर चर्चा की।

सम्मेलन का विषय था, ÷रोगी सुरक्षा बढ़ाने के लिए नर्सिंग क्षमता का उपयोग करना÷। यह सम्मेलन एक महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करता है। नर्सें रोगी के सकारात्मक परिणाम सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रसिद्ध विशेषज्ञों के नेतृत्व में प्रस्तुतियाँ, कार्यशालाएँ और पैनल चर्चाएँ शामिल हैं। प्रतिभागियों को निम्नलिखित का अवसर मिला÷

रोगी सुरक्षा के लिए नवीन दृष्टिकोणों का उपयोग करना,

नर्सिंग अभ्यास में नवीनतम रुझानों और चुनौतियों पर चर्चा करना,

सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करके और देश भर के सहयोगियों से सीखना,

अन्य स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों के साथ नेटवर्क बनाना इस दिन के मुख्य अतिथि थे डॉ. राजीव सूद, कुलपति- बाबा फरीद यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज पंजाब और सम्मानित अतिथि सिविल सर्जन डॉ. विजय कुमार थे। अमनदीप एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. अवतार सिंह, अमनदीप हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड की निदेशक डॉ. अमनदीप कौर, अमनदीप कॉलेज ऑफ नर्सिंग की जीएम डॉ. अनुप्रीत कौर भी वहां मौजूद थे।



डॉ. सूद ने कहा, ÷यह सम्मेलन नर्सों के लिए ज्ञान साझा करने, अपने कौशल विकसित करने और रोगी सुरक्षा को और बढ़ाने के लिए रणनीतियों पर सहयोग करने का एक मूल्यवान मंच था।÷ डॉ. अवतार सिंह ने कहा, ÷नर्सें स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली की रीढ़ हैं, और मरीजों को सुरक्षित और प्रभावी देखभाल प्रदान करने के लिए उनकी विशेषज्ञता आवश्यक है,÷ अमनदीप कॉलेज ऑफ नर्सिंग, नर्सिंग शिक्षा में उत्कृष्टता के लिए समर्पित एक प्रमुख संस्थान है। यह नवाचार और सहयोग की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है।



# लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर डीएम और एसपी ने कई मतगणना स्थलों का निरीक्षण कर दिए जरूरी दिशा निर्देश

।जिलानिर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पांडेय व पुलिस अधीक्षक इराज राजा ने प्रशासनिक टीम के साथ माधौगढ़ विकास खंड के थाना गोहन क्षेत्र के ग्राम सरावन स्थित मतगणना स्थल का निरीक्षण किया।उन्होंने स्ट्रांग रूम, वाहनों के पार्किंग स्थल, फायर सेफ्टी, सीसीटीवी, विद्युत सुरक्षा आदि के बारे में जानकारी ली। कहा कि मतगणना कक्ष में जालियां लगवाई जाय।बाहर से पूरे कमरों को पैक किया जाय।इसके बाद पूरी टीम के साथ डीएम व एसपी ने ब्लाक क्षेत्र के अति संवेदनशील मतदान स्थल गोहन,पडकुला, का भी निरीक्षण कर संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए साथ ही पोलिंग पार्टियो के उचित ठहराव व खाना प्रबंधन की भी व्यवस्था का जायजा लिया। इस मौके क्षेत्राधिकारी शैलेन्द्र बाजपेई ,तहसीलदार अमित शेखर, सचिव पवन तिवारी, थानाध्यक्ष दिव्यप्रकाश तिवारी सहित कई अधिकारी अधिकारी मौजूद रहे।

# मतदान के लिए जागरूक करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा अलग-अलग तरीके अपनाए जा रहे हैं

जिला मजिस्ट्रेट / जिला निर्वाचन अधिकारी नेहा प्रकाश के दिशा निर्देशन में लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान कराने को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। यही कारण है लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा अलग-अलग तरीके अपनाए जा रहे हैं। कही रैली के माध्यम से तो कहीं हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। इसी के तहत बीहड़ पट्टी के कम मतदान प्रतिशत वाले ग्राम सड़रापुर व भासौंन में लोगों को मतदान के प्रति जागरूकता को लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत रैली निकालकर मतदाता जागरूकता सह हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।



जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार के नेतृत्व व खण्ड शिक्षा अधिकारी अजय विक्रम सिंह की उपस्थिति में बीहड़ पट्टी के कम मतदान वाले क्षेत्र ग्राम पंचायत सरड़ापुर व भासौंन में लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस मौके पर लोगों को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने हस्ताक्षर कर इस अभियान में उत्साह के साथ भाग लिया। साथ ही लोगों ने कहा की वे लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। साथ ही अपने घरों व आस पड़ोस के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने का हर संभव प्रयास करने का भरोसा दिया। इस मौके पर एसआरजी सुभाष रंजन दुबे द्वारा उपस्थित ग्रामीणों को मतदान करने की शपथ दिलाई गई।

# स्वस्थ शरीर के लिये पौष्टिक आहार आवश्यक, उसी तरह स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान आवश्यक

## 94 केन्द्रों पर आयोजित सास बहू ननद सम्मेलन में लगभग चार हजार सदस्यों ने किया प्रतिभाग

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो चीफ सत्य नारायण गुप्ता**

बाराबंकीः 20 अप्रैल। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट के निर्देशन में मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए आज जनपद के 94 केन्द्रों पर सास बहू ननद सम्मेलन कराया गया, जिसमें 3993 प्रतिभागियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया। सम्मेलन में उपस्थित परिवार की सभी सास बहुओं और ननद को मतदान के मूल्य से अवगत कराया गया। सम्मेलन में उपस्थित सीडीपीओ, आंगनबाड़ी कार्यकत्री के द्वारा सभी को मतदान की शपथ दिलायी गयी। कार्यक्रम में सच्चे नागरिक की है पहचान, मतदान-मतदान, मतदान करने हम सबको जाना है। सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, वोट बहुमूल्य है, हम वोट डालने जाएंगे, मतदान हमारा अधिकारी है आदि स्लोगन के माध्यम से उपस्थित ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया।



बाल विकास परियोजना बंकी के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सास बहू ननद सम्मेलन कर समस्त प्रतिभागियों को आगामी 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया उपस्थित प्रतिभागियों ने मतदान करने की शपथ लेते हुए अन्य को भी मतदान करने हेतु प्रेरित किया है। सिरौलीगौसपुर के आंगनबाड़ी केन्द्र में सास बहू ननद सम्मेलन के माध्यम से प्रतिभागियों को बताया गया कि लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मतदान आवश्यक है। प्रतिभागियों ने मतदान करने की शपथ ग्रहण ली। उपस्थित प्रतिभागी ने कहा कि हम पहले मतदान करेंगे बाद में जलपान करेंगे। सूरतगंज के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर मतदान करने हेतु सम्मेलन किया गया जिसमें प्रतिभागियों को अवगत कराया गया कि लोकतंत्र की मजबूती के लिये उनका एक वोट भी अहम है इसलिये मतदान अवश्य करें। प्रतिभागियों ने कहा कि जैसे हमारे स्वस्थ शरीर के लिए पौष्टिक आहार आवश्यक है उसी प्रकार स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मतदान आवश्यक है। फतेहपुर के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सास बहू सम्मेलन के माध्यम से प्रतिभागियों को जागरुक किया गया कि जिस तरह से शरीर को स्वस्थ रखने के लिये पौष्टिक आहार आवश्यक है उसी तरह मतदान आवश्यक है इसलिये मतदान आवश्य करें। उपस्थित प्रतिभागियों ने शपथ ली कि वह पहले मतदान करेंगे उसके बाद अन्य काम करेंगे। बाल विकास परियोजना त्रिवेदीगंज के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर सास बहू ननद सम्मेलन के माध्यम से प्रतिभागियों को समझाया गया कि मतदान एक पर्व है जिसमें सभी लोग मिलकर प्रतिभाग करें और अपना बहुमूल्य वोट अवश्य डालें। प्रतिभागियों ने कहा कि एक-एक वोट कीमती है हम वोट डालने अवश्य जायेंगे।

# अपराधिक प्रवृत्ति एवं क्षेत्र में माहौल खराब करने वाले प्रतिबंधित 17 अनावेदको के विरुद्ध की गई बाउंड डाउन की कार्यवाही

**थाना राजनगर से 5, थाना नौगांव से 4 थाना कोतवाली, सिविल लाइन, बक्सवाहा से 2- 2 एवं थाना बड़ा मलहरा व थाना लवकुश नगर से एक-एक अनावेदक को किया जा चुका है बाउंड डाउन**

**अपराधिक प्रवृत्ति एवं क्षेत्र का माहौल खराब करने वाले करीब 3 हजार अनावेदक को निर्धारित समय के लिए क्षेत्र में सदाचार कायम रखने हेतु किया गया था प्रतिबंधित**

*सुरेंद्र पटेरिया केसरिया हिंदुस्तान छत्तरपुर/ मो.7509091263*

*पुलिस अधीक्षक श्री अगम जैन ने आगामी लोकसभा निर्वाचन शांति एवं निर्विघ्न संपन्न करवाने हेतु सभी थाना प्रभारी को क्षेत्र अंतर्गत आपराधिक प्रवृत्ति के लोग एवं क्षेत्र का माहौल खराब करने वाले, पूर्व से प्रतिबंध अनावेदक जो पुनः शर्तों का उल्लंघन कर अपराध या शांति भंग करें उनके विरुद्ध सख्त एक्शन कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है।*

इसी क्रम में जिले के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत राजपत्रित प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में कार्यवाही जारी है। एवं *थाना कोतवाली, सिविल लाइन, नौगांव



,बक्सवाहा, बड़ा मलहरा एवं राजनगर द्वारा 17 अनावेदक के विरुद्ध बाउंड डाउन की कार्यवाही की गई है*

***थाना कोतवाली-02***

1. बबलू उर्फ बाबूलाल
2. कृष्ण उर्फ़ मन्नू कोरी निवासी टोरिया मोहल्ला

*थाना सिविल लाइन-02*

1. रतन सिंह
2. वीरू खटीक

*थाना नौगांव-04*

1. परसू उर्फ परशुराम अहिरवार
2. प्रदीप नायक
3. नरेंद्र यादव
4. कल्लू उर्फ कालीचरण राय

*थाना राजनगर -05*

1. मुन्ना सिंह उर्फ विनोद
2. भूरा पटेल
3. रामस्वरूप पटेल
4. मनमोहन कुशवाहा
5. कोमल अहिरवार

थाना लवकुशनगर -01*

1. सुंदरम अहिरवार

थाना बक्सवाहा-02

1. हकीम खान
2. पलटू उर्फ भगवान दास

थाना बड़ा मलहरा-01

1. अर्जुन सिंह बुंदेला

थाना नौगांव एवं राजनगर द्वारा पुनः एक एक अनावेदक के विरुद्ध की गई कार्यवाही निम्नवत है-*

***थाना नौगांव***

1. कल्लू उर्फ कालीचरण राय निवासी ग्राम दौरिया अपराधिक गतिविधियों में लिप्त है। मारपीट, गाली गलौज अवैध वसूली, जुआ एक्ट संबंधी अनेक अपराध पंजीबद्ध हैं। माह अक्टूबर 2023 में धारा 110 सीआरपीसी के तहत सदाचार कायम रखने हेतु प्रतिबंधित किया गया था। जिसने अप्रैल महीने में पुनः अपराध किया। धारा 122 सीआरपीसी के तहत बाउंड डाउन की कार्यवाही की गई है।

**थाना राजनगर**

1. अनावेदक कोमल अहिरवार पिता बरजोरा अहिरवार निवासी ग्राम इमिलिया अपराधिक प्रवत्ति का है, गाली गलौज मारपीट, अवैध वसूली, सम्पत्ति को क्षति जैसे अपराध पंजीबद्ध हैं। माह मार्च में बाउंड ओवर किया गया था। निर्धारित अवधि में पुनः फरियादी के साथ गाली गलौज व मारपीट कर शर्तों का उल्लंघन करने पर धारा 122 दंड प्रक्रिया संहिता के तहत की कार्यवाही की गई।

इसी तरह जिले के समस्त थाना क्षेत्र अंतर्गत धारा 110 दंड प्रक्रिया संहिता के अंतर्गत बाउंड ओवर निर्धारित सीमा के लिए प्रतिबंधित अनावेदक जिन्हें क्षेत्र में सदाचार कायम रखने हेतु प्रतिबंधित किया गया है। पुनः अपराध या क्षेत्र का माहौल खराब या शांति भंग, शर्तों का उल्लंघन करने पर धारा 122 दंड प्रक्रिया संहिता के तहत इश्तगाशा अनुविभागीय दंडाधिकारी कार्यपालिक मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत कर कार्यवाही निरंतर जारी है।

# सिंगरौली जिले के श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर दुधमनिया में सामूहिक उपनयन संस्कार 26 को

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो सिंगरौली अनुरोध शुक्ला

सिंगरौली/- जिले के श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर सत्संग नगर दुधमनिया में 26 अप्रैल को मंदिर के संस्थापक गुंजारी लाल तिवारी द्वारा सामूहिक उपनयन संस्कार का आयोजन किया गया है गुंजारी लाल तिवारी ने कहा कि क्षेत्र में कई ऐसे परिवार हैं जो उपनयन संस्कार में राशि खर्च करने के बाद बच्चों को अच्छी शिक्षा नहीं दे पाते उनका मानना है कि जो उपनयन संस्कार में खर्च आता है अगर उसका बचत हो जाए तो उसी पैसे से बच्चों को पढ़ाया जा सकता है उन्होंने कहा कि मैं स्वयं अपने दो बच्चों को सामूहिक उपनयन संस्कार में शामिल किया हूं उनके उन्होंने कहा कि जिले के बच्चे हो या जिले से बाहर सभी को सामूहिक उपनयन संस्कार में शामिल किया जाएगा श्री तिवारी ने कहा कि समय से बच्चों के परिजन सूचित कर दें जिससे सामान की खरीदारी बच्चों के कपड़े की खरीदारी सही समय पर किया जा सके श्री तिवारी ने यह भी कहा कि कई विद्वान पंडितों को उपनयन संस्कार में बुलाया गया है अच्छे वैदिक उच्चारण एवं विधि विधान से उपनयन संस्कार का कार्य कराया जाएगा उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोई गरीब ही नहीं सामूहिक उपनयन संस्कार में शामिल होता है बल्कि सभी लोग मंदिर प्रांगण के होने वाले सामूहिक उपनयन संस्कार में अपने बच्चों को शामिल कर सकते हैं कहीं ना कहीं यह गुंजारी लाल तिवारी द्वारा एक सराहनीय कदम उठाया जा रहा है वैसे यह पहला वर्ष नहीं है जो श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर सत्संग नगर दुधमनियां में उपनयन संस्कार कराया जा रहा है बल्कि




पिछले वर्ष भी यहां सामूहिक उपनयन संस्कार कराया जा चुका है गुंजारी लाल तिवारी ने अपना मोबाइल नंबर साझा करते हुए कहा कि हमारे इस नंबर 8770681374 पर लोग संपर्क कर मुझे अपने बच्चों के कपड़ों का साइज बता सकते हैं जिससे समय रहते बच्चों के लिए कपड़ों की खरीदारी किया जा सके।





# सतना कलेक्टर ने ईवीएम कमीशनिंग के कार्य का लिया जायजा

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/ *रीवा संभाग ब्यूरो भूपेंद्र सिंह**

सतना /निर्वाचन आयोग के घोषित कार्यक्रमानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 में सतना संसदीय क्षेत्र के लिये मतदान 26 अप्रैल को किया जाना है। मतदान के लिये ईवीएम और वीवीपैट मशीनों का उपयोग किया जायेगा। मतदान प्रक्रिया में उपयोग होने वाली ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की कमीशनिंग का कार्य जिला मुख्यालय पर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक 1 सतना में किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अनुराग वर्मा ने शुक्रवार को ईवीएम कमीशनिंग कार्य का जायजा लिया। उन्होने विद्यालय के अलग-अलग कक्षों का भ्रमण कर विधानसभावार चल रहे कमीशनिंग कार्य की गतिविधियों का अवलोकन कर संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के एआरओ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी पूरी जिम्मेदारी और तत्परता से कार्य करें। सौंपी गई जिम्मेदारी के संबंध में निर्वाचन आयोग के निर्देशों तथा जिला निर्वाचन कार्यालय के निर्देशों का पालन करते हुए निर्वाचन संबंधी प्रक्रिया पूरी कराएं। मतदान में अब कुछ ही दिन शेष हैं। मतदान से जुड़ी सभी तैयारियाँ समय पर पूरी करना सुनिश्चित करें।

## मध्यप्रदेश के हरदा जिले में पटाखा फैक्ट्री धमाके के बाद बैरसिया क्षेत्र पटाखे दुकान एवं फैक्ट्रीयों में कार्रवाई कर सील की गई थी वह फिर संचालित की जा रही है

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान भोपाल संभाग ब्यूरो राजू मेहरा.9425727854

बैरसिया।। मध्य प्रदेश के हरदा जिले में पटाखा फैक्ट्री में बम धमाके में कई लोगों की जान जाने के बाद बैरसिया क्षेत्र में शासन प्रशासन द्वारा कई दुकानों का निरीक्षण किया गया था जिन पटाखा फैक्ट्री एवं फटाखा दुकान में अनमिताएं पाई गई थी उन दुकानों पर कार्रवाई कर सील कर दी गई थी आपको बता दे की बैरसिया एसडीम एवं एसडीओपी पुलिस द्वारा पूरे अमले के साथ क्षेत्र की फटाखा दुकान एवं फटाखा




फैक्ट्री में निरीक्षण कर करवाही की गई थी एवं कुछ दुकानों एवं फटाखा फैक्ट्री को सील किया गया था बंदीखेड़ी गांव के पास बैरसिया रोड भोपाल जिसमें से एक पटाखे दुकान है मनीष फटाका सेंटर जो कि शासन प्रशासन ने इसको सील किया गया था जिसमें कई अनियमिताएं पाई गई थी जैसे इस दुकान के ऊपर से 33 केवी और 11 केवी लाइट का मखड़ जाल फैला हुआ है पास में क्षेत्र में लाइट सप्लाई का पावर हाउस भी है यहां पर कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है यह दुकान फिर से संचालित की जा रही है इसके मालिक को शासन प्रशासन का कोई डर नहीं है बेखौफ होकर चल रहा है बारूद के ढेर की दुकान उसे किसी की परवाह नहीं बस अपनी दुकानदारी से उसको मतलब है उसका कहना है कि मेरी नेता और मंत्रियों एवं अधिकारियों से अच्छी पकड़ है मेरा कोई कुछ नहीं कर सकता इसी मलिक की एक पटाखा फैक्ट्री भी है जिसमें कई महिलाएं कम पैसे देकर विकलांग भी काम करते हैं।

## ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान के लिए शपथ दिलाई

केसरिया हिंदुस्तान रिपोर्टर सचिन टाँडी। आज भारतीय मानव अधिकार सहकार ट्रस्ट जिला देवास तहसील कन्नौद द्वारा ,ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर महिला पुरुष




एवं नवयुवक मतदाताओं को अपने मत के अधिकार के बारे में बताया, और उन्हें सत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया, कि आप अपने आसपास में रहने वाले लोगों को भी मतदान के लिए साथ में लेकर मतदान करने जाना हैं ,और अपना मत का उपयोग करना हैं, क्योंकि मतदान हमारा अधिकार है, और इससे अच्छे राष्ट्र का निर्माण होता है, और हमें लोकतंत्र को मजबूत बनाना है, इस दौरान जिला उपाध्यक्ष डॉ सुनील जलाँद्रै, जिला प्रवक्ता हरिओम मंडलोई, जिला महामंत्री सचिन टांडी, जिला सह सचिव आदर्श शुक्ला, जिला मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश टांडी, महिला जिला संरक्षक ज्योति वाघमोडे, सदस्य सुमेर सिंह दरबार गजेंद्र सिंह सिसोदिया मदन लाल चौहान, खाम सिंह परमार,

# चैत्र पूर्णिमा पर सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज द्वारा सतसंग व नामदान कार्यक्रम में सभी सपरिवार सादर आमंत्रित

***चैत में चेतो नहीं तो शरीर को चलने वाली शक्ति परमात्मा की अंश जीवात्मा हो जाएगी वैशाख***

सुल्तानपुर (उ.प्र.)हर महीने अमावस्या पूर्णिमा आते हैं, मनुष्य को चेताने के लिए की तुम्हारे जीने का समय खत्म होता जा रहा है और खर्च करने के लिए जो श्वांस मिला है वो खत्म होते ही शरीर धड़ाम से गिर जाएगा, सारा धन-दौलत, पूरा परिवार, सब छूट जाएगा और जीवन में किए हुए कर्मों की सजा मिल जाएगी, चौरासी लाख योनियों में श्रेष्ठ यह दुर्लभ मनुष्य शरीर बैसाख हो जाएगा। वक्त के समर्थ गुरु के पास पहुंचकर उपाय जान लो जिससे इस जीवन में कदम-कदम पर आ रही तकलीफों से छुटकारा पाकर नर्क-चौरासी से भी मुक्ति मिल जाए। तीरथ गए एक फल, सन्त मिले फल चार। सतगुरु मिले अनेक फल, कहत कबीर विचार।। जीवन में वक्त के सतगुरु बाबा उमाकान्त जी महाराज के दर्शन सतसंग व नामदान का अवसर आपको मिलने




जा रहा है। अतः आप सपरिवार समय से निम्न लिखित कार्यक्रम में पहुंचकर फायदा उठा लीजिए। ज्ञातव्य है कि यह वही बाबा उमाकान्त जी महाराज हैं जिनका सतसंग सुनने, नामदान लेकर भजन करने से दैहिक दैविक भौतिक कष्ट मिटते हैं और श्रद्धा भाव-भक्ति के अनुसार कामना भी पूरी होती है।

**उ.प्र. में बाबा उमाकान्त जी महाराज के प्रस्तावित सतसंग व नामदान कार्यक्रम**

चैत्र पूर्णिमा के उपलक्ष्य में परम पूज्य परम सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज द्वारा ( समय परिस्थिति अनुकूल रहने पर ) सतसंग व नामदान कार्यक्रम- 21 अप्रैल 2024, रविवार शाम 4 बजे से सतसंग स्थल- बाबा जयगुरुदेव आश्रम, जयगुरुदेव नगर, इटियाथोक-बलरामपुर रोड, जिला- गोण्डा, उत्तर प्रदेश, सम्पर्क- 9936029509, 9455122039 तथा 22 अप्रैल, सोमवार, शाम 5 बजे से व 23 अप्रैल मंगलवार प्रातः 5 बजे से (ध्यान-भजन-सतसंग) सतसंग स्थल- प्रतापगंज बाजार के पास भादा गांव, (सुल्तानपुर से प्रयागराज हाईवे पर) जिला- सुल्तानपुर, उत्तर प्रदेश सम्पर्क- 9452649493, 9415968903 में होगा। बाबा उमाकान्त जी महाराज के मुख्य आश्रम का पता- बाबा जयगुरुदेव धर्म विकास संस्था, जयगुरुदेव नगर, मक्सी रोड, उज्जैन (म.प्र.) संपर्क- 9575600700, 9754700200 अधिकृत यूट्यूब चैनल - जयगुरुदेवयूकेएम।

# नौगांव पुलिस ने हत्या का प्रयास करने की घटना को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को 12 घण्टे के भीतर गिरफ्तार कर भेजा जेल




***सुरेंद्र पटेरिया केसरिया हिंदुस्तान छत्तरपुर***

मो.7509091263

*धार्मिक प्रतिष्ठान में खाना खाने को लेकर हुए विवाद पर कुल्हाड़ी डण्डों से हमला कर किया था हत्या का प्रयास*

दिनांक 18.04.24 को फरियादी पीड़ित कालका प्रसाद उपाध्याय उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम सुकवां थाना नौगांव जिला छतरपुर (म.प्र.) ने रिपोर्ट दिनांक 17.04.2024 को माता पूजन में खाना खाने की वात को लेकर

1. बृजेन्द्र उपाध्याय,
2. अंकित उपाध्याय,
3. सानू उपाध्याय,
4. धर्मेन्द्र उपाध्याय,
5. संतोष उपाध्याय निवासीयान ग्राम सुकवां ने जान से मारने की नियत से कुल्हाड़ी डण्डों से मारपीट कर गंभीर चोटें पहुँचाई रिपोर्ट पर उक्त नाम ज़द आरोपियों के विरुद्ध धारा 307,323, 324,294,506,34 भादवि का प्रकरण पंजीबद्ध कर पीड़ित को अस्पताल पहुंचाया गया।

*पुलिस अधीक्षक छतरपुर श्री अगम जैन के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विक्रम सिंह व एसडीओपी नौगांव श्री चंचलेश मरकाम के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी नौगांव निरीक्षक सतीश सिंह एवं पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्रित कर आरोपियों की हर संभावित स्थानों में तलाश की गई* एवं दौरान तलाश पतारसी मुखबिर की सूचना पर दिनांक 19.04.2024 को

1. आरोपी अभय उर्फ सानू उपाध्याय उम्र 23 वर्ष एवं 2. विजय उर्फ बृजेन्द्र उपाध्याय उम्र 22 वर्ष निवासियान ग्राम सुकवां को मुखविर की सूचना पर 12 घण्टे के भीतर आरोपी के घर से विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया । विवाद कर हत्या के प्रयास के शेष आरोपियों की तलाश एवं विवेचना कार्यवाही जारी है।

# आलोट पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थ स्मेक खरीदने वाले दो और आऱोपियो को गिरफ्तार किया

**रिपोर्टर- दिनेश शुक्ला**




आलोट - पुलिस अधीक्षक राहुल कुमार लोढा के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा, अनुविभागीय अधिकारी शाबेरा अंसारी के मार्गदर्शन मे थाना आलोट पुलिस द्वारा कल दिनांक 19.04.2024 को प्राप्त मुखबीर की सूचना पर बडोद रोड देवनारायण गौशाला भोजाखेडी से आरोपी असलम पिता बाबु खाँ लखारा उम्र 33 साल निवासी बडा मालीपुरा जावरा व मोईन पिता कल्लु मेव मुसलमान उम्र 23 साल निवासी रतलामी गेट जावरा को 20 ग्राम स्मेक के साथ गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था।

उक्त अपराध की विवेचना के दौरान पीआर शुदा आरोपी मोईन व असलम द्वारा उक्त स्मेक आलोट के *लीलाधर पिता मांगीलाल ब्राम्हण शर्मा उम्र 58 साल निवासी रानीपुरा आलोट व खाजु पिता एहमद खाँ मुसलमान उम्र 50 साल निवासी खुदवाडी मोहल्ला आलोट* द्वारा मंगवाना और उनको देना बताने पर दोनो आऱोपियो को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल वारंट बनने पर जिला जेल रतलाम दाखिल किया गया है। प्रकरण मे स्मेक की तस्करी करने वाले मुख्य आरोपी की तलाश की जा रही है।

उक्त कार्यवाही मे थाना प्रभारी निरी सुरेन्द्र सिंह गाडरिया, सउनि अशोक चौहान, आर 400 अभिनन्दन, आर 241 अंकित काला ,आर. 508 आदिल, आर 1198 बाबुलाल मालवीय की मुख्य भुमिका व प्रआर 136 कोदर सिंह चारेल, प्रआर 26 कमलेश भण्डारी, आर 260 सुरेन्द्र सिंह, आर 604 कमल सिंह, आर 675 थामस भाभर, आर 1031 गोविंदराम कडोदिया का सराहनीय योगदान रहा है।

# *नौलखी में महायज्ञ की पूर्णाहुति पर 1 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने बैठकर ली प्रसादी

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान जिला ब्यूरो/ ब्रजेश रघुवंशी

*सुबह 10 से प्रारंभ हुआ भंडारा देर रात तक चला, शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालु भंडारे में शामिल हुए*

*गंजबासौदा।* वेत्रवती घाट स्थित नौलखी आश्रम पर विराट प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव, 33 कुंडीय श्री सीताराम अति महायज्ञ सहित अन्य धार्मिक आयोजनों की पूर्णाहुति पर शनिवार को विशाल महा भंडारे का आयोजन कथा स्थल पर किया गया जो सुबह 10 बजे से प्रारंभ होकर देर रात तक चला। भंडारे में शामिल हुए शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र से आए एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं को बैठाकर प्रसादी ग्रहण कराई गई। नगर के विभिन्न सामाजिक, धार्मिक, महिला मंडल की सदस्यों के साथ-साथ स्कूली बच्चे भी सेवादार के रूप में शामिल होकर प्रसादी. परोसने की व्यवस्था में सक्रिय दिखाई दिए। भंडारे में 1000 से अधिक कार्यकर्ताओं ने सेवाएं देकर वितरण व्यवस्था को अनुशासित तरीके से पूरे समय संचालित किया जिससे हर श्रद्धालु को मन भरकर सब्जी,पूड़ी और मीठे के रूप में बूंदी की प्रसादी मिली। नौलखी के श्रीमहंत राम मनोहर दास जी महाराज ने कथा स्थल पर श्रद्धालुओं को स्वयं प्रसादी परोसकर भंडारे का शुभारंभ किया। इधर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल द्वारा भी पूरे समय यज्ञ के दौरान निरंतर 10 दिन तक चलाए गए भंडारे में भी सवा लाख से अधिक श्रद्धालु प्रसादी ग्रहण कर चुके हैं, जिसका समापन 19 अप्रैल को हुआ।



***भंडारे में लगा 4000 लीटर तेल,100 कुंटल शक्कर, 100 कुंटल आटा और 75 कुंटल बेसन***

भंडारे में भोजन सामग्री बनाने वाले हलवाई नारायण उस्ताद ने बताया कि पूर्णाहुति के महा भंडारे के लिए 100 कुंटल शक्कर,75 कुंटल बेसन, 100 कुंटल,आटे की पूड़ियाँ, 4000 हजार लीटर रिफाइंड तेल और 50 कुंटल आलू,टमाटर की सब्जी तैयार की गई है। भोजन सामग्री बनाने के लिए 100 से अधिक कर्मचारी लगे हुए हैं। आज के महा भंडारी के लिए शहर सहित ग्रामीण क्षेत्र से श्रद्धालु रात तक अपने समर्थ अनुसार शक्कर,तेल,आटा, बेसन सहित नगद राशि की सेवा आश्रम पर चलकर भेज रहे थे। कथा स्थल पर भी भंडारे के दौरान श्रद्धालुओं का आर्थिक सहयोग निरंतर मिल रहा था।

**महायज्ञ में सेवा ऐसी कि ढाई लाख खर्च कर लगाया ठंडे पानी का प्लांट***

यज्ञ के दर्शनों के लिए आने वाले श्रद्धालुओं,यजमानों, ब्राह्मण और साधु संतों की सेवा के लिए नगर के मारवाड़ी परिवार द्वारा गुजरात से विशेष रूप से ठंडे पानी का प्लांट मंगाकर उसे आयोजन स्थल पर लगाया गया। नपा द्वारा प्लांट के लिए वॉटर वक्स से आरो पानी की सप्लाई दी गई। यज्ञ में चार स्थानों पर करीब 20000 लीटर रोज ठंडे पानी की 24 घंटे सप्लाई दी गई ताकि तेज गर्मी में भी ठंडा पानी उपलब्ध होता रहा। ठंडे पानी की सेवा देने वाले मारवाड़ी होटल के संचालक महेश अग्रवाल ने बताया कि यज्ञ में गर्मी को देखते हुए श्रद्धालुओं को ठंडा पानी मिले इसलिए उन्होंने गुजरात से चार एयर कूल्ड मशीनें बुलाई थीं।यह हमारा सौभाग्य रहा कि यज्ञ के दौरान उनके परिवार को ठंडे पानी की सेवा का मौका उनके परिवार को मिल सका।

***यज्ञ में सेवाएं देने वालों का नौलखी खालसा के श्रीमहंत ने माना आभार***

क्षेत्र की धर्म निष्ठ जनता ने 90 साल बाद हुए विराट पुराण प्रतिष्ठा महोत्सव में तन, मन और धन से सहयोग देकर इस धार्मिक आयोजन को निर्विघ्न रूप से संपन्न कराया है। यह वास्तव में अनुकरणीय और वंदनीय है। आज उनका सहयोग इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया है। यह कहना है नौलखी खालसा के श्री महंत राम मनोहर दास महाराज का। यज्ञ में सामग्री के अलावा आर्थिक रूप से सहयोग देने वाले शहर और ग्रामीण क्षेत्र जन, जनप्रतिनिधिगण,जिला प्रशासन, स्थानीय प्रशासन,पुलिस प्रशासन,राजस्व विभाग,नगर पालिका,स्वास्थ्य विभाग, विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल, जागृति महिला मंडल, गिरिराज महिला मंडल, ब्राह्मण दल, श्रमदान दल, पंचायत सचिव एवं रोजगार संघ, सहकारी बैंक कर्मचारी संघ,प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, किन्नर समाज, ग्राम मांगरोद सेवा मंडल सहित नगर के अनेक सामाजिक,धार्मिक और राजनीतिक संगठनों के अलावा सहित आयोजन यज्ञ में निस्वार्थ रूप से सेवाएं देने वाले सभी प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष सहयोगियों के यशस्वी, दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए आभार माना है।

# भाजपा ओर कांग्रेस ने हर मतदाता को लुभाने के लिए घर घर दस्तक देने के लिए कमर कस ली

सिरोंज - लोकसभा चुनाव के लिए 7 मई को सागर संसदीय क्षेत्र का मतदान होना है भाजपा ने जहाँ अपनी लिस्ट में सागर लोकसभा क्षेत्र से डा लता वानखेड़े को अपना प्रत्याशी घोषित कर चुनाव का आगाज़ कई दिन पहले कर दिया था लेकिन कांग्रेस पार्टी ने काफी दिनों बाद गुडडू राजा का नाम सागर लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार के रूप मे घोषित किया है

सागर लोकसभा चुनाव के लिए लात वानखेड़े का नाम घोषित होने से पहले ही क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक उमाकांत शर्मा ने लोकसभा चुनाव के लिए चुनाव कार्यलय का उद्घाटन कर दिया था उमाकांत शर्मा के मार्गदर्शन में जहाँ भाजपा कार्यकर्ताओं को उम्मीद है की भाजपा उम्मीदवार डाक्टर लता वानखेड़े को सिरोंज लटेरी विधानसभा क्षेत्र से एतिहासिक जीत मिलेगी। सिरोंज लटेरी विधानसभा क्षेत्र की कमान खुद उमाकांत शर्मा ने सभाल रखी है वही लटेरी अन्नाद पुर क्षेत्र मे उमाकांत शर्मा के मार्गदर्शन में ही लटेरी क्षेत्र में हर बुथ पर जाकर कार्यकर्ताओं से बुथ जीतने का अव्हान कर रहे हैं जिससे उम्मीद लगाई जा रही है कि विधायक उमाकांत शर्मा के नेतृत्व में सिरोंज लटेरी विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार में भाजपा कांग्रेस के मुकाबले क़ोसो आगे चल रही है।

### कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गगनेद्र , सुरेन्द्र सिरोंज लटेरी विधानसभा क्षेत्र का ज़िम्मा समाले हुए हैं*

हाल के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के विधानसभा उम्मीदवार रहे वरिष्ठ कांग्रेस नेता गगनेद्र रघुवंशी को उनके अनुभव के लिए कांग्रेस ने रघुवंशी को सागर लोकसभा क्षेत्र के सिरोंज लटेरी विधानसभा क्षेत्र का ज़िम्मा सोंपा है




जिसका लाभ कांग्रेस पार्टी को मिलने की उम्मीद है गगनेद्र रघुवंशी लगातार विधानसभा क्षेत्र के हर गांव में पहुँच कर कांग्रेस के पक्ष में मतदान के लिए अपील कर रहे हैं। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं से चुनाव के लिए अलग अलग जगह मिटिंग कर कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी गुडडू राजा बुंदेला जीतने के लिए सक्रिय कर रहे हैं कांग्रेस पार्टी के सागर लोकसभा चुनाव सहा प्रभारी सुरेन्द्र रघुवंशी को सिरोंज लटेरी विधानसभा क्षेत्र का ज़िम्मा कांग्रेस ने दे रखा है सागर लोकसभा चुनाव रघुवंशी के मार्गदर्शन में लटेरी क्षेत्र का चुनाव का ज़िम्मा नगर कांग्रेस अध्यक्ष नीरज अग्रवाल समाले हुए हैं

अग्रवाल लगातार लटेरी अन्नादपुर क्षेत्र मेंह्व कांग्रेस के पक्ष में अपील कर रहें हैं

क्षेत्र के कार्यकर्ताओं के साथ लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मिटिंग कर कार्यकर्ताओं में कांग्रेस के पक्ष में चुनाव प्रचार प्रसार के लिए हर बुथ पर जाने का अव्हान कर रहे हैं।

भाजपा के कार्यकर्ता एवं समर्थक डाक्टर लता वानखेड़े के पक्ष में चुनाव प्रचार में खुद के धन खर्च कर वानखेड़े के पक्ष में मतदान करने की विधानसभा क्षेत्र अपील कर रहे हैं सुत्रों की माने तो हर घर हर गांव पर भाजपा के पक्ष में लेखन कार्य हो रहा है जिस का ज़िम्मा लता वानखेड़े के समर्थक खुद के धन से कर रहे हैं

सिरोंज लटेरी विधानसभा क्षेत्र में लता वानखेड़े के सेंकडो समर्थक हैं जिस का फायदा भाजपा को मिलने की उम्मीद जताई जा रही है

वही कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी गुडडू राजा बुंदेला द्वारा हाल ही में विधानसभा चुनाव के पहले जो कारो का क़ाफ़िला निकाला था उससे गुडडू राजा बुंदेला की पहचान बनी थी उसे गुडडू राजा बुंदेला को काफी फायदा मिलने की उम्मीद है

### पहली बार महिला सागर लोकसभा क्षेत्र से संसद हो सकती है

सागर लोकसभा क्षेत्र में डाक्टर लता वानखेड़े को इस लिए भी जनता का समर्थन मिल रहा है कि पहली बार किसी महिला को लोकसभा का भाजपा ने उम्मीदवार बनाया है लता वानखेड़े महिला होने के नाते महिलाओं में लता वानखेड़े के प्रति उत्सुकता है क्या महिलाएं लता वानखेड़े को अपना मत दे पाएगी ये तो वक्त बताएगा

### वही हाल ही में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस मे आये सागर लोकसभा प्रत्याशी

गुडडू राजा बुंदेला ने क्षेत्र में चुनाव कार्यालय खोल कर चुनाव प्रचार प्रसार शुरू कर दिया है जिससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र में कांग्रेस के प्रति मतदाता के बीच जाना शुरू कर दिया है

## पत्रकार से दुर्व्यवहार के मामले में एसपी को सोपा ज्ञापन

### पत्रकार संघ ने कार्यवाही की मांग की है..!

*पत्रकार के मामले में एसपी ने एसडीओपी को दिए जांच के आदेश?*

शाजापुर~ पत्रकारों के साथ बढ़ता दुर्व्यवहार को लेकर समय-समय पर दर्जनों संगठनों के द्वारा प्रदेश सरकार को सुरक्षा कानून को लेकर ज्ञापन भी सोपे जाता है सिस्टम में बैठे राजनेताओं के द्वारा मंचों से पत्रकार की सुरक्षा की बात जरूर कही जाती है पर धरातल पर पत्रकार के साथ में दूरव्यवहार होता हुआ दिखाई दे रहा है। दरअसल मामला इस प्रकार है,थाना सुंदरसी में पदस्थ आरक्षक पप्पू जाट द्वारा पत्रकार असलम शाह के साथ कवरेज के समय दुर्व्यवहार किया गया इस दुर्व्यहवार को लेकर सभी पत्रकार जनों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया घटना दिनांक 13 अप्रैल 2024 की है जिसमें पत्रकार असलम शाह थाना सुंदरसी में किसी मैटर को लेकर कवरेज करने गए थे उसी दौरान उनके पास पप्पू जाट आरक्षण आकर दुर्व्यवहार किया एवं अभद्रता पूर्ण रवैया अपनाया तथा थाने से बाहर निकल जाने को कहा इसी बात को लेकर पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह राजपूत को पत्रकार जनों ने ज्ञापन दिया गया कप्तान के द्वारा शीघ्र ही बेरछा एसडीओपी को जांच के आदेश दिए गए है।।

## स्वीप प्लान अन्तर्गत मण्डलेश्वर के मतदाताओं को मतदान प्रति जागरूक करने के उददेश्य से स्वीप प्लान का शुभारभ किया गया,

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान विकास यादव खरगोन जिला ब्यूरो चीफ

मण्डलेश्वर। स्वीप प्लान अन्तर्गत मण्डलेश्वर के मतदाताओं को मतदान प्रति जागरूक करने के उददेश्य से स्वीप प्लान का शुभारभ किया गया, ताकि मण्डलेश्वर में 100 प्रतिशत मतदान सुनिश्चित हो सके। मुख्य नगर पालिका अधिकारी शिवजी आर्य के निर्देश पर जय नगर कालोनी एवं सिल्वर सिटी कालोनी, ग्रीन पार्क कालोनी , बडवाह रोड आदि स्थानो पर मतदाताओं को लोकसभा निर्वाचन दिनांक 13/05/2024 को मतदान हेतु प्रेरित किया गया एवं मतदाता शपथ दिलवाई गई, उपस्थित नागरिको द्वारा भी अभियान से प्रेरित होकर शपथ ली गई । मतदाता जागरूकता अभियान निरन्तर चलाया जावेगा जिससे की नागरिक मतदान के प्रति जागरूक रहे। मतदाता जागरूकता अभियान दल में निकाय के स्वीप प्लान प्रभारी सुखदेव डावर, फिरोज खान, महेश पाटीदार, सचिन भालसे, शैलेन्द्र भार्गव, सुभाष गाडगे, जितेन्द्र केवट उपस्थित रहे।

## बरमंडल में भव्य कलश यात्रा निकली

जिला ब्यूरो धार/मो. 9424075866



धार - बरमंडल में नृसिंह मंदिर में जीर्णोद्धार के पश्चात पुनः शिव परिवार, राधाकृष्ण भगवान के प्राण प्रतिष्ठा का महोत्सव व हरिहर महायज्ञ शनिवार को भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। अतिप्राचीन श्री गणेश मंदिर से भगवान के पूजन अर्चन के पश्चात बैंड बाजों के साथ भव्य कलश यात्रा प्रारंभ हुई कलश यात्रा में बड़ी संख्या में बालिकाएं, महिलाएं सिर पर कलश धारण कर चल रही थी साथ भजनों की धुन पर युवक युवतियां महिलाएं नृत्य कर यात्रा की अगवानी कर रहे थे। श्री नृसिंह मंदिर पहुंचने के पश्चात प्रायश्चितकर्म, जलयात्रा, मंडप प्रवेश, अग्निस्थापना के पश्चात प्रतिमाओं का जलाधिवास संस्कार संपन्न हुआ तत्पश्चात रात्रि में विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया।

## आबकारी अमले ने 350 मदिरा पाव के साथ आल्टो कार की जब्त

ओमप्रकाश परमार

देवास। आगामी लोकसभा चुनाव की आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए आबकारी विभाग ने मदिरा के अवैध परिवहन पर बड़ी कार्रवाई की है। कार्रवाई में मदिरा के कुल 350 पाव एवं ऑल्टो कार के साथ एक आरोपी भी गिरफ्तार किया है। आबकारी अधिकारी विजय कुचेरिया ने बताया कि कलेक्टर देवास ऋष्रव गुप्ता एवं सहायक आयुक्त आबकारी श्रीमती मंदाकिनी दीक्षित के मार्गदर्शन एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी कमलसिंह सिकरवार के निर्देशन में मुखबिर की सुचना पर सतवास के पास ग्राम धायडी में खातेगांव रोड पर ऑल्टो कार एमपी 04 एचए 5654 की तलाशी लेने पर कार की पिछली सीट पर कपड़े से ढकी गत्ते की पेटियों में 350 पाव देशी मदिरा प्लेन के जप्त किए गए । मदिरा की कुल मात्रा 63 बल्क लीटर जप्त की



गई। आरोपी रामनारायण पिता श्रीकिशन जायसवाल निवासी ग्राम धायडी को मौके से गिरफ्तार किया गया। मदिरा की मात्रा 50 बल्क लीटर से अधिक होने के कारण आरोपी के विरूद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मदिरा एवं कार की अनुमानित बाजार मूल्य 1 लाख 24 हजार 500 रूपये है। कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक खातेगांव विजय कुचेरिया, कन्नौद कैलाश जामोद, आबकारी आरक्षक शंकरलाल परते, निहाल खत्री की भूमिका रही। अवैध शराब बिक्री एवं परिवहन के विरूद्ध इस प्रकार की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# दर्दनाक हादसा: यात्रियों से भरी बस अनियंत्रित होकर पलटी, हादसे में 1 की मौत, 30 से अधिक घायल

### कलेक्टर और एसपी भी पहुंचे घटनास्थल, कई गंभीर घायलों को किया गया रैफर

इंदौर संभाग ब्यूरो(भगवान मुजाल्दा)

-अहमदाबाद फोरलेन पर राजगढ़ के समीप ग्राम फुलगावड़ी में धार से कुक्षी जा रही एक यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 3 लोगो की मौत और 30 से 35 यात्री घायल बताए जा रहे है। सभी घायलों को सरदारपुर के सामुदायिक स्वास्थय केंद्र भेजा गया है। हादसे की सूचना पर कलेक्टर प्रियंक मिश्रा और पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह भी मौके पर पहुंचे है।

जानकारी के अनुसार धार से कुक्षी जा रही यात्री बस एमपी-13 जीए-2052 राजगढ़ के समीप ग्राम फुलगावड़ी में अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में एक युवक की मौत हो वहीं 30 से अधिक यात्री घायल हो गए है। घायलों को ग्रामीणों की मदद से स्थानीय अस्पताल भेजा गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर घायलों को धार जिला चिकित्सालय रैफर किया है। हादसे की सूचना पर जिला अस्पताल से भी एक डॉक्टरों की टीम राजगढ़ के लिए रवाना की गई है।

**7 माह की मासूम घायल:** बस हादसे में 7 माह की मासूम हिमायु पिता रामू मेड़ा को भी सिर में गंभीर चोट आई है जिसे राजगढ़ से धार जिला चिकित्सालय रैफर किया गया। हादसे में घायल दि?या मेड़ा ने बताया कि बस फुलगावड़ी के समीप उतार में अचानक से पलट गई। हादसे के वक्त 7 माह की मासूम उसकी गोद में थी जिसे सिर में गंभीर चोटे आई है।



**कलेक्टर-एसपी भी पहुंचे** ~ हादसे की सूचना पर कलेक्टर प्रियंक मिश्रा और पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार सिंह भी सिवील अस्पताल पहुंचे और घायलो से चर्चा कर एसडीएम मेघा पंवार को घायलों के उचित उपचार के निर्देश दिए। धार जाते वक्त दोनों अधिकारियों ने घटनास्?थल का निरीक्षण भी किया।

पूर्व में भी हो चुके है हादसे ~ एक वर्ष पुर्व भी इंदौर-अहमदाबाद फोरलेन पर मांगोद से सरदारपुर के बीच आधा



दर्जन सडक हादसो मे 20 से अधिक लोगो की मौत हो चुकी है। अब एक बार फिर एक वर्ष बाद हुये इस दर्दनाक हादसे ने पुराने जख्मो को ताजा कर दिया। फोरलेन पर वैसे मार्ग कई स्थानो से उखड चुका है लेकीन इसकी मरम्मत की और जवाबदार ध्यान तक नही दे पा रहे है।

## सभी मतदान केन्द्रों की वोटिंग मशीनें स्ट्रांग रूम में सील

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

ब्यूरो सिंगरौली अनुरोध शुक्ला



सिंगरौली/- लोकसभा निर्वाचन के लिए जिले के तीनों विधान सभा क्षेत्रों में मतदान समाप्त होने के बाद मतदान दल देर रात तक वापस लौटे। इस संबंध में जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रशेखर शुक्ला ने बताया कि जिले के कुछ मतदान केन्द्रों में निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के बाद भी मतदान जारी रहा। मतदाताओं को पीठासीन अधिकारियों ने पर्ची देकर मतदान कराया। मतदान समाप्त होने के बाद देर रात तक सभी मतदान दल जिला मुख्यालय वापस लौट आए। उन्होंने बताया कि देर रात तक सभी दलों से सुव्यवस्थित तरीके से मतदान सामग्री, वोटिंग मशीन, मत पत्र लेखा तथा पीठासीन अधिकारी डायरी संकलित की गई। सभी वोटिंग मशीनें को स्ट्रांग रूम में सील बन्द की गई। मत पत्र लेखा एवं अन्य चुनाव सामग्री संकलित की गई। इसके आधार पर पूरे जिले के सभी 817 मतदान केन्द्रों के कुल मतदान की संख्या प्राप्त कर उसे संकलित किया गया। कडी सुरक्षा व्यवस्था के बीच तीन अलग-अलग स्ट्रांग रूम में तीनों विधान सभा क्षेत्रों की वोटिंग मशीनें सील बन्द की गई हैं। उन्होंने बताया कि चुनाव कार्य के लिए अधिग्रहित किए गए सभी वाहन प्रातः काल तक मुक्त कर दिए गए हैं। जैसे-जैसे मतदान दल पहुंचते गए उनके उपयोग के लिए अधिग्रहित वाहन मुक्त किए जाते रहे। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद झा, अपर कलेक्टर पी.के सेन गुप्ता, एसडीएम सिंगरौली सृजन बर्मा, एसडीएम चितरंगी सुरेश जाधव, एसडीएम देवसर अखिलेश सिंह, एसडीएम माड़ा राजेश शुक्ला , नगर निगम आयुक्त डी.के शर्मा आदि उपस्थित रहे।



## मतदाताओ को जागरूक करने के लिए शिक्षकों ने निकाली बाइक रैली

ओमप्रकाश परमार,

देवास। मतदाताओ को जागरूक करने एवं अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुसमानिया के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बाइक रैली निकाली। और सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो के नारे लगाकर कुसमानिया के प्रमुख मार्ग के चौराहों पर मतदाताओं से आगामी 7 मई को लोकसभा के होने वाले मतदान के लिए अपील की। साथ ही जागरूकता अभियान में ग्रामीणों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। बाइक रैली में संस्था प्रभारी किशनलाल जाटव, ओमप्रकाश उपाध्याय, शोहराज खान, विनोद यादव, श्रीमती ज्योत्सना तड़वाल, श्रीमती कीर्ति दुबे, श्रीमती पम्मी कुंडल, भुरू शेख, राजेंद्र ठाकुर, इलियास खान, रोहित जाट, गोपाल मंडवाल, सुनील इवने आदि सम्मिलित रहे।

## चुनाव संपन्न कराने में लगे अधिकारी कर्मचारियों का कलेक्टर ने जताया आभार

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो सिंगरौली अनुरोध शुक्ला

सिंगरौली/- लोकसभा निर्वाचन के लिए जिले की तीनो विधानसभा क्षेत्रों में शांति पूर्वक मतदान सम्पन्न कराने पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रशेखर शुक्ला ने अधिकारियों तथा कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होनें ने कहां कि सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों की कड़ी मेहनत एवं सौपे गये उत्तर दायित्व के ठीक से निर्वाहन के कारण मतदान निंविघ्न संम्पन्न हुआ। किसी क्षेत्र से किसी अप्रिय घटना की सूचना नही मिली। सभी मतदान केन्द्रों में सुगमता के साथ मतदान संम्पन्न हुआ। कलेक्टर ने मतदान के दौरान कानून और व्यवस्था बनाये रखने के लिए तैनात सभी पुलिस अधिकारियों तथा सुरक्षा बलों के प्रति भी आभार व्यक्त किया है। उन्होनें ने सभी सेक्टर आफिसरों, पीठासीन अधिकारियों मतदान अधिकारियों तथा मतदान से जुड़े सभी



अधिकारियों कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है।



## विदिशा प्रेस क्लब के ब्लॉक अध्यक्ष ने साथियों सहित की जिला कलेक्टर महोदय से सौजन्य भेंट

विदिशा कार्यालय मे विदिशा जिले के कलेक्टर महोदय से प्रेस क्लब, एवं ऑल इण्डिया मुस्लिम त्योहार कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष डॉक्टर वसीम खान ने अपने साथियों सहित सौजन्य भेंट कर त्योहारों से संबंधित, और पत्रकारों की समस्याओ से संबंधित चर्चा की जिस पर कलेक्टर बुद्धेश कुमार महोदय ने ध्यान से बातो को सुना ब्लॉक अध्यक्ष डॉक्टर वसीम के,साथ विदिशा जिला प्रेस क्लब के कोषाध्यक्ष मोनिश शाह, पत्रकार वसीम अख्तर इमरान, वाजिद कुरैशी, वाहिद गोरी उपस्तिथ थे



## डीआईजी एवं अपर आयुक्त रीवा ने किया मतदान केंद्रों का निरीक्षण

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान ब्यूरो सिंगरौली अनुरोध शुक्ला

सिंगरौली /- लोकसभा निर्वाचन 2024 सीधी संसदीय क्षेत्र के तहत सिंगरौली जिले के विधानसभा क्षेत्र 79 चितरंगी, 80 सिंगरौली तथा 81 देवसर के मतदान केन्द्रो भ्रमण डीआईजी रीवा जोन साकेत प्रसाद पाण्डेय एवं अपर आयुक्त रीवा संभाग अरूण परमार के अवलोकन किया गया। एवं जिला मुख्यालय में स्थापित सीसीटीव्ही बेवकास्टिंग कांट्रोल रूम, जीपीएस कंट्रोल रूम का भी अवलोकन किया गया। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रशेखर शुक्ला, पुलिस अधीक्षक श्रीमती निवेदिता गुप्ता, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश सहित डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की एवं नोडल अधिकारी पी.के मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

# कमिश्नर एवं एडीजीपी की समझाईश पर मतदाताओं ने किया मतदान



### कमिश्नर एवं एडीजीपी ने विभिन्न मतदान केंद्रो का किया निरीक्षण

शहडोल। लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु शहडोल संसदीय में हुए मतदान प्रक्रिया के दौरान कमिनर शहडोल संभाग बीएस जामोद एवं एडीजीपी डीसी सागर ने अनूपपुर जिले विकासखण्ड पुष्पराजगढ़ के शासकीय माध्यमिक विद्यालय डोंगरिहा एवं चटुवा मतदान केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर एवं एडीजीपी ने मतदाताओं को मतदान का महत्व बताया और उन्हें मतदान करने के लिए प्रेरित किया। कमिष्नर एवं एडीजीपी की समझाईश पर शासकीय माध्यमिक विद्यालय डोंगरिहा एवं चटुवा मतदान केंद्र के मतदाताओं ने मतदान केंद्र पहुंचकर सशक्त लोकतंत्र के मतदान किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक जितेंद्र सिंह, संयुक्त आयुक्त विकास मगन सिंह कनेश सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थें।

# शहडोल जिले में शान्तिपूर्ण मतदान सम्पन्न, मतदाताओं ने उत्साह पूर्वक किया मतदान

### जिले में लगभग 66.84 प्रतिशत हुआ मतदान, मतदान केन्द्र 277 चंदनिया खुर्द में हुआ शत-प्रतिशत मतदान

शहडोल। लोकसभा निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत आज शहडोल जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों में शान्ति पूर्ण मतदान सम्पन्न हुआ। मतदान दिवस पर आज मतदाताओं ने प्रजातंत्र के महायज्ञ में उत्साह पूर्वक मतदान किया मतदान दिवस पर युवाओं महिलाओं, बुजुर्ग एवं वरिष्ठ मतदाताओं एवं मीडिया कर्मियों ने उत्साह पूर्वक मतदान किया। ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान केन्द्रों पर सुबह से ही मतदान केन्द्रों में मतदाताओं की भीड़ देखी गई, मतदान केन्द्रों में उत्साह का वातावरण था, मतदान केन्द्रों पर निशक्त मतदाताओं, बुजुर्ग मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई थी। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार



शहडोल जिले में लगभग 66.84 प्रतिशत मतदान हुआ। जिले के जयसिंहनगर विकासखंड के ग्राम पंचायत बंधवाबाडा के मतदान केन्द्र कमांक 277 चंदनिया खुर्द के मतदाताओं ने शत प्रतिशत मतदान कर इतिहास रचकर लोकतंत्र के प्रति अपनी आस्था का परिचय दिया। मतदान केन्द्र क्रमांक 277 में 337 मतदाता थे। जिन्होनें शत प्रतिशत मतदान किया। लोकतंत्र के इस महापर्व में बुजुर्गो महिलाओं, दिव्यांग जनों एवं बच्चों के लिए मतदान केन्द्रों में विशेष व्यवस्थाएं की गई थी। शहडोल जिले में सुचारू और शांति पूर्ण मतदान कराने के लिए कमिश्नर शहडोल संभाग बीएस जामोद, एडीजीपी शहडोल जोन डीसी सागर, डीआईजी सुश्री सविता सुहाने, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरूण भटनागर एवं पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक ने विभिन्न मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। तथा व्यवस्थाओं की सतत मानीटरिंग की।

# बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व पहुंचे वियतनाम की टीम, वन्य प्राणियों और वनों के संरक्षण की इंक्लोजर और बाड़े के बारे में जानेंगे अधिकारी

शहडोल/उमरिया। बाघों के लिए और वनों के साथ प्राकृतिक सुंदरता के लिए विश्व प्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में वियतनाम से 45 अधिकारियों का दल पहुंचा है। वियतनाम से पहुंचे अधिकारियों ने बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के जंगलों की सैर करने के साथ-साथ बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन की जंगल की सुरक्षा और व्यवस्था की जानकारी ली। वियतनाम के अधिकारी तीन दिनों तक बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में रहकर अधिकारियों के साथ जंगल और प्रबंधन की तैयारियों की जानकारी लेने के साथ-साथ जंगल पहुंचकर प्रबंधन द्वारा कराए गए कार्यों को देखकर संरक्षण और सुरक्षा को जानेंगे। तीन दिनों में शुक्रवार को बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के अधिकारी वियतनाम के अधिकारियों को



प्रजेंटेशन से अर्पित मेराल, राहुल किरार ने भारत मे संरक्षित क्षेत्र प्रबंधन, वन्यजीव चिकित्सक नितिन गुप्ता वन्यजीव स्वास्थ प्रबंधन, जीव विज्ञानी और तेजस करमरकर ने गौर पुनर्स्थापन की जानकारी दी। बीटीआर के अधिकारी को वनों को संरक्षित करने आग से बचाने, वन्य प्राणियों की सुरक्षा, जंगलों में पानी की व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी। दल के मुखिया वू वान हंग ने भारत मे और बांधवगढ़ में बाघ संरक्षण की प्रशंसा की और इसी तरह संरक्षण प्रक्रियाओ को अपनाने की बात कही। शनिवार को वियतनाम के अधिकारी बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के जंगलों को घूम कर कार्यों को देखेंगे। वियतनाम के अधिकारियों को बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के इंक्लोजर और बारहसिंगा के बाड़े की जानकारी दी जाएगी।



## पुलिस ऑब्जर्वर व राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम सील

शहडोल। लोकसभा निर्वाचन हेतु शनिवार को पुलिस ऑब्जर्वर के वी मोहन राव, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तरुण भटनागर, पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक व राजनैतिक दल के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में बनाए गए स्ट्रांग रूम में ईवीएम मशीनों को सील किया गया। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अमृता गर्ग, अनु विभागीय अधिकारी अरविंद शाह, श्रीमती ज्योति सिंह परस्ते, नरेंद्र सिंह धुर्वे सहित राजनैतिक दल के प्रतिनिधि उपस्थिति थे।



## भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में शुरू हुआ चुनावी जनसम्पर्क

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान भोपाल संभाग ब्यूरो राजू मेहरा.9425727854

बैरसिया। भारतीय जनता पार्टी ने शनिवार से भोपाल लोकसभा प्रत्याशी आलोक शर्मा का चुनावी जनसंपर्क शुरू कर दिया है। इसकी शुरुआत बैरसिया विधायक विष्णु खत्री ने कार्यकर्ताओं के साथ ग्रामीण मंडल के ग्राम सेमरा कलां में राथसभा से शुरू किया। प्रचार के दौरान विधायक विष्णु खत्री ने कहा अबकी बार 400 पार करना है। यह चुनाव देश के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य देश को विकसित भारत बनाना है। उन्होंने कहा बंधुआ वह दिन दूर नहीं जब भारत की ताकद का दुनिया मे डंका बजेगा। यह सिर्फ प्रधानमंत्री के विजन और कर्मठता से ही संभव हो पायेगा। आज देश में जितने बड़े निर्णय हुए है। वह 60 साल से सत्ता में जमी रही कांग्रेस नहीं कर पाई थी। जब रामलला अयोध्या में विराजने वाले थे तो कांग्रेस के नेताओं को इतना बुरा लगा कि आमंत्रण तक स्वीकार नहीं किया। इससे इनकी सोच का पता चलता है। आख़िर में यही कहना चाहूंगा कि हमारे प्रत्याशी आलोक शर्मा को प्रचंड बहुमत से विजय का आशीर्वाद प्रदान करे। शनिवार कोविधायक विष्णु खत्री और भाजपा कार्यकर्ताओं ने सेमरा कलां, दरबजी, खुजाखेड़ी, अरार्वती, चठौआ, विनेका, लंगरपुर, दामखेड़ा, कुल्होर, डुंगरिया,बराई, परसोरिया, दोजयाई, धतुरिया एवं सोहाया में जनसम्पर्क किया।

## मऊगंज जिले में पेयजल समस्या के निदान हेतु कलेक्टर की विशेष पहल

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान/ रीवा संभाग ब्यूरो भूपेंद्र सिंह

*मऊगंज जिले में पेयजल समस्या की समीक्षा के दौरान यह बात सामने आई कि जिले का एक ऐसा क्षेत्र है जहाँ नीचे हार्ड स्ट्राटा है तथा चट्टान होने के कारण वहाँ बोर करवाना संभव नहीं रहता। इसके अतिरिक्त कुछ ऐसे नलजल योजनाएं भी हैं जहाँ का जल स्तर नीचे चला गया है और उनमें गहरा बोरवेल कराना आवश्यक है। पर यह सब* *सामान्य बोरवेल मशीनों से संभव नहीं है। कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव ने इस समस्या की ओर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग भोपाल को पत्र लिखकर अवगत कराया तथा प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग पी नरहरि से दूरभाष पर गहराई के बोरवेल कराने हेतु हाई ग्रेड की बोरवेल मशीनों को उपलब्ध कराने का आग्रह किया। इस संबंध में श्री नरहरि ने त्वरित कार्यवाही करते हुए तीन हाई ग्रेड मशीनें उपलब्ध कराई ।जिनसे मऊगंज जिले में बोरवेल खनन का कार्य किया जा रहा है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा मऊगंज डिवीजन अंतर्गत 10 बोरवेल किए जाए चुके हैं जो सभी अत्यंत कठिन बोरवेल हैं। इन बोरवेल के हो जाने से क्षेत्र में पेयजल की समस्या का निदान हो रहा है।

### मतदान कर्मियो को दिया गया प्रशिक्षण

औरैया 20 अप्रैल । लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को शांतिपूर्वक निष्पक्षता के साथ निर्विघ्न रूप से संपन्न कराए जाने के लिए चौधरी विशंभर सिंह भारतीय बालिका इंटर कॉलेज में आज तृतीय दिवस (अन्तिम दिन)में दिए जा रहे मतदान कार्मिकों के प्रशिक्षण में ईवीएम ,कंट्रोल यूनिट तथा वीवीपैट के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी तथा इसके साथ-साथ प्रपत्रों आदि के माध्यम से की जाने वाली गतिविधियों से भी अवगत कराया गया जिससे 13 मई को मतदान दिवस पर किसी प्रकार की कोई भी मतदान के दौरान अव्यवस्था उत्पन्न न हो। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनरों द्वारा मतदान संबंधी बारीकियों से अवगत कराया गया।

### रीवा में बोलीं मायावती-

# भाजपा और कांग्रेस एवं उनकी सहयोगी पार्टियों ने देश को लूटा

दैनिक केसरिया हिंदुस्तान

रीवा संभाग ब्यूरो भूपेंद्र सिंह

रीवा। गरीब, मजदूर और आदिवासी को ठगने का काम भाजपा और कांग्रेस और उनके सहयोगी दलों ने किया है इसीलिए बहुजन समाजवादी पार्टी किसी के साथ गठबंधन नहीं करती है। यह बात एसएएफ ग्राउंड में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए बसपा प्रमुख मायावती ने कही। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से केंद्र सहित अधिकतर प्रदेशों में कांग्रेस की सरकार रही लेकिन उनके कार्यकाल में गरीब, मजदूर, आदिवासी और मुस्लिम परेशान होते रहे। इतना ही नहीं विगत 10 वर्षों से भाजपा भी केवल धन्नासेठों के लिए काम कर रही है।

उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी के लोग हिंदुत्व, जातिवाद एवं धर्म की संकीर्ण मानसिकता के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा शासन काल में पूंजीवाद का उदय हुआ है। जिसमें गरीब, मजदूर, आदिवासी, मुस्लिम अल्पसंख्यक, पिछड़ा वर्ग सहित छोटे व मध्यम व्यापारी भी परेशान हैं। उन्होंने कहा कि इन्होंने एसटी-एससी कर्मचारियों की पदोन्नति में आरक्षण को






प्रभावहीन बनाया है।मायावती ने कहा कि अगर देश में फ्री एंड फेयर इलेक्शन हों एवं ईवीएम में गड़बड़ी न की जाए तो देश में बदलाव की लहर दिख रही है। मैं दावे से कह सकती हूं कि इस बार गारंटी, जुमलेबाजी से काम नहीं चलने वाला।

बसपा कार्यकर्ताओं को आगाह करते हुए उन्होंने कहा कि आप किसी की जुमलेबाजी, अच्छे दिन की गारंटी के बहकावे में ना आएं। उन्होंने कहा कि इन्हीं पूंजीपतियों से लिए गए चंदे के पैसे से पूरी तरह से प्रचार प्रसार किया जा रहा है। बांड की रिपोर्ट में खुलासा भी हो चुका है कि यह अपना संगठन चलाते हैं और लोगों को भ्रमित कर उनसे वोट ले लेते हैं।

भाजपा पर हमलावर मायावती ने कहा कि वर्तमान केंद्र सरकार केंद्रीय जांच एजेंसी का इस्तेमाल अपने लिए कर रही है। जातिवादी, संप्रदायवादी हिंदुत्व एवं संकीर्ण विचारधारा के साथ भाजपा लगातार काम कर रही है। इनके द्वारा बनाई गई कृषि नीति को उदाहरण के तौर पर देखा जा सकता है।

किसान आज भी आंदोलनरत है। उन्होंने कहा कि आरएसएस के लोग गांव-गांव जाकर यह प्रचार कर रहे हैं कि मोदी जी ने खाद्य सुरक्षा के नाम पर उन्हें चावल आटा गेहूं और नमक दिया है। इसलिए मोदी जी का नमक खाया है तो वोट दो। मैं सबको बताना चाहती हूं कि वह खाद्य सुरक्षा के नाम पर जो अनाज दे भी रहे हैं वह आपके पैसे का है जो कि आपका अधिकार है। भाजपा शासन काल में न केवल बेरोजगारी बढ़ी है बल्कि छोटे एवं मध्यम व्यापारी दुखी एवं मजबूर हैं।

### *इसलिए घोषणा पत्र नहीं जारी करती बसपा*

उन्होंने कहा कि भाजपा और कांग्रेस अपने सहयोगी दलों को साथ लेकर तथा चुनावी घोषणा पत्र के साथ चुनाव प्रचार में लगे हैं। लेकिन सत्ता पर काबिज होने के बाद यह चुनावी घोषणा पत्र भुला दिया जाता है। इसीलिए बहुजन समाजवादी पार्टी चुनाव के पहले कभी घोषणा पत्र जारी नहीं करती है। हमारी पार्टी कहने में कम, करने में ज्यादा विश्वास रखती है इसका उदाहरण अगर आप देखना चाहते हैं तो उत्तर प्रदेश आइए। चार बार हमारे नेतृत्व में सरकार बनी और हमने जो काम करके दिखाया उसे कई पार्टियों आज अपना रही हैं।

### *कार्यकर्ताओं को दी नसीहत*

देश के प्रमुख दो दल भाजपा और कांग्रेस इस चुनाव को साम दाम दंड भेद किसी भी प्रकार से जीतना चाहते हैं। आप लोग सतर्क हो जाइए। हवा हवाई बातों में ना आएं, मीडिया सर्वे एग्जिट पोल से चुनाव तक दूरी बनाकर रखें। जो कार्यकर्ता जहां के लिए अधिकृत है अपने क्षेत्र में पूरी मजबूती के साथ लगा रहें। इस दौरान बसपा सुप्रीमो मायावती प्रत्याशियों से अलग से चर्चा भी की। मायावती ने इस दौरान रीवा में अभिषेक पटेल तथा सतना में नारायण त्रिपाठी को वोट देने की अपील भी की।

# सड़क ठेकेदार महिला के जमीन पर कब्जा करके रखा सड़क निर्माण सामान, थाना में हुई शिकायत

## किसान की भूमि पर सीमेंट, रेत, गिट्टी रखकर बना रहा है बन्जर

*दैनिक केसरिया हिंदुस्तान विनोद कुमार पांडे अनूपपुर*

जिला मुख्यालय से 6 किलोमीटर दूर मौहरी में मौहरी तिराहा से धिरौल तक सड़क का निर्माण रहा है। इस निर्माण में ठेकेदार के द्वारा दादागिरी से किसानों की भूमि पर जबरन सीमेन्ट, रेत, गिट्टी व डस्ट फैलाकर किसानों की भूमि को बंजर कर रहा है। किसानों द्वारा मना करने के बाद भी ठेकेदार नही सुन रहा है। ठेकेदार तो सड़क बनाकर लाखो रुपए कमाकर चला जायेगा मगर किसानो के खेत का मलबा कौन साफ करेगा। जब सड़क का काम शुरू हुआ है तब से ही ठेकेदार के कार्य करने वाले मजदूर किसानों के खेत मे तंबू लगाकर सड़क में काम करने वाले मशीन व ट्रक को निजी भूमि पर रखकर कब्जा करके रखे हैं। जबकि ठेकेदार को भूमि मालिको से पूछकर उनकी भूमि का किराया देकर अपना कार्य कर सकता था मगर अपनी पहुँच के दम पर गरीब किसानों जमीन अपने निर्माण कार्य का सामान जबर्दस्ती रख लिया है। खसरा नम्बर 16/1/1 व 16/2 ग्राम मौहरी के भूमि मालकिन जामवती पटेल निवासी पिपरिया ने कोतवाली अनूपपुर पहुँचकर थाना





प्रभारी के नाम लिखित शिकायत की है कि सड़क ठेकेदार उसकी भूमि पर बिना इजाजत के सामान रखकर भूमि का खराब कर रहा है। लिखित शिकायत में महिला ने लेख किया है कि ग्राम मौहरी धिरौल रोड़ के किनारे स्थित है। ठेकेदार अभिशेख सिंह चंदेल निवासी बुढ़ार सड़क निर्माण का काम करवा रहा है। ठेकेदार ने बिना इजाजत के लगभग 1 माह से कई ट्रक गिट्टी, सीमेंट, छड़, रेत, डामर एवं दर्जनों गाड़ी मेरी भूमि पर रखकर कब्जा कर लिया है। मना करने के बाद भी अपना सामान नही हटा रहा है। मेरी भूमि में सामान फैलाकर भूमि को खराब कर रहा है। और अपना सड़क के ठेका में लाखों रुपए कमा रहा है। महिला ने थाना प्रभारी से गुहार लगाई है कि उसकी भूमि से जल्द से जल्द कब्जा हटवाकर ठेकेदार द्वारा जो 1 माह तक उसकी भूमि का उपयोग किया है किराया दिलवाने व ठेकेदार पर जल्द से जल्द कानूनी कार्यवाही की जाए।

### इनका कहना है

मेरा द्वारा सड़क निर्माण कराया जा रहा है मैंने किसी की भूमि पर कब्जा नही किया है। अभी मैं नेटवर्क में नही हूँ मैं कॉल बैक करता हूँ।

**अभिषेक सिंह ठेकेदार**

*इस मामले की जानकारी के लिए जब कोतवाली टीआई अरविंद जैन को कई बार कॉल किया गया मगर उन्होंने कॉल रिसीव नही किया*

स्वामित्व प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक रविंद्र सिंह द्वारा पवैया प्रिंटर्स मुरार, 6 चौराहा मुरार, ग्वालियर ( मध्य प्रदेश ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक : रविन्द्र सिंह , संपादक : अशोक सोनी (9009601101) , भोपाल कार्यालय पता-- प्रेस काम्प्लेक्स महाराणा प्रताप अपार्टमेंट एम पी नगर जोन 1 भोपाल मध्य प्रदेश
दूरभाष--755,3596045 मोबाइल 9644811407 Email id :hindustannews404@gmail.com, R.N.I. No. MPHIN/2021/82530

केसरिया हिन्दुस्तान

# सीता इंटर कालेज ने पूरे प्रदेश में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा में प्रदेश टापर देकर पूरे प्रदेश में दबदबा कायम कर दिया









**महमूदाबाद (सीतापुर)**

सीता इंटर कालेज ने पूरे प्रदेश में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा में प्रदेश टापर देकर पूरे प्रदेश में दबदबा कायम कर दिया है। कालेज की स्थापना 27 जून 1981 को सीता बाल विद्या मंदिर इंटर कालेज के रूप में हुई थी। कालेज संस्थापक अध्यक्ष प्यारेलाल रस्तोगी की सुपुत्री स्व. सीता रस्तोगी की स्मृति में कालेज की स्थापना हुई थी। संस्था को 1986 में प्राइमरी, 1987 में जूनियर तथा 2000 में हाईस्कूल व वर्ष 2002 में इंटरमीडिएट की मान्यता मिली। हाईस्कूल स्तर पर अनिवार्य विषय के साथ प्रयागराज बोर्ड द्वारा कालेज को ए श्रेणी प्राप्त है तथा कामर्स, संस्कृत, उर्दू, वाणिज्य, कंप्यूटर, ड्राइंग व इंटरमीडिएट स्तर पर विज्ञान वर्ग में गधित तथा जीव विज्ञान एवं कला वर्ग में अनिवार्य विषयों के साथ संस्कृत, उर्दू, भूगोल, अर्थशास्त्र, नागरिक शास्त्र, समाज शास्त्र, शिक्षाशास्त्र, गृहविज्ञान, इतिहास तथा चित्रकला की मान्यता है। पांच से 10 दिसंबर तक इस वर्ष रजत जयंती समारोह मनाया गया।

***हाईस्कूल में यूपी टाप करने वाली प्राची निगम महमूदाबाद के सीता इंटर कालेज की छात्रा हैं।*** उन्होंने प्रारंभिक शिक्षा से हाईस्कूल तक इसी स्कूल से पढ़ाई की है। हाईस्कूल में उन्हें 98.5 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं। आगे की पढ़ाई कर प्राची भविष्य में इंजीनियर बनना चाहती है। प्राची के पिता चंद्र प्रकाश निगम नगर पालिका में निर्माण कार्यों की ठेकेदारी करते हैं। मां ममता निगम गृहणी हैं, छोटी बहन रूपरानी व भाई गौरव निगम सीता इंटर कालेज में 10वीं के विद्यार्थी हैं। वे भारत को विकसित बनने में इंजीनियर बनकर योगदान देना चाहती हैं। प्राची ने सफलता का श्रेय सीता ग्रुप आफ एजूकेशन के चेयरमैन आरके वाजपेयी के साथ गुरुजनों व माता-पिता को दिया। प्राची अपने गुरुजनों के साथ भारत के पूर्व राष्ट्रपति डा. एपीजे अब्दुल कलाम को अपना आदर्श मानती है।

***इंटरमीडिएट यूपी बोर्ड परीक्षा में सीता इंटर कालेज के छात्र शुभम वर्मा ने प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है।*** शुभम आगे की पढ़ाई का यूपीएससी की परीक्षा पास कर आईएएस बनना चाहता है। शुभम के पिता अजय कुमार किसान हैं, जिनके पास वर्तमान में करीब सौ बीघा जमीन हैं तथा वे अशिक्षित हैं। खेती करते अजय लगातार बच्चों की शिक्षा पर पूरा ध्यान रख रहे हैं। शुभम कालेज से घर जाने के बाद करीब सात से आठ घंटे पढ़ाई करते थे और करीब 11 किमी दूरी तय कर वे साइकिल से प्रतिदिन स्कूल आते थे। शुभम स्वामी विवेकानंद को अपना आदर्श मानता है। माता सरोज कुमारी गृहणी हैं। इनके छह बच्चे हैं।

***हाईस्कूल बोंड परीक्षा परिणाम में प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली सीता इण्टर कालेज की हाईस्कूल छात्रा नव्या सिंह के पिता सरकारी शिक्षक हैं। मां पुष्पा देवी सामान्य गृहणी हैं।*** भाई तुषार बीएलएड की पढ़ाई कर रहा है। क्षेत्र के केलनपुर गांव की रहने वाली नव्या एसएससी की तैयारी कर सरकारी सेवा में जाना चाहती है। नव्या ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता सहित शिक्षकों व विद्यालय परिवार को दिया है। वह बताती है उन्होने आठ घंटे नियमित अध्ययन कर यह सफलता अर्जित की है।

***हाईसकूल में प्रदेश में छठा स्थान प्राप्त करने वाली वर्तिका सोनी क्षेत्र की सीता इण्टर कालेज की छात्रा है।*** वर्तिका के पिता रमेश सोनी शहर में किराना के दुकान चलाते हैं। माता रोली सोनी सामान्य गृहणी है। भाई विनायक व कार्तिक छोटे है जो जूनियर में पढ़ाई कर रहे हैं। वर्तिका एसएससी की तैयारी करना चाहती हैं।

***हाईस्कूल और इण्टर की मेरिट में महमूदाबाद क्षेत्र के तीन दर्जन से अधिक विद्यार्थियों ने स्थान लाकर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है।*** यूपी मेरिट में स्थान लाने वाले विद्यार्थियों व उनकी संस्थाओं के प्रबंधक व शिक्षकों को बधाई देने वालों का शनिवार परिणाम आने के बाद से तांता लगा रहा।

***बोर्ड परीक्षा के परिणाम आने के बाद सीता इण्टर कालेज के हाईस्कूल की छात्रा प्राची निगम ने 98.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश की मेरिट मे पहला स्थान प्राप्त किया।*** वहीं नव्या सिंह ने 98 फीसदी अंक प्राप्त कर तीसरा, अंशिका वर्मा ने 97.67 अंक प्राप्त कर पांचवां, वर्तिका सोनी ने 97.5 प्राप्त कर छठा, अंशी मौर्या ने 97.33 अंक प्राप्त कर सांतवां, अगम्या वर्मा 97.17 प्रतिषत लाकर आठवां, हेमंत वर्मा ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नवां तथा अल्पना गुप्ता ने 96.83 अंक प्राप्त कर प्रदेश मेरिट में दसवां स्थान तथा इसी कालेज के इण्टर के शुभम वर्मा ने 97.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला, राज वर्मा ने 97.6 प्रतिषत लाकर दूसरा, शीतल वर्मा ने 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा, अनुभव शुक्ला व पलक मौर्या ने 97 प्रतिशत अंक लाकर पांचवां, शिवानी वर्मा ने 96.6 प्रतिषत अंक के साथ सातवां, सूरज शाहू व सूरज वर्मा ने 96.4 प्रतिशत अंक लाकर आठवां, आयुष मौर्या व वैभव मिश्रा ने 96.2 प्रतिषत जाकर नवां तथा सूरज मौर्य ने 96 प्रतिषत अंक अर्जित कर दसवां स्थान प्राप्त किया। संस्था के डिप्टी मैनेजर आंजनेय आशीष व वागीश दिनकर ने बताया कि संस्था के हाईस्कूल के आठ व इण्टरमीडिएट के 11 विद्यार्थियों के यूपी मेरिट में स्थान लाने पर विद्यार्थियो को बधाई दी। कालेज के होनहार विद्यार्थियों के उज्ज्वल भवि


***सीता इण्टर कालेज के यूपी मेरिट में हाईस्कूल के 8 व इण्टरमीडिएट के 11 विद्यार्थियों ने टॉप से लेकर अन्य स्थान लाने वाले विद्यार्थियों को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा।*** कालेज प्रबंध समिति से जुड़े लोगो ने बैंड बाजा व आतिशबाजी कर खुशी मनाते हुए मिठाई बांटी।

क्षेत्र को शिक्षा के क्षेत्र में सफलता के शिखर पर पहुंचाने वाले सीता ग्रुप ऑफ एजूकेशन के संस्थापक रमेश वाजपेयी को बधाई देने वालों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी, सांसद राजेश वर्मा, विधायक साकेन्द्र प्रताप वर्मा, महमूदाबाद विधायक आशा मौर्या, एमएलसी पवन सिंह, एमएलसी शिक्षक उमेश द्विवेदी, विधायक निर्मल वर्मा, मनीष रावत, ज्ञान तिवारी, पूर्व कार्यवाहक मुख्यमंत्री डा. अम्मार रिजवी, पूर्व मंत्री नरेन्द्र वर्मा, पालिकाध्यक्ष मोहम्मद अहमद, पूर्व अध्यक्ष सुरेष वर्मा, पैंतेपुर चेयरमैन प्रतिनिधि उरूज आलम, भाजपा नेता रामकुमार वर्मा, मोहन बारी, संजय वर्मा, सीपी तिवारी, के.के. सिंह, अतुल चित्रांश, रमाशंकर वर्मा, अतुल वर्मा ने आदि ने सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कालेज परिवार को बधाई दी।

## इनसेट

माध्यमिक शिक्षा परिषद के हाईस्कूल और इण्टरमीडिएट के परिणाम में क्षेत्र के 44 विद्यार्थियों ने प्रदेश में मेरिट में स्थान बनाया है। जिसमें सीता इण्टर कालेज के हाईस्कूल के 8, इण्टरमीडिएट के 11, प्रकाश विद्या मंदिर इण्टर कालेज में हाईस्कूल में तीन, इण्टर के पांच, बाबूराम सावित्री देवी इण्टर कालेज में हाईस्कूल में छह, सरदार सिंह कान्वेण्ट के हाईस्कूल में दो, इण्टर में दो, सेठ रामगुलाम पटेल मेमोरियल इण्टर कालेज में हाईस्कूल में एक, संतोषी लाल शुक्ल मेमोरियल इण्टर कालेज के हाईस्कूल में एक, एमएसडी स्मारक इण्टर कालेज में हाईस्कूल में इण्टर में एक-एक, सरदार वल्लभ भाई पटेल कन्या शिक्षण संस्थान में हाईस्कूल में तीन विद्यार्थियों ने स्थान अर्जित किया है।

# मनरेगा द्वारा बनाये गए पशुबाड़े के ऊपर की जा रही स्लैब डालने की तैयारी




सीतापुर।विकास खण्ड परसेंडी की ग्राम पंचायत चांद्पुर में मनरेगा योजना से ग्राम पंचायत द्वारा वर्ष 2023-24 में बीना पत्नी राजेश व अन्य 4 लोगों के पशुबाडा निर्माण कार्य कराए जा रहे थे।जोकि रनिंग में थे।जिनका भुगतान अभी होना शेष था।परंतु लाभार्थी बीना पत्नी राजेश द्वारा अपनी दबंगई के बलपर सरकारी नियमों को दरकिनार करते हुए पशुबाड़े के ऊपर निर्माण कार्य शुरू करवा दिया।और ऊपर स्लैब तक कि दीवारें खड़ी करदी।जब इस प्रकरण की जानकारी प्रधान किरन देवी को हुई तो उन्होंने बीडीओ परसेंडी को पूरे प्रकरण से अवगत कराते हुए एक शिकायती पत्र देकर अवैध रूप से हो रहे निर्माण कार्य को रोकवा कर उचित कार्यवाही करने की मांग की है। इस सम्बंध में जब खण्ड़ विकास अधिकारी परसेंडी धनन्जय सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि शिकायती पत्र प्राप्त हुआ है।जांच करवाकर उचित कार्यवाही की जाएगी।

# नेडा द्वारा लगवाई गयी सोलर लाइटें बनी शो-पीस

## 5 साल गारण्टी के दावे के बाद 5 माह भी नही जल सकी लाइटें

## मानक विहीन सामग्री की वजह से खराब हो रहीं लाइटें

सीतापुर।नेडा विभाग द्वारा बाबू जी कल्याण सिंह ग्राम उन्नति योजना व पण्डित दीन दयाल उपाध्याय हाट बाजार योजना के तहत विकास खण्ड परसेंडी के ग्राम चांदपुर व परसेंडी में दिसम्बर 2023 में सोलर लाइटें क्षेत्रीय विधायक अनिल कुमार वर्मा के पत्र लिखने के बाद लगवाई गयी थी।लाइटे लगने के तुरंत बाद से ही खराब होने लगी थी।कई बार शिकायत के बाद कुछ लाइटे सही भी हुई हैं।परन्तु ग्राम चांदपुर में रमेश विशुकर्मा के मकान के पास व ग्राम परसेंडी में रामू कम्प्यूटर की दुकान के सामने लगी सोलर लाइटे काफी दिनों से खराब पड़ी हैं।और जल नही रही हैं।इस सम्बंध में सदस्य जिला पंचायत प्रतिनिधि प्रहलाद कुमार कन्नौजिया ने जिलाधिकारी को सीतापुर को आईजीआरएस के माध्यम से शिकायती पत्र भेजकर खराब पड़ी लाइटों को सही करवाकर सम्बंधित कार्यदायी संस्था के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करने की मांग की है।



इस सम्बंध में जब नेडा अधिकारी सीतापुर कमलेश यादव से बात की गई तो उन्होंने बताया कि प्रकरण संज्ञान में है, जल्द ही खराब पड़ी लाइटे सही करवाई जाएंगी।

# गेहूं की फसल जलकर हुई राख

रेउसा सीतापुर । अज्ञात कारणों से ग्राम रेउसा ब्लॉक थाना रेउसा के बम्नांवा गांव के खेतो मे आग लग गई। आग के कारणों का पता तो नहीं चला लेकिन आग ने कोहराम मचा दिया। गेहूं के खेतों में लगी आग गांव



के किसानों के खेत तक पहुंच गई। जहां गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। तेज हवाओं के कारण आग पूरे खेतों में फैल गई है। ग्रामीणों ने दमकल विभाग को सूचना दी है। स्थानीय लोगों के द्वारा दोपहर 3बजे लगीं थी हरेराम बाजपेई, अजय बाजपेई इनके खेतो का बहुत नुकसान हुआ।

# विकास खंड बेहटा में मनरेगा कार्यो में सरकारी आदेशो की उड़ाई जा रही धज्जियां

## ग्राम पंचायत भिठिया जाल्हेपुर में एक दिन में लगभग 85 हजार रुपये का बंदरबाट किया जा रहा है।









लहरपुर सीतापुर।जनपद में लगातार भ्रष्टाचार की नई नई इबारत लिखी जा रही है, वित्त से लेकर मनरेगा कार्यों में जिम्मेदारों के संरक्षण जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है, जनपद की अधिकतर विकास खंडो में मनरेगा कार्यों में फर्जी हाजिरी दर्ज की जा रही है, विकास खंड बेहटा की एक एक ग्राम पंचायत में लाखों रुपये के सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया है,वही जिम्मेदार अधिकारी तकनीकी सहायक से लेकर विकास खंड के पर बैठे आलाधिकारी भी इन घोटालो से अछूते नही है।

विकास खंड बेहटा की ग्राम पंचायत भिठिया जाल्हेपुर में जिम्मेदारो के संरक्षण में मनरेगा के अलग अलग कार्यों में लाखों रुपये का सरकार को लगा चुना लगा दिया गया, ग्राम पंचायत में अलग अलग पांच कार्यो पर 27 मास्टर रोल पर 258 श्रमिको की हाज़िरी दर्ज की जा रही है, ग्राम पंचायत में चल रहे कार्य क्रमशः 1-राजकुमार के खेत से भूमि विकास कार्य पर 6 मास्टर रोल पर 59 श्रमिक, 2- विजय के खेत से कमलेश के खेत तक भूमि विकास कार्य पर 6 मास्टर रोल पर 60 श्रमिक, 3- करिया के खेत से रामस्वरूप के खेत तक भूमि विकास कार्य पर 6 मास्टर रोल पर 57 श्रमिक, 4- रवि कुमार के खेत से राजकुमारी के खेत तक भूमि विकास कार्य पर 6 मास्टर रोल पर 54 श्रमिक, 5- राजू के खेत से खेलावन के खेत तक भूमि विकास कार्य पर 3 मास्टर रोल पर 28 श्रमिको की हाजिरी दर्ज की जा रही है, कुल मिलाकर 27 मास्टर रोल पर 258 श्रमिको की हाजिरी दर्ज की जा रही है, लगातार कई दिनों से जिम्मेदारो के द्वारा फर्जी हाजिरी दर्ज कर घोटाला किया जा रहा है, कार्य स्थल खाली पड़े है, और ऑनलाइन हाजिरी दर्ज लगाई जा रही है,ऑनलाइन हाजिरी में भी अपलोड की फ़ोटो काफी पुरानी है क्योकि अपलोड की गयी फ़ोटो में श्रमिक स्वेटर व जैकेट पहन के कार्य कर रहे है जिससे यह तो साफ हो ही जाता है कि ठंड के मौसम की फ़ोटो अभी तक अपलोड की जा रही है, लेकिन सवाल यह है कि विकास खंड से लेकर जिले तक कई जिम्मेदार अधिकारीयो की देख रेख में ऑनलाइन हाजिरी दर्ज कराई जाती है फिर भी रोजगार सेवक व मैट के द्वारा इस तरह के फर्जीवाडे किये जा रहे है, क्या जिम्मेदार अधिकारी ऑनलाइन लगने वाली हाजिरी को देखते नही है या फिर देखकर अनदेखा कर रहे है।

जब इस संबंध में अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी बेहटा से बात की जानी चाही गयी तो फ़ोन की घंटिया बजती रही फ़ोन नही उठाया गया।

# हरगोविंद वर्मा व मुख्तार अनीस की विरासत को आगे बढ़ाना है:- राकेश राठौर



बिसवां सीतापुर - इंडिया गठबंधन सीतापुर लोकसभा के प्रत्याशी राकेश राठौर के द्वारा बिसवां गुलजार शाह मेला के मुशायरा हाल में विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन हुआ। उसके बाद लहरपुर रोड पर चुनाव कार्यालय का फीता काटकर उद्घाटन किया । बाबा हजरत गुलजार शाह की मजार पर चादर चढ़ा कर जीत के लिए दुआ मांगी। राकेश राठौर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा भारत की सभी विपक्षी पार्टियों इंडिया गठबंधन के बैनर तले मिलकर चुनाव लड़ रही हैं ।यह चुनाव संविधान और देश को बचाने के लिए हम सबको एकजुट होकर अखिलेश यादव एवं राहुल गांधी के विचारों को आगे बढाना है। आप सभी एकजुट होकर गठबंधन को यानी हाथ के पंजे को वोट देने का काम करे।

वही दलितों पिछड़ो की सशक्त आवाज वामपंथी नेता डॉक्टर बृज बिहारी ने कहा सीतापुर की धरती को गुजरात की प्रयोगशाला नहीं बनने देंगे सीतापुर की धरती ठाकुर बलभद्र सिंह की विरासत है मुख्तार अनीस की विरासत है हरगोविंद वर्मा की विरासत है यह गंगा जमुनी तहजीब और इंसानियत का पैगाम देने वाले, अंग्रेजों से लड़ते हुए शहीद का जाम पीने वाले बंदे हसन की धरती है भाजपा की डबल इंजन की सरकार दलित अल्पसंख्यक ओर पिछड़ा विरोधी है भाजपा के इस जंगल राज्य में दलित समाज को बौद्ध कथा करने के लिए भी परमिशन नहीं दी जा रही है

*गाजियों में बू रहेगी जब तलक हिंदुस्तान की,*

*तख्ते लंदन तक चलेगी तेग हिंदुस्तान की। पूर्व मंत्री रामहेत भारती* ने कहा चारों तरफ इंडिया गठबंधन का ही हाहाकार है गठबंधन की प्रत्याशी राकेश राठौर के सामने कोई भी मुकाबले में नहीं है ।

*पूर्व अध्यक्ष हाजी जलीस अंसारी* ने कहा राकेश राठौर का विधायक रहते पांच साल का शानदार कार्यकाल सीतापुर की जनता ने देखा है राकेश गरीबों ,मजलूमो ,शोषितों की आवाज है

*पूर्व मंत्री व पूर्व विधायक नरेंद्र वर्मा* ने कहा मौजूदा सरकार उत्तर प्रदेश में बहुसंख्यकों को धोखा दिया है। बहुसंख्यकों कि वोट से सत्ता में काबिज हुई डबल इंजन की सरकार रोजगार के नाम पर नौजवानों को ठगने का काम किया है नौकरियों की परीक्षा पेपर लीक करवा कर शिक्षित समाज को धोखा देने का काम किया है वर्मा ने कहा की मौजूदा सांसद राजेश वर्मा अपने सजातिय भाइयों के साथ भी सौतेला व्यवहार करते हुए ना पहचानने का काम किया है इस बार सजातिय मतदाता राकेश राठौर को जिताने का काम करेगा। वही लहरपुर विधायक अनिल वर्मा ने कहा किसानों की दोगुनी इनकम करने का झूठा वादा करने वाली यह भाजपा सरकार किसान जब एम् एस् पी की गारंटी की आवाज बुलंद करते हुए दिल्ली की तरफ कूच करते हैं तो यही बीजेपी की कुंठित मानसिकत वाली सरकार किसानो पर लाठी चार्ज करती है लखीमपुर में किसानों के ऊपर गाड़ी चढ़कर उनको मार देने वालों को मंत्री पद बरक़रार रखती और सम्मान देने का काम करती है यह सरकार किसान विरोधी है

*पूर्व विधायक महोली अनूप गुप्ता* ने कहा मोदी सरकार पूरे भारत में डेढ़ सौ सीटों पर सिमट कर रह जाएगी इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी मोदी ने अपने कार्यकाल में अडानी और अंबानी को आगे बढ़ने का काम किया है। गरीबों की आमदनी,स्वास्थ,रोजगार का इंतजाम न करके हिंदू मुस्लिम के झगड़ों में उलझाए रखा है इस बार का वोट रोजगार के नाम पर है ।वही पूर्व गृह केंद्रीय मंत्री स्व0 रामलाल राही की बहू

महिला नेत्री मंजरी राही ने कहा यह सरकार महिला विरोधी है मणिपुर में महिलाओं को निर्वस्त्र कर घूमाने वालों के खिलाफ सरकार ने कोई कार्यवाही नहीं किया है मोदी ने दो शब्द भी बलात्कारियों के खिलाफ नहीं बोला उत्तर प्रदेश में महिलाओं के साथ आए दिन बलात्कार होते हैं जिनमें अधिकतर दलित महिलाएं होती हैं यह सरकार मोदी सरकार महिला विरोधी के साथ-साथ दलित विरोधी भी है सीतापुर जनपद का एक-एक अनुसूचित जाति का मतदाता राकेश राठौर को अपना मत देकर दलित महिलाओं के साथ होने वाले अत्याचार और बलात्कार का बदला लेने का काम करेगा। कार्यकर्ता सम्मेलन का संचालन अफजाल कौशर ने किया।

इस अवसर पर सपा जिला अध्यक्ष छात्रपाल यादव,कांग्रेस जिला अध्यक्ष उत्कृष अवस्थी,सुनील यादव, देवी शंकर बाजपेई, अब्दुल अतीक,कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष करीम अंसारी, समाजवादी नगर अध्यक्ष लुकमान अली,रियाज कारपेंटर, बबलू नेता आशुतोष सिंह यादव, कमलेश यादव पूर्व मंत्री, अफसर कादरी,कय्यूम कुरैशी इरफ़ान,मुर्तजा अंसारी आदि प्रमुख रहे।



# परम पूज्य बाबा जयगुरुदेव जी महाराज के शुभ आगमन की 31 वीं वर्षगांठ पर आयोजित

इमलिया सुल्तानपुर/सीतापुर। -विकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम सभा देवई में शेर सिंह के नेतृत्व में आज दिनांक 20/4/ 2024 को परम पूज्य बाबा जयगुरुदेव जी महाराज के शुभ आगमन की 31 वीं वर्षगांठ पर आयोजित सत्संग समारोह में मुख्य अतिथि हरदोई से पधारे बाबू जी अनुरागी ने बताया कि 20 अप्रैल 1993 को बाबा जी का ग्राम सभा देवई में सत्संग हुआ था उन्होंने कहा कि महापुरुष जिस स्थान पर पदार्पण करते हैं।वहां का कण कण ईश्वरी चेतना से परिपूर्ण होता है।सदियों तक वहां की मिट्टी जन आत्मा कल्याण की प्रेरणा देती रहती है।उनकी स्मृति का पर्व सदैव मनाया जाना चाहिए आगे कहा परमात्मा के बनाए हुए इस मानव मंदिर में किसी पशु पक्षी का मुर्दा मांस डालकर इसे अशुद्ध नापाक नहीं करना चाहिए जीवो को मत सताओ कर्म का अदला बदला सबको देना पड़ता है। संस्कार युक्त शिक्षा से चरितों का उत्थान करो इसी से देश फले फूलेगा अमन-चैन सुख शांति आएगी। वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश वर्मा ने संचालन किया कार्यक्रम के पूर्व शाकाहार रैली निकालकर लोगों में जागरूकता पैदा की गई कार्यक्रम में उपस्थित लोग सुनील मिश्रा शिव कुमार सिंह जगरूप सिंह सुरेश सिंह राम प्रकाश सोनी सोहनलाल त्रिभुवन सिंह प्रभाकर सिंह आदि भक्त लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

## नामांकन तीसरे दिन 06 नामांकन पत्रों का वितरण किया गया।

बसपा प्रत्याशी महेन्द्र सिंह यादव ने नामांकन पत्र प्राप्त किया।

सीतापुर । लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत नामांकन तीसरे दिन 06 नामांकन पत्रों का वितरण किया गया। 18 अप्रैल 2024 से आज दिनांक-20 अप्रैल 2024 तक कुल 24 नामांकन पत्रों का वितरण किया जा चुका है, जिसमें से 01 नामांकन दिनांक-18 अप्रैल 2024 को हो चुका है। बसपा प्रत्याशी महेन्द्र सिंह यादव ने नामांकन पत्र प्राप्त किया।



# प्रेस और पुलिस लिखे वाहन सड़क पर भर रहे फर्राटा,कुछ स्कूल वाहनों पर भी नहीं लगा नंबर प्लेट

## फोटो खींचना हो या वीडियो बनाना हो तो आप बना ले कुछ होने जाने वाला नहीं: ड्राईवर

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान

अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर।

परिवहन नियमों को दरकिनार कर वाहन सड़कों पर फर्राटा भर रहे हैं। तमाम लोग नंबर प्लेटों पर नंबर की जगह राजनीतिक दलों व विभागों के नाम लिखे होते हैं। अफसरों की उदासीनता की वजह से चालक बेखौफ वाहन दौड़ा रहे हैं। वाहनों के आगे और पीछे दोनों ओर प्लेटों पर नंबर लिखवाने का नियम है। प्लेट पर किसी प्रकार की कोई डिजाइन न होकर केवल स्पष्ट निर्धारित आकार में सामान्य तरीके से नंबर लिखे होने चाहिए। परंतु जनपद में चालक नियमों की अवहेलना कर बेखौफ वाहन दौड़ा रहे हैं। कुछ वाहनों पर तो प्लेट पर लिखे नंबर भी स्पष्ट तरीके से नहीं लिखे होते हैं। कई वाहनों के नंबर प्लेटों पर नंबर की जगह किसी राजनीतिक पार्टी व जाति के साथ ही विभागों के पद व नाम लिखे रहते हैं। इसमें अधिकांश वाहनों पर प्रेस और पुलिस विभाग का लोगो और नाम अंकित रहता है जो सड़क पर फर्राटे लगाते हुए मिलते हैं।कई तो सड़क पर बिना नंबर प्लेट के ही दौड़ रहे हैं। इन वाहनों पर सवार लोग जांच के दौरान राजनीतिक पार्टी व विभागीय कर्मचारी होने का रौब भी दिखाते हैं। इसी प्रकार मीडिया की नजर में एक स्कूल बस भी दिखाई पड़ी जिसमें ना तो वहां के आगे नंबर प्लेट अंकित था और ना ही पीछे और पूछे जाने पर ड्राइवर ने सीधे राजनीतिक दल के नेता का नाम बताते हुए कहा की आपको फोटो खींचना हो या वीडियो बनाना हो तो आप बना ले कुछ होने जाने वाला नहीं है। आखिर कहां गया शासन प्रशासन का नियम और कानून।



# मतदान में हमारे देश के युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है: सौरभ मिश्र

## मतदाता जागरूकता निबंध, चित्रकला प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो


सुल्तानपुर। जिले में कटका क्लब सामाजिक संस्था के क्रीडा प्रकोष्ठ द्वारा एस. चंद्रा. जेनिथ शिक्षालयम पीपरगांव धनपतगंज आयोजित मतदाता जागरूकता निबंध, चित्रकला प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है ।

निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर खुशी पांडेय, द्वितीय स्थान पर पलक श्रीवास्तव, तृतीय स्थान पर स्नेहा मौर्या रही तो वही चित्रकला प्रतियोगिता में गरिमा दुबे, कविता दुबे, रही भाषण प्रतियोगिता में गौरी मिश्र , वेशान्वी ने बाजी मारी। विजता को मेडल, साल्टीफिकेट, मोमोटो, से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षा प्रकोष्ठ अध्यक्ष शीतला प्रसाद पांडेय ने किया।



कार्यक्रम के मुख्याथिति ज़िला पंचायत सदस्य निकलेश सरोज ने संस्था के द्वारा किए जा रहे कार्य की सराहना की। विशिष्ठ अतिथि शिक्षक साहित्यकार सर्वेश कांत वर्मा ने बताया कि लोकतांत्रिक प्रणाली में मतदान का बहुत महत्व है। इसके माध्यम से जनता शासन व्यवस्था में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर सकती है। संस्था अध्यक्ष सौरभ मिश्र विनम्र ने कहा कि मतदान प्रत्येक व्यस्क नागरिक का मौलिक अधिकार होता है। मतदान से वह देश की प्रगति और विकास में अपना योगदान दे सकता है। मतदान में हमारे देश के युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होती है । कार्यक्रम का संचालन क्रीडा प्रकोष्ठ अध्यक्ष वीर विक्रम सिंह ने किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय सिंह ने आए अतिथियों के प्रति आभार वक्त किया। इस मौके पर उपस्थित सूरज विश्वास, त्रिभुवन नारायण सिंह, सुधीर यादव,नफीसा खातून, राहुल तिवारी, विनय शुक्ला, सपना सिंह , पूजा पांडेय आदि लोग उपस्थित रहें।



## पलक मिश्रा ने इंटर की परीक्षा उत्तीर्ण की

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकरनगर। यू पी बोर्ड द्वारा इंटर का परिणाम घोषित किया गया जिसमें जनपद के सी ए वी साईस एकेडमी मिर्जापुर की छात्रा पलक मिश्रा ने इंटरमीडिएट की परीक्षा 84 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण किया। पलक मिश्रा जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अवधेश कुमार मिश्र ÷बब्लू÷ की सुपुत्री है। पलक मिश्रा के उत्तीर्ण होने पर लोग बधाई दे रहे हैं।

# पट्टे की भूमि पर जबरन किया जा रहा अवैध अतिक्रमण

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर। नगर के राबीबहाउद्दीनपुर निवासी संतोष कुमार ने उप जिलाधिकारी अकबरपुर से शिकायत किया है कि पूर्व में उसके पिता को मिली पट्टे की जमीन पर कुछ दबंग अवैध कब्जा कर रहे हैं। मना करने पर गाली गलौज और जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पीड़ित ने आशंका जताई है कि मामले में लापरवाही बरतने पर अप्रिय घटना घट सकती है।इस मामले में उप जिलाधिकारी ने तहसीलदार और अकबरपुर कोतवाली पुलिस को निर्देश दिया है कि यदि पट्टे की भूमि पर अवैध अतिक्रमण हो रहा है तो तत्काल रोककर वैधानिक कार्रवाई करें।शिकायतकर्ता संतोष कुमार के अनुसार सन 1976 में उसके पिता स्वर्गीय रामदेव के नाम पर पट्टा हुआ था। लेकिन विपक्षी द्वारा जबरन उसकी जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। क्योंकि वह पूरे परिवार के साथ लखनऊ में रहता है। इसलिए उसकी जमीन पर कुछ लोगों की गलत नीयत है। अवैध कब्जा से मना करने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। उप जिलाधिकारी से निर्माण कार्य रोकने की गुहार लगाई है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए उप जिलाधिकारी अकबरपुर ने तहसीलदार सदर और प्रभारी निरीक्षक अकबरपुर कोतवाली को निर्देश दिया है कि यदि पट्टे की भूमि पर अवैध अतिक्रमण हो रहा है तो तत्काल रोकते हुए वैधानिक कार्रवाई करें। बताया जा रहा है कि अकबरपुर कोतवाली पुलिस इस मामले में विपक्षियों से मिली हुई है जिसके कारण शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई यही वजह है कि विपक्षों के हौसले बुलंद हैं। पीड़ित ने मामले की शिकायत अकबरपुर नगरपालिका समेत अन्य अधिकारियों से भी किया है।

# जल ही जीवन है की वाणी को चरित्रार्थ करता है नि:शुल्क जल प्याऊ:मोहम्मद वैस अंसारी

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर।जल ही जीवन है की वाणी को चरित्रार्थ करता है निःशुल्क जल प्याऊ उक्त वक्तव्य सपा के वरिष्ठ नेता मोहम्मद वैस अंसारी ने गोसाईगंज रेलवे स्टेशन पर निःस्वार्थ सेवा समिति द्वारा लगाए गए निःशुल्क जल प्याऊ कैंप के उद्घाटन के बाद व्यक्त किया। मोहम्मद वैस अंसारी ने समिति के प्रबंधक समाजसेवी हनुमान सोनी, अध्यक्ष हेमंत कसौधन तथा सचिव तुलसीराम को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि विगत कई वर्षों से आपकी समिति द्वारा जो मानव कल्याण के पथ पर कार्य किया जा रहा है उसकी जितनी सराहना की जाए कम है। बिना जल के जीवन संभव नहीं है। और इस तपती दुपहरी में तमाम ऐसे गरीब हैं जो खरीद कर पानी पीने में असमर्थ हैं दूसरी तरफ रेलवे स्टेशन के वाटर



कूलर तथा पीने के पानी के सभी संसाधन अस्त व्यस्त हैं। ऐसी स्थिति में उन्हें समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा रेल की बोगी तक पानी पहुंचाने तथा मीठा पहुंचाने जैसे कार्य की जितनी सराहना की जाए कम है। इस अवसर पर सपा नेता विजय बहादुर वर्मा, रईस अहमद, समाजसेवी अमित तिवारी ,राजेश तिवारी, बबलू सोनी गुड्डू सोनी पंचम कसौधन सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## एआरटीओ अयोध्या सहित पांच के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

### सरदार ऑटोमोबाइल मालिक व एआरटीओ राजेश सिंह सहित पांच के खिलाफ कृषक ने ट्रैक्टर बेचने का लगाया है आरोप

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अयोध्या। जिले के इनायत नगर थाना क्षेत्र के अहरन सुवंश गांव निवासी किसान का ट्रैक्टर कूट रचित दस्तावेज तैयार कर तीसरे पक्ष के नाम हस्तांतरित किए जाने के मामले में एआरटीओ अयोध्या सहित कार्यालय के लिपिक एवं सरदार ऑटो मोबाइल्स अयोध्या के प्रोपराइटर सहित पांच लोग बुरे फंस गए हैं। पीड़ित कृषक की तरफ से कोर्ट के आदेश पर इनायत नगर पुलिस ने एआरटीओ अयोध्या राजेश प्रताप सिंह एवं आयशर ट्रैक्टर कंपनी के प्रोपराइटर सरदार गुरुसेवक सिंह और आरटीओ कार्यालय के लिपिक सहित पांच के खिलाफ धोखाधड़ी की गंभीर आपराधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। हालांकि पुलिस अभी मामले में किसी भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इनायतनगर थाना क्षेत्र के अहरन सुबंश गांव निवासी राम बहादुर पुत्र यदुनाथ का आरोप है कि उसके पास आयशर ट्रैक्टर यूपी 42 एफ 9782 था। वह दिल की गंभीर बीमारी से ग्रसित है। दवा इलाज के लिए उन्होंने अपना ट्रैक्टर बेचने का फैसला किया। जिसके लिए उन्होंने सरदार ऑटोमोबाइल के एजेंट गुप्ता से संपर्क किया और वह सरदार ऑटोमोबाइल में जाकर गुरुसेवक सिंह से 2 लाख 25 हजार में सौदा तय किए। सरदार ऑटोमोबाइल द्वारा यह बताया गया कि एक माह में आपको रुपए का भुगतान कर दिया जाएगा। जिससे आप अपना दवाई इलाज कर सकते हैं। महीना तक दौड़ने के बाद उसे पैसा तो नहीं दिया गया, बल्कि परिवहन विभाग अयोध्या में तैनात एआरटीओ राजेश प्रताप सिंह व लिपिक अनुराग सोनकर से साथ गांठ करके फर्जी प्रपत्र बनाया तथा उक्त ट्रैक्टर इश्तियाक नामक किसी व्यक्ति के हांथ बेंच दिया गया।

उपरोक्त मामले में पीड़ित किसान थाने से लेकर जिले के आला अधिकारियों के कार्यालय का चक्कर लगाता रहा, लेकिन कहीं पर उसकी सुनवाई नहीं हुई। अंत में थक हारकर उसने न्यायालय की शरण लिया।

मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत से उपरोक्त मामले में मुकदमा दर्ज किए जाने का आदेश पारित किया गया। जिसके आधार पर इनायत नगर पुलिस ने उप संभागीय अधिकारी राजेश प्रताप सिंह सरदार गुरु सेवक सिंह अनुराग सोनकर इश्तियाक एवं एजेंसी के कर्मी गुप्ता के विरुद्ध धारा 406, 419, 420, 467, 468, 471 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

## जेल के आवासीय परिसर में हनुमान मंदिर में भगवान की प्रतिमा की हुई प्राण प्रतिष्ठा



दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर। जिला कारागार के कर्मचारियों के आवासीय परिसर में नवनिर्मित हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा की गई। पंडित श्री वाचस्पति जी महाराज चित्रकूट व आचार्य पंडित श्री दिनेश तिवारी महाराज काशी द्वारा प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा पूरी कराई गई। मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा के दौरान यजमान की भूमिका में हेड जेल वार्डन चित्रसेन सिंह ने निभाई।जेल परिसर में बने मंदिर में स्थापित किए गए हनुमान जी के दर्शन करने के लिए जेल कर्मचारी एवं उनके परिवार सहित क्षेत्रीय लोग भी पहुंचे। जेल अधीक्षक अंशुमन गर्ग ने कहा कि जेल में रहने वाले कैदियों में एक सकारात्मक ऊर्जा लाने के लिए यह बेहतर साबित होगा। जेलर गिरजा शंकर यादव ने बताया कि विपरीत परिस्थिति में सभी बजरंगबली को याद करते हैं। जेल जैसे स्थान में बजरंगबली की स्थापना होने से नकारात्मक ऊर्जा दूर होगी। आने वाले समय में यहां पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन होंगे। भंडारे का आयोजन भी किया गया। इससे भक्तों को प्रसाद बांटा गया। इस अवसर पर श्रद्धालु उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान उप कारापाल छोटेलाल सरोज व तेजवीर, फार्मासिस्ट अशोक कुमार पांडे, वरिष्ठ सहायक रघुनाथ प्रसाद, कनिष्ठ सहायक विपिन कुमार व अनूप कुमार गौड़,जेल वर्डन विपिन तिवारी, रवि प्रकाश सिंह, योगेश्वर दुबे, पवन कुमार पांडे, राकेश यादव, वीरेंद्र कुमार वर्मा,हेड जेल वर्डन चित्रसेन सिंह के साथ-साथ जिला कारागार के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जिला कारागार में धूमधाम से मनाया गया जेल अधीक्षक अंशुमान गर्ग का जन्मदिन

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकर नगर। जनपद के जिला कारागार में जेल अधीक्षक अंशुमान गर्ग का जन्म दिवस कर्मचारियों द्वारा धूमधाम से मनाया गया।इस उपलक्ष्य में बकायदा केक काटा गया। वहां मौजूद कारागार के अधिकारी एवं स्टाफ ने हैपी बर्थ डे टू यू सुखदीप कहा।जेल अधीक्षक को कारागार के अधिकारियों द्वारा शुभकामनाओं के साथ उपहार भेंट किए और जेल अधीक्षक का आभार जताया। इस दौरान जेल के समस्त अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।





## हाईस्कूल विज्ञान वर्ग की छात्रा का बेहतरीन प्रदर्शन

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

सुलतानपुर। जिले के बल्दीराय क्षेत्र अन्तर्गत चन्द्रशेखर आजाद इण्टरमीडिएट कालेज बद्रीनगर रैंचा की छात्रा वेदिका मिश्रा पुत्री स्वर्गीय रमाकांत मिश्रा निवासी डीह दुआशाह कापुरवा ने हाईस्कूल परीक्षा में 92.67 अंक पाकर जनपद वा क्षेत्र का मान बढ़ाया बिना टियुशन के वेदिका ने अपनी सफलता का श्रेय माता सीमा मिश्रा बाबा ओम प्रकाश मिश्रा (मुंशी) एवं कालेज के गुरूजनों को दिया।

# एंबुलेंस के भ्रष्टाचार का नया खुलासा ऊपर वाले ही करवाते हैं भ्रष्टाचार

## अपने बचने के चक्कर में छोटी मछलियों को खा जाती है बड़ी मछलियां

## प्रोग्राम मैनेजर अमित वर्मा ने अपने ही कम्पनी पर लगाया आरोप 2017 के पहले होता था फर्जी वाड़ा

दैनिक केसरिया हिन्दुस्तान अयोध्या मण्डल ब्यूरो

अम्बेडकरनगर।सरकार लाख दावा करें हम भ्रष्टाचार मुक्त समाज और देश बनायेंगे यही डबल इंजन के सरकार का दावा है परन्तु सरकार का दावा लगभग हर सरकारी विभाग में फेल होता नजर आ रहा है। आज हम ऐसे भ्रष्टाचार को आपके सामने बताने जा रहे हैं जिस पर लोगो की नजर कम पड़ती है और भ्रष्टाचार में सबसे तेज है बताना चाहते है आमजनता की नजर एक चीज पर जरूर जाती होगी पूरे उत्तर प्रदेश में देखा जा सकता है हल्ला मचाती हुई 102 और 108 नम्बर की गाड़ियां यह एक इमरजेंसी सेवा की गाड़ी जिसका नाम है एंबुलेंस और यह मरीजों और दुर्घटना ग्रस्त हुए आमजन को अस्पताल पहुचाने के लिए बलिदान साबित होती है।

परन्तु उत्तर प्रदेश के अम्बेडकर नगर में कार्यरत जी.वी.के कम्पनी मानक की धज्जियां उड़ाकर फर्जी मरीजों को ढोकर अर्थात कहा जाए तो बिना मरीज के खाली गाड़ी दौड़कर प्रतिकेश सरकार से अच्छे पैसे की वसूली करती है। बताना चाहते हैं पिछले दो दिन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसखारी में दो एम्बुलेंस बिना मरीजों के सड़क पर दौड़ते हुए मीडिया की निगाह में आई। खबर चलने के बाद देखा जा रहा है एकाएक रोड पर शोर मचाने वाली एम्बुलेंस गायब हो गई। इस समय कभी कभार कोई एम्बुलेंस रोड पर आ जा रही है। जिलाधिकारी को इस खबर को संज्ञान में लेना चाहिए की वर्षो से लगातार बेतहाशा मरीज को ढोने वाली गाड़ी खबर चलने के बाद कम क्यों हो गयी क्या खबर चलने से मरीजों की संख्या में कमी या मारपीट दुर्घटना में कमी आ जाती है। अगर खबर चलने से ऐसा होता है तो बहुत अच्छी बात है लेकिन यह जांच का विषय है। इसके बारे में जब एम्बुलेंस संचालक के जिले स्तर के अधिकारी विनोद मिश्रा और प्रोग्राम मैनेजर अमित वर्मा से बात की गयी तो सभी ने बसखारी आकर जांच करने की बात करते हैं और बोलते हैं जांच के समय मीडिया भी उपलब्ध रहेगी। लेकिन दो दिन से यह अधिकारी मीडिया को लालीपाप दिखा रहे हैं और अभी तक बसखारी नहीं पहुंचे और अब प्रोग्राम मैनेजर अमित वर्मा कह रहे हैं हमने शासन को रिपोर्ट भेज दिया कार्यवाही होगी। यह बात जब मीडिया उनके आफिस में पहुंचती है तब बताते हैं और फोन पर आने का वादा विनोद मिश्रा बराबर करते हैं कुल मिलाकर कहा जाए यह ज़िले स्तर के बड़े अधिकारी अपना सर बचाने के लिए कर्मचारियों पर कार्यवाही कर सकते हैं जबकि ऐसा अंदेशा लगाया जा रहा है इसमें कहीं न कहीं बड़ा भ्रष्टाचार है। इसका दावा खुद प्रोग्राम मैनेजर अमित वर्मा बात बात में उगल दिए इसकी चर्चा हम अंत में करते हैं।

उससे पहले बताना चाहते हैं जब पहले दिन में एम्बुलेंस मीडिया के चपेट में आयी तो जिला स्तरीय कर्मचारी विनोद मिश्रा द्वारा फोन पर बार बार कहा जाता है आप का कोई काम रहेगा तुरंत होगा किसी के नौकरी के पीछे क्यों पड़े है। अब इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि कहीं न कहीं खाली एम्बुलेंस दौड़ने की जानकारी विनोद मिश्रा को रहता था तभी इतनी बड़ी ग़लती पर अपने कर्मचारी को बचा रहे हैं दाल में कुछ काला लगता है।

यह तो बात विनोद मिश्रा की थी। अब बात कर रहे हैं प्रोग्राम मैनेजर अमित वर्मा से इस पर बात किया गया उनके आफिस में पहुंचकर तो पहले जबाब देने से बच रहे हैं परन्तु कहा गया है सच्चाई बहुत देर तक नहीं छिप सकती है। अमित वर्मा ने बातों बातों में यह बता ही दिया 2017 के पहले भारी मात्रा में स्पैम अर्थात फर्जी वाड़ा होता था यह कोई छोटे कर्मचारी नहीं है कंपनी के एक बहुत बड़े कर्मचारी हैं। अगर इनकी बात को सरकार संज्ञान में ले तो एक जिले में नहीं पूरी कम्पनी पर 2017 के पहले हुए कार्यो का सरकार द्वारा किसी एंजेसी से निष्पक्ष जांच करनी चाहिए।

लेकिन बात यहीं नहीं खत्म होती है अगर 2017 के पहले यह कम्पनी स्पैम अर्थात फर्जी वाड़ा कर सरकार से पैसा वसूल करती थी तो क्या अब नहीं करती होगी। कोई यह बताएं जो वर्षो से देशी घी के साथ रोटी लगातार खाया हो तो क्या वह एकाएक रोटी और नमक से पेट भर लेता होगा यह भी सवालों के घेरे में है। लेकिन किसी भी जांच में छोटे कर्मचारी फंसते हैं।कंपनी के इस बड़े कर्मचारी का बयान पूरे कम्पनी को हिला सकता है।

# राज कान्वेंट स्कूल में वार्षिक अवार्ड सेरेमनी का हुआआयोजन

## राज कान्वेंट स्कूल के द्वारा अपने छात्र-छात्राओं को सम्मानित कर मनाया वार्षिक अवार्ड सेरेमनी

**अशोक सोनी –/* दैनिक केसरिया हिंदुस्तान समाचार**

ग्वालियर-/* राज कॉन्वेंट स्कूल के द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अपने विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के लिए वार्षिक उत्सव अवार्ड का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सोमेंद्र सत्यार्थी प्रिंसिपल शकुंतला स्कूल पंचशील नगर व राजीव द्विवेदी प्रिंसिपल डी ए वी स्कूल डीडी नगर मंच पर उपस्थित रहे अतिथियों के रूप में राज कान्वेंट स्कूल के डायरेक्टर आर एल सिंह एक्स आर्मी मैन एवं प्रिंसिपल देशराज सिंह उपस्थित रहे कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती जी के छायाचित्र पर माल्या अर्पण करने के साथ हुई मंच से बोलते हुए राज कान्वेंट स्कूल की डायरेक्टर ल सिंह एक्स आर्मी मैन के द्वारा वहां पर उपस्थित सभी शिक्षक एवं पालकों का तहे दिल से शुक्रिया अदा किया और बच्चों को प्यार भरे शब्दों से आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित भी किया मंच का संचालन वाइस प्रिंसिपल मोहित दुबे के द्वारा किया गया मंच का संचालन करते हुए मोहित दुबे के द्वारा सभी अतिथियों का स्वागत वंदन अभिनंदन पुष्प हार एवं उपहार देकर स्वागत वंदन किया गया  वार्षिक उत्सव अवार्ड कार्यक्रम में आयुषी कार्तिक सोनी रोहित जरसोनिया नर्सरी एवं एलकेजी यूकेजी के मानव कुमार रक्षा कुशवाहा अश्वनी युवराज श्रुति राठौर बलदेव रुद्रांश कुमार नव्या माहोर। रियानश कुमार अरविंद राठौर अनुष्का कोमल कुमारी दिव्यांश शिल्पकार प्रशांत माहौर कृष्णा सोनी कनिष्का कौरव गुंजन गोस्वामी अशुद्ध प्रताप सिंह खुशी प्रजापति नंदनी राठौर सुहानी पांडे कुणाल गुर्जर तनिष्का रायपुरिया अभय कुमार अंजलि राठौर अक्षत कुमार भारती शर्मा दिव्यांशु बाथम आतिश कुशवाहा प्रशांत माहोर कनिष्का कौरव अंजू खुशी प्रजापति मयंक राठौर अश्विनी दिव्यांशु प्रजापति गौरी सिंह अंजलि राठौर हर्षित गोड तनुष्का राम गोड कृष्णा गोड ज्योति राठौड़ खुशी प्रजापति कुणाल गुर्जर कृष्ण गर्ग चेतन सोनी नीलू प्रशांत काव्या पवन राठौड़ वंश माधवी तनिष्क प्रज्ञा छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी देकर उत्सवर्धन कर आगे कक्षाओं में प्रवेश भी दिया गया कार्यक्रम के समापन पर राज कान्वेंट स्कूल की में कार्यरत शिक्षकों का भी सम्मान किया गया शिक्षक सम्मान पाने वालों में वाइस प्रिंसिपल मोहित दुबे प्रीति शर्मा संजय जयसवार हितेश पाटील वर्षा माहोर का सम्मान किया गया इनके द्वारा ही बच्चों को ज्ञान के माध्यम से ऊंचाइयों पर पहुंचा जा रहा है कार्यक्रम समापन के उपरांत आभार एवं धन्यवाद राज कान्वेंट स्कूल की प्रिंसिपल देशराज सिंह के द्वारा किया गया






# रैली के माध्यम से किया स्वास्थ्य विभाग ने मतदान जागरूकता कार्यक्रम

**दैनिक केसरिया हिंदुस्तान-**

*** समाचार पत्र**

ग्वालियर-/- स्वास्थ्य विभाग द्वारा चले चलाए जा रहे स्वीप मतदान कार्यक्रम ग्वालियर जिले के सी, एम, एच ,ओ, डॉक्टर आर के राजोरिया सर उपस्थित थे जिन्होंने रैली का उद्घाटन हरी झंडी दिखाकर किया एवं जिले के प्रत्येक नागरिक को वोट डालने के लिए प्रेरित किया गया उन्होंने संदेश दिया कि सारे काम छोड़ दो ।सबसे पहले वोट दो ।सात मई। मतदान दिवस। नारे के माध्यम से विभिन्न मार्गो से होते हुए सभी लोगो जागरूक किया। गया।रैली में विभिन्न विभाग से अधिकारी डॉक्टर हेम शंकर शर्मा ग्वालियर डी. सी .एम .श्री एम ,एस, खान श्री आईपी निवारिया टी बी विभाग से श्री राहुल गुप्ता श्री धर्मवीर शुक्ला श्रीमती अनुराधा पाराशर श्री धर्मेंद्र राणा श्री विकास भूरिया डॉक्टर श्रीमती अनुराधा पाराशर श्रीमती नीता शर्मा श्रीमती रेनू शर्मा श्री सुमन दादोरिया श्री यशवंत भार्गव जी आशा कार्यकर्ता गीता सूर्यवंशी ज्योति सोनी शारदा रावत अनीता नागौरी सावित्री सागर रजिया खान उषा शाक्य विमला पवैया रजनी गुप्ता आदि उपस्थिति रही।




# चुनावो में युवाओं की अहम भूमिका

ग्वालियर -/*आगामी लोकसभा चुनाव के निमित्त भारतीय जनता युवा मोर्चा ग्वालियर महानगर की वृहद बैठक भाजपा ग्वालियर संसदीय क्षेत्र के लोकसभा कार्यालय मोदी हाउस में आयोजित की गई

भाजयुमो जिलाध्यक्ष प्रतीक तिवारी ने बताया कि बैठक को संबोधित करते हुए लोकसभा प्रत्याशी भारत सिंह कुशवाह ने कहा की युवा मोर्चा में मंडल अध्यक्ष के रूप में मेरी राजनैतिक यात्रा प्रारंभ हुई युवा मोर्चा पार्टी की रीढ़ है नौजवान में अपार क्षमता है आज पार्टी मोदी जी के 400 पार के लक्ष्य को पूरा करने का स्वप्न युवा साथियों के बल पर ही देख रही है आज यह चुनाव प्रधानमंत्री मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है भाजपा वह पार्टी है जहां काम का पूरा सम्मान होता है भारत सिंह जैसे सामान्य कार्यकर्ता को पार्टी ने विधायक ,मंत्री व लोकसभा का प्रत्याशी बनाना इस बात का प्रमाण है आज युवा मोर्चा को अपनी पूरी क्षमता का उपयोग करके ग्वालियर लोकसभा के प्रत्येक बूथ पर कमल खिलाने का प्रयत्न करना है

बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा के संभागीय प्रभारी विजय दुबे ने कहा कि संगठन सर्वोपरि की युवा मोर्चा का मंत्र बने बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष अभय चौधरी में कहा कि युवा मोर्चा नवमतदाता सम्मेलन युवा चौपाल आदि कार्यक्रमों के माध्यम से युवाओं के बीच में जाए और पार्टी को मजबूत करने में अपनी भूमिका निभाए

**बैठक को विनय जैन ने भी संबोधित किया**

बैठक में जिला महामंत्री विनोद शर्मा,युवा मोर्चा प्रभारी विनय जैन,लोकसभा विस्तारक श्रवण व्यास,दीपक सिंह,विवेक चौहान,हरीश यादव,सचिन पचौरी,राजेंद्र शर्मा,राहुल ढमोले,रोहित भाटिया,राहुल भदौरिया सभी जिला पदाधिकारी,मंडल अध्यक्ष व बड़ी संख्या में नौजवान साथी शामिल हुए



# मतदाताओं को जागरूक करने उटीला पहुँची कलेक्टर




### महिलाओं का किया आह्वान बढ़चढ़कर जाएँ वोट डालने

### नुक्कड़ नाटक, रैली एवं रंगोली व मेहदी प्रतियोगिता के माध्यम से मतदाताओं को किया जागरूक

**ग्वालियर-/***, मतदान के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती रुचिका चौहान शनिवार को ग्राम उटीला पहुँची। इस अवसर पर महिलाओं की बड़ी मौजूदगी में स्वीप के तहत आयोजित हुए कार्यक्रम में उन्होंने सभी को 7 मई को मतदान करने की शपथ दिलाई। साथ ही आह्वान किया महिलाएँ इस बार बढ़चढ़कर और उत्साह के साथ वोट डालने जाएँ। उन्होंने कहा लोकतंत्र में महिलाओं की सहभागिता बढ़ेगी तो मतदान प्रतिशत में निश्चित ही बड़ा इजाफा होगा।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला स्वीप(ग्रामीण) नोडल अधिकारी श्री विवेक कुमार ने पहली बार वोट डालने जा रहे मतदाताओं के साथ संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक, रंगोली व मेहंदी प्रतियोगिता, कविता,और लोक गीतों के माध्यम से जनसमुदाय को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही पहली बार वोट डालने जा रही नव वधुओं को पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया गया। रंगोली और मेंहदी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बालिकाओं को प्रमाण पत्र देकरसम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में रैली निकालकर लोगो को मतदान के प्रति जागरूक किया गया।

इस अवसर पर सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम ग्वालियर ग्रामीण श्री सूर्यकांत त्रिपाठी, विधान सभा स्वीप नोडल अधिकारी डीपीसी श्री रविन्द्र सिंह तोमर, सीईओ जनपद पंचायत मुरार श्री अतुल सक्सेना, बीआरसी मुरार श्री हरिचरण शाक्य, सीएसी मुरार, शिक्षकगण, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका, आशा कार्यकर्ता, सचिव, जीआरएस, बीएलओ और बड़ी संख्या में जनसमुदाय उपस्थित था।, कार्यक्रम का संचालन, सीडीपीओ मुरार श्री सुनील कुमार शर्मा द्वारा किया गया।

# शांतिपूर्ण तरीके से निर्वाचन हुआ संपन्न



### मतदान दलों का वापसी में हुआ स्वागत, स्वरुचि भोज की रही व्यवस्था

अनूपपुर 20 अप्रैल 2024/ लोकसभा निर्वाचन 2024 की संपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुई। निर्वाचन संपन्न कराकर वापस आने पर मतदान दलों का मतदान सामग्री वापसी केन्द्र पॉलिटेक्निक महाविद्यालय अनूपपुर में स्वागत किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा शहडोल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफीसर श्री आशीष वशिष्ठ ने निर्वाचन प्रक्रिया में लगे समस्त अधिकारियों कर्मचारियों के परिश्रम एवं लगन की सराहना की। मतदान दल के अधिकारी-कर्मचारी तथा सुरक्षा बल को सामग्री जमा कराने के बाद सामग्री जमा स्थल के बाहरी प्रांगण में भोजन की व्यवस्था की गई थी, जहां मतदान कराकर लौटे मतदान दल के लोगों ने स्वरुचि भोज किया। मतदान दलों के मतदान कार्मिकों ने जिला प्रशासन द्वारा मतदान केन्द्रों में की गई व्यवस्था तथा सामग्री वितरण, वापसी के प्रबंधन, भोजन, स्वल्पाहार आदि की नायाब व्यवस्था की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा शहडोल संसदीय क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर श्री आशीष वशिष्ठ ने ने अनूपपुर जिले सहित संपूर्ण शहडोल संसदीय क्षेत्र के समस्त मतदाताओं जिन्होंने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है, उनकी सराहना करते हुये कहा कि प्रशासन को आप सभी पर गर्व है। उन्होंने कहा जो लोग इस बार किसी कारणवश मतदान नही कर पाएं वे अगली बार अवश्य मतदान कर अपना कर्तव्य निभाएं और जिन्होंने इस बार मतदान कर जिले का मान बढाया है वे जिम्मेदारी की इस राह में सतत् रूप से आगे बढें और शतप्रतिशत मतदान को प्राप्त कर लोकतंत्र को सशक्त करने में सहयोग करें। उन्होंने जिले के सभी पत्रकारों के कार्य की सराहना करते हुये आभार व्यक्त किया कि आप सभी का सहयोग प्रशासन को मतदाता जागरूकता के अभियान से लेकर शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराने में सतत् रूप से मिला। लोकतंत्र के चतुर्थ स्तंभ की भूमिका सराहनीय रही।

### शांतिपूर्ण ढंग से मतदान कराने के लिए कलेक्टर ने व्यक्त किया आभार

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष वशिष्ठ ने लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए 19 अप्रैल 2024 को अनूपपुर जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र कोतमा, अनूपपुर एवं पुष्पराजगढ़ में शांतिपूर्ण ढंग से मतदान सम्पन्न कराने के लिए निर्वाचन में लगे समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा अनूपपुर जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनें स्ट्रांग रूम में जमा, कक्ष किया गया सील

जिले के समस्त 699 मतदान केन्द्रों की ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनें मतदान दलों से प्राप्त कर सामग्री वापसी केन्द्र पॉलिटेक्निक महाविद्यालय अनूपपुर में विधानसभावार स्ट्रांग रूम में व्यवस्थित रूप से रख, कक्ष को सील किया गया है । समस्त स्ट्रांग रूमों में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था है। साथ ही सीसीटीवी कैमरों के द्वारा निगरानी भी की जा रही है। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 4 जून को प्रातः 08 बजे से मतगणना का कार्य प्रारंभ किया जायेगा।

### प्रेक्षक की उपस्थिति में हुई संवीक्षा

शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय अनूपपुर में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा शहडोल संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक श्री शांतनु गोतमारे की उपस्थिति में शहडोल लोकसभा क्षेत्र के आठों विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचन संबंधी फार्म-17ए एवं अन्य प्रपत्रों की संवीक्षा की गई। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तथा शहडोल संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफीसर श्री आशीष वशिष्ठ एवं अभ्यर्थी/ अभ्यर्थियों के प्रतिनिधि, लोकसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग ऑफिसर उपस्थित थे।

# भगवान महावीर स्वामी के विचार

अम्बाह। एक राजा प्रतिदिन भगवान महावीर के दर्शन करने आता था, लेकिन उसे अपने राजसी धन-वैभव का बहुत अहंकार था। वह जब भी वहां आता तो अपने साथ धन, रत्न-जवाहरात आदि लेकर आता था। राजा के इस वैभव-प्रदर्शन को देखकर भगवान महावीर उससे कहते कि राजन इन्हें गिरा दो। महावीर जी के वचन सुनकर राजा उन रत्नों को वहीं गिरा देता। ऐसा कई दिनों तक चलता रहा तो एक दिन राजा को बहुत क्रोध आया कि वह तो प्रेम और श्रद्धा से महावीर जी के लिए रत्न और कीमती वस्तुएं लेकर आता है और महावीर जी उन्हें स्वीकारने की बजाय हर बार गिरा देने की बात कहते हैं। राजा सोचता कि एक न एक दिन महावीर जी उसके दिए उपहारों को जरूर स्वीकार करेंगे। एक दिन राजा ने अपने मंत्री से इस घटना का जिक्र किया तो मंत्री ने उन्हें महावीर जी को सिर्फ फूल भेंट देने का परामर्श दिया। मंत्री की बात मानकर राजा इस बार भेंट में देने के लिए फूल लेकर गया। लेकिन महावीर जी ने हर बार की तरह राजा से फूल को भी गिरा देने के लिए कहा। यह देखकर राजा निराश होकर लौट आया और सारी बात मंत्री को बताई।

मंत्री ने कुछ सोचते हुए राजा से कहा कि इस बार आप महावीर जी के पास खाली हाथ जाएं। अगले दिन राजा महावीर जी के पास खाली हाथ गया। राजा ने कहा कि आज तो मैं आपके पास खाली हाथ आया हूं।

आज आप मुझसे क्या गिराने को कहेंगे?

महावीर जी ने मुस्कुराते हुए कहा, ''राजन अब स्वयं को गिरा दो।''

यह सुनते ही राजा को ज्ञान हो गया कि महावीर जी उससे उसका अहंकार गिराने की बात कह रहे हैं। राजा ने महावीर स्वामी के सामने क्षमा मांगते हुए अपना अहंकार छोड़ने का प्रण किया।



# रोहित शेट्टी ने शेयर किया 'लेडी सिंघम' दीपिका पादुकोण का धमाकेदार लुक

पिछले काफी दिनों से रोहित शेट्टी की फिल्म %सिंघम अगेन% को लेकर हर कोई काफी उत्सुक है। रोहित पिछले कई दिनों से इस फिल्म के एक्टर्स के लुक शेयर कर रहे हैं। इसी तरह रोहित शेट्टी ने %सिंघम अगेन% में दीपिका पादुकोण का लुक भी शेयर किया है।

रोहित शेट्टी ने दीपिका का लुक इंस्टाग्राम पर शेयर कर कैप्शन में लिखा, 'मेरा हीरोज्रील में भी और रियल में भीज् लेडी सिंघम।' वही गॉगल्स और पुलिस की वर्दी में दीपिका बेहद खूबसूरत लग रही हैं। दीपिका फिलहाल प्रेगनेंट हैं और %सिंघम अगेन% की शूटिंग कर रही हैं। कुछ दिनों पहले सेट पर उनकी तस्वीरें वायरल हुई थीं।


%सिंघम अगेन% की बात करें तो फिल्म में दीपिका पादुकोण नजर आएंगी। वहीं, अजय देवगन फिल्म में एकबार फिर सिंघम के किरदार में नजर आएंगे। इस फिल्म में रणवीर सिंह, अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, दीपिका, करीना कपूर मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। यह फिल्म 15 अगस्त 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## सलमान खान की 'बजरंगी भाईजान' का बनेगा पार्ट 2, मेकर्स ने किया बड़ा ऐलान



बॉलीवुड के दबंग यानी सलमान खान की फिल्म आ रही हो तो दर्शकों में अलग तरह का उत्साह देखने को मिलता है। उनकी फिल्में और सीक्वल हमेशा हिट रहते हैं। सलमान खान की 2015 में आई फिल्म बजरंगी भाईजान ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया था। ये फिल्म सभी को पसंद आई और फिल्म ने सलमान खान के करियर पर काफी असर डाला। इस फिल्म के दूसरे पार्ट की चर्चा पिछले कुछ महीनों से हो रही थी। आखिरकार दर्शकों और सलमान के फैंस को ये खुशखबरी मिल गई। फिल्म बजरंगी भाईजान के दूसरे पार्ट की जानकारी सामने आ गई है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें सलमान खान अपने जीजा आयुष शर्मा की आने वाली फिल्म रुसलान की इवेंट में शिरकत करते नजर आ रहे हैं। विजयेंद्र प्रसाद ने पुष्टि की है कि सलमान की बजरंगी भाईजान का सीक्वल यानी %बजरंगी भाईजान 2% जल्द बनाया जाएगा। इस बारे में एक बड़ी जानकारी शेयर करते हुए उन्होंने कहा कि फिल्म की स्क्रिप्ट तैयार है और समय मिलते ही सलमान खान को कहानी सुनाई जाएगी। इसके बाद ही फिल्म का आगे का काम शुरू होगा। इसके अलावा तेलुगु में राउडी राठौड़ 2 पर भी काम शुरू हो चुका है, जिसकी कहानी भी तैयार है। बजरंगी भाईजान का किरदार सलमान खान के मशहूर किरदारों में से एक है। इस फिल्म में करीना कपूर, हर्षाली मल्होत्रा, नवाजुद्दीन सिद्दिकी जैसे सितारे नजर आये थे। फिल्म ने भारत में 320.34 करोड़ रुपये की कमाई की। इस तरह फिल्म ने दुनियाभर में 700 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया। इस फिल्म का निर्देशन कबीर खान ने किया था। फिल्म के दूसरे पार्ट को लेकर हर कोई उत्सुक था। बजरंगी भाईजान 2 का ऐलान हो चुका है लेकिन फिल्म कब रिलीज होगी, इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है। सलमान अगले साल ईद पर अपनी एक फिल्म जरूर लेकर आएंगे। सलमान खान की फिल्म सिकंदर अगले साल ईद पर रिलीज होगी। एक्टर ने हाल ही में इसकी घोषणा की। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म की शूटिंग मई से शुरू होगी।

## बॉलीवुड एक्ट्रेस आरुषि शर्मा ने गुपचुप रचाई शादी, फोटो वायरल



कुछ दिन पहले बॉलीवुड अभिनेत्री तापसी पन्नू ने बॉयफ्रैंड माथियास से गुपचुप तरीके से शादी कर ली थी। तापसी-मैथियास की शादी काफी चर्चा में रही। इसी तरह एक और बॉलीवुड एक्ट्रेस ने गुपचुप तरीके से शादी कर ली। ये एक्ट्रेस हैं आरुषि शर्मा। आरुषि विभिन्न वेब सीरीज और ओटीटी प्लेटफार्म पर दिखी हैं। जैसे ही आरुषि ने गुपचुप तरीके से शादी की, उनकी शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गई हैं।

आरुषि की शादी ने सभी को सुखद सरप्राइज दिया है। आरुषि ने कास्टिंग डायरेक्टर वैभव विशांत से शादी की है। आरुषि ने कभी अपने रिश्ते के बारे में चर्चा नहीं की और अचानक उनकी शादी की तस्वीरें वायरल होने पर सभी ने उन्हें बधाई दी। आरुषि की शादी में उनके परिवार और करीबी दोस्त शामिल हुए थे। उन्होंने पिंक लहंगा पहना था और उनके पति विशांत ने भी मैचिंग पिंक शेरवानी पहनी थी। आरुषि शर्मा और वैभव की शादी की तस्वीरों पर फैंस जमकर बधाइयां दे रहे हैं।

आरुषि की बात करें तो इम्तियाज अली की फिल्म %लव आजकल% से प्रसिद्धि मिली। इसके बाद आरुषि ने जीतेंद्र कुमार के साथ फिल्म %जादूगर% में काम किया। इस फिल्म में आरुषि का रोल काफी पॉपुलर हुआ था। इसके अलावा आरुषि कुछ दिनों पहले रिलीज हुई वेब सीरीज %काला पानी% में नजर आई थीं।

आरुषि के पति और कास्टिंग डायरेक्टर वैभव विशांत की बात करें तो वह बॉलीवुड के मशहूर कास्टिंग डायरेक्टर हैं। अबतक उन्होंने %बड़े मियां छोटे मियां%, %पीके%, %तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया% और %बदलापुर% जैसी करीब 50 फिल्मों के लिए कास्टिंग का काम किया है। दिलचस्प बात यह है कि वैभव ने वेब सीरीज %काला पानी% के लिए कास्टिंग डायरेक्टर के रूप में भी काम किया था, जिसमें आरुषि ने भी काम किया था। कहा जाता है कि आरुषि और वैभव की केमिस्ट्री यहीं से शुरू हुई और अब वे शादी के बंधन में बंध गए हैं।



## आईपीएल 2024: केएल राहुल, रुतुराज गायकवाड़ पर 12-12 लाख रुपये का जुर्माना






लखनऊ, 20 अप्रैल (हि.स.)। लखनऊ के एकाना क्रिकेट स्टेडियम में शुक्रवार को लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) और चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के बीच खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के 34वें मैच के दौरान धीमी ओवर गति के कारण दोनों टीमों के कप्तानों पर 12-12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

लीग ने शुक्रवार देर रात जारी एक बयान में कहा, ÷लखनऊ के भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ आईपीएल 2024 के 34वें मैच के दौरान उनकी टीम द्वारा धीमी ओवर गति बनाए रखने के बाद लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान केएल राहुल पर जुर्माना लगाया गया है। चूँकि न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित आईपीएल की आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सीज़न का पहला अपराध था, राहुल पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।÷

बयान में आगे कहा गया, ÷चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ पर लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के बाद जुर्माना लगाया गया है। चूँकि न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित आईपीएल की आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सीज़न का पहला अपराध था, गायकवाड़ पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। मैच की बात करें तो इस मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 176 रन बनाए। सीएसके की ओर से रवींद्र जडेजा ने शानदार नाबाद अर्धशतकीय पारी खेली। उन्होंने 40 गेंदों पर 5 चौके और 1 छक्के की बदौलत नाबाद 57 रन बनाए। जडेजा के अलावा अजिंक्या रहाणे ( 24 गेंद 36 रन, 5 चौका 1 छक्का) और मोईन अली (20 गेंद 30 रन, 3 छक्के) ने भी महत्वपूर्ण पारियां खेलीं। अंत में पूर्व कप्तान और विकेटकीपर महेन्द्र सिंह धोनी ने 9 गेंदों पर ताबड़तोड़ 28 रन बनाए, जिसमें तीन चौके और 2 छक्के शामिल थे।

लखनऊ की तरफ से क्रुणाल पांड्या ने 2, मोहसिन खान, यश ठाकुर, रवि बिश्नोई और मार्कस स्टायनिस ने 1-1 विकेट लिया।

## आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने पर टिम डेविड, कीरोन पोलार्ड पर लगा जुर्माना




नई दिल्ली, 20 अप्रैल (हि.स.)। मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज टिम डेविड और बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड पर 18 अप्रैल को पीसीए न्यू इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, मुल्लांपुर में पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए जुर्माना लगाया गया है।

डेविड और पोलार्ड ने आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.20 के तहत लेवल 1 का अपराध किया। डेविड और पोलार्ड पर उनकी मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया। दोनों ने अपराध स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी की मंजूरी स्वीकार कर ली। आचार संहिता के लेवल 1 के उल्लंघन के लिए, मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होता है।

दरअसल इन दोनों खिलाड़ियों पर जुर्माना मैच के एक वायरल वीडियो के बाद आया है। वीडियो में डगआउट में बैठे ये दोनों खिलाड़ी कथित तौर पर सूर्यकुमार यादव को डीआरएस मांगने में अवैध रूप में मदद करते दिख रहे थे।

यह घटना मुंबई की पारी के 15वें ओवर में घटी। अर्शदीप सिंह की गेंद ऑफ स्टम्प के बाहर थी और ट्रामलाइन के बहुत करीब थी। तब 47 गेंदों में 67 रन पर खेल रहे सूर्यकुमार ने इस गेंद पर शॉट लगाने की कोशिश की। अंपायर ने इसे वैध डिलीवरी माना। हालाँकि, कैमरे ने ध्यान एमआई डगआउट की ओर स्थानांतरित कर दिया, जहां मुख्य कोच मार्क बाउचर को सूर्यकुमार को इशारा करते हुए देखा गया कि यह वाइड है और बल्लेबाजी कोच कीरोन पोलार्ड के साथ टिम डेविड को बल्लेबाज से रिव्यू लेने का आग्रह करते देखा गया।

## सामूहिक दुष्कर्म, हत्या जैसे अपराध में संलिप्त कुल 04 अपराधियों के विरुद्ध

### गैंगेस्टर एक्ट की कार्यवाही

सीतापुर । पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र द्वारा जनपद में अपराधों की रोकथाम व नियंत्रण हेतु अपराधियों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है।

उक्त निर्देश के क्रम में क्षेत्राधिकारी लहरपुर सुशील यादव के निकट पर्यवेक्षण में थाना मानपुर पुलिस द्वारा दुष्कर्म, हत्या आदि जैसे आपराधिक कृत्यों में लिप्त कुल 04 अभ्यस्त अपराधियों 1. मोमीन पुत्र स्व0 इकरार खाँ निवासी ग्राम गुलजारपुरवा थाना मानपुर जनपद सीतापुर 2.सदस्य- कफील खाँ पुत्र समीम खाँ निवासी ग्राम गुलजारपुरवा थाना मानपुर जनपद सीतापुर 4. राधेलाल उर्फ सन्तू पुत्र कालिका नि0ग्रा0 शिवथाना थाना मानपुर जिला सीतापुर 5. रहमतुन पत्नी स्व0 शफीक नि0ग्रा0 शिवथाना थाना मानपुर जिला सीतापुर के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही की गयी है। अभियुक्तगण मोमीन व कफील उपरोक्त शातिर एवं अभ्यस्त किस्म के अपराधी हैं जिनके द्वारा सामूहिक दुष्कर्म जैसे अपराध के संबंध में थाना मानपुर पर अभियोग पंजीकृत है। अभियुक्तगण के विरूद्ध गैंग चार्ट अनुमोदित कराकर मु0अ0सं0 121/24 धारा 2/3 उ0प्र0 गैंगेस्टर अधिनियम पंजीकृत किया गया है एवं अभियुक्तगण राधेलाल व रहमतुन उपरोक्त हत्या जैसे अपराध में लिप्त रहे है जिनके विरुद्ध गैंग चार्ट अनुमोदित कराकर मु0अ0सं0 122/24 धारा 2/3 यूपी गैंगेस्टर एक्ट पंजीकृत किया गया है। सभी अभियुक्त वर्तमान में जिला कारागार में निरुद्ध हैं। अपराधियों द्वारा अपराध से अर्जित सम्पत्ति के सम्बन्ध में सूचना/साक्ष्य संकलित कर जब्तीकरण की कार्यवाही की जायेगी।

## 'मजदूरों, मज़लूमो की सशक्त आवाज़ थे गया प्रसाद भूषण' वृंदारकनाथ मिश्र

बिसवां सीतापुर - वरिष्ठ समाजसेवी, लोकतंत्र सेनानी, श्रमिक नेता गया प्रसाद भूषण की तृतीय पुण्यतिथि पर

साहित्य सृजन संस्थान द्वारा स्थापित सृजन पुस्तकालय में याद कर गोष्ठी हुई। उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। उनकी स्मृतियों पर प्रकाश डाला गया। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए शिक्षाविद वृन्दारकनाथ मिश्र ने कहा भूषण जी शोषित पीड़ित वंचित वर्ग की एक सशक्त आवाज़ थे। वरिष्ठ समाजसेवी गंगा स्वरूप मिश्र ने कहा कि गया प्रसाद भूषण को किसी सांचे मे बांध कर नही रखा जा सकता। उन्होंने श्रमिकों के हितो की रक्षा के लिए आपातकाल का विरोध कर जेल गये। हमारे लोकतंत्र संविधान की रक्षा की। शिक्षक राकेश शुक्ल ने कहा गया प्रसाद भूषण के व्यक्तितव् से हमे समाज़ सेवा करने की प्रेरणा मिलती हैं। रामचंद्र वर्मा ने कहा कि भूषण जी ने समाज़ मे किसी भी वर्ग के साथ हो रहे अन्याय का मुखर होकर विरोध किया।

अधिवक्ता आनंद मेहरोत्रा ने कहा निःस्वार्थ भाव से शोषित वंचित लोगो की सेवा करनी चाहिए। अधिवक्ता मनोज गुप्ता ने कहा स्व भूषण एक महान व्यक्तितव् थे। पवन कुमार मिश्र ने कहा कोरोना काल मे अपनी सम्मान राशि दान कर गरीबो को राशन देकर जनसरोकार निभाए। गोष्ठी का संचालन संदीप मिश्र सरस ने किया ।ब्रज भूषण पाण्डेय ने आभार एवं धन्यवाद किया।इस अवसर पर आफ़ताब अहमद,विकास अवस्थी,दिनेश वर्मा,विशाल वर्मा,उपस्थिति रहे।

## रविवार अवकाश के दिन भी समस्त राजकीय क्रय केन्द्र खोले जाने के निर्देश दिये गये

सीतापुर । जिलाधिकारी अनुज सिंह ने बताया कि आयुक्त खाद्य तथा रसद विभाग उ0प्र0 जवाहर भवन लखनऊ के कार्यालय पत्रांक दिनांक-18.04.2024 द्वारा गेहूं फसल की कटाई तेजी से होने तथा मण्डियों में नये गेहूं की पर्याप्त आवक होने के दृष्टिगत क्रय लक्ष्य के अनुरूप गेहूं खरीद में प्रगति लाये जाने एवं अधिकाधिक किसानों को समर्थन मूल्य का लाभ प्रदान करने हेतु रविवार अवकाश के दिन भी समस्त राजकीय क्रय केन्द्र खोले जाने के निर्देश दिये गये है।

उन्होंने उक्त के क्रम में निर्देशित किया है कि रविवार अवकाश के दिन भी जनपद के समस्त राजकीय क्रय केन्द्र संचालित करते हुये कृषकों से गेहूं क्रय किया जाए तथा भारतीय खाद्य निगम के डिपो में गेहूं की डिलीवरी करायी जाए। यह आदेश तत्काल प्रभावी होगा।